CMYK

दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

वर्ष : 10 अंक : 347 | ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 | जयपुर, रविवार 11 जनवरी, 2026 | ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 | मूल्य : 2.00 रुपए | पृष्ठ : 8+st

# कांस्टेबलों को सिफारिश से नहीं बल्कि उनकी योग्यता से मिली है नौकरी, प्रदेश में कानून व्यवस्था में हुआ अच्छा सुधार : शाह

## राजस्थान पुलिस अकादमी में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने नवनियुक्त 9000 कांस्टेबलों को नियुक्ति पत्र दिए और प्रदेश की भजनलाल सरकार के कार्यों की प्रशंसा भी की

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को राजधानी जयपुर में राजस्थान पुलिस अकादमी में आयोजित एक कार्यक्रम में नवनियुक्त 9000 कांस्टेबल को नियुक्ति पत्र दिए और कहा कि इन कांस्टेबल को नौकरी उनकी योग्यता से मिली है किसी की सिफारिश से नहीं उन्होंने कहा कि कोई राज्य तभी आगे आ सकता है जब नियुक्ति पारदर्शिता से की हो केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि यह दिन राजस्थान पुलिस और कानून व्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इतने बड़े पैमाने पर नए जवान पुलिस बल से जुड़ रहे हैं नियुक्ति पाने वालों में 2500 से अधिक महिलाएं शामिल हैं उन्होंने कहा की भर्ती प्रक्रिया बिना सिफारिश और बिना खर्च के पूर्ण पारदर्शिता के साथ टेक्नोलॉजी आधारित तरीके से पूरी की गई है केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि पारदर्शी भर्ती किस राज्य की प्रगति का आधार होती है और भजनलाल सरकार ने पेपर लीक की समस्या खत्म करते हुए भर्ती प्रक्रिया को निष्पक्ष बनाया उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण पूरा करने के बाद यह बैच भारतीय न्याय संहिता के लागू होने के बाद राजस्थान पुलिस में शामिल होने वाला पहला बैच होगा द्य उन्होंने कहा की नई न्याय संहिता से पुलिस, अभियोजन, जेल,एफएसएल, और अदालत पांच स्तंभ तकनीक से जुड़े हैं और इससे नागरिकों को तेजी से न्याय मिलेगा अमित शाह ने दावा किया कि राजस्थान में कानून व्यवस्था में सुधार हुआ है और गंभीर अपराधों में कमी आई है उन्होंने कहा कि अपराधों में कमी से निवेश का माहौल बेहतर हुआ है और राजस्थान भविष्य में निवेश का बड़ा केंद्र बन सकता है अमित शाह ने कहा कि राजस्थान पुलिस देश की सबसे चुनौती पूर्ण पुलिस फोर्स में से एक है एक और अंतरराष्ट्रीय सीमा दूसरी ओर चंबल क्षेत्र इसके अलावा अजमेर शरीफ, नाथद्वारा उदयपुर चित्तौड़गढ़ जैसे विश्व प्रसिद्ध धार्मिक और पर्यटन स्थल दुर्गा और अभयारण्य इन सभी की सुरक्षा पुलिस की जिम्मेदारी है जिससे चुनौतियां कई गुना ज्यादा बढ़ गई हैं अमित शाह ने नवनियुक्त कांस्टेबल को प्रशिक्षण के दौरान पूरी निष्ठा से तैयारी करने और सुरक्षित राजस्थान के संकल्प को पूरा करने का आवाहन किया ।



### हमारी सरकार हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रही, धारा 370 हटाकर अमित शाह ने ऐतिहासिक कार्य किया: भजनलाल शर्मा

राजस्थान पुलिस अकादमी में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान में 2023 के मुकाबले अपराध में तेजी से कमी आई है हमारी सरकार हर दिशा में और हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रही है राजस्थान पुलिस ने शानदार काम किया है कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भारत सरकार की तर्ज पर प्रदेश में ₹4C का गठन करने की बात कही मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का आभार जताया और कहा कि आपने जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 को हटाकर ऐतिहासिक कार्य किया आपके और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश उन्नति की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है आज आपके द्वारा यहां नव चयनित कांस्टेबल को नियुक्त पत्र दिया जाना हमेशा हमेशा यादगार रहेगा ।मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि देश से नक्सलवाद लगातार खत्म होता जा रहा है साइबर अपराध पर नकेल कसने के लिए बेहतर पुलिसिंग की जा रही है ऑपरेशन साइबर चला कर अपराधों में लगातार कमी आ रही है हमारी डबल इंजन की सरकार विकसित राजस्थान विकसित भारत के संकल्प को पूरा कर रही है । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि आज कांस्टेबलों को नियुक्ति पत्र सौपे जा रहे हैं और यह केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के हाथों मिलना सोने पर सुहागा है उन्होंने कहा कि औपनिवेशिक कानून समाप्त हो चुके हैं और देश में तीन नए आपराधिक कानून लागू हो चुके हैं जिससे न्याय व्यवस्था में पारदर्शिता आई है और पीड़ित को त्वरित न्याय संभव हुआ है कार्यक्रम में मल्टीपरपज हाल का वर्चुअल उद्घाटन भी हुआ और चुरू जिले के रतन नगर पुलिस थाने को सम्मानित किया गया । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारी डबल इंजन की सरकार केंद्र की मोदी सरकार के मार्गदर्शन और सहयोग से विकसित राजस्थान और विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रही है और हमारी सरकार भविष्य की सोच के आधार पर वर्तमान में योजनाएं तैयार करके उनका सफल क्रियान्वयन भी करवा रही हैं उन्होंने कहा कि राजस्थान में कानून व्यवस्था काफी मजबूत हुई है इसलिए देश और विदेश के निवेशक राजस्थान में निवेश के लिए अपनी रुचि दिखा रहे हैं जिसके अच्छे परिणाम सामने आ रहे हैं और राजस्थान में निवेश का एक अच्छा माहौल बनने लगा है उन्होंने कहा कि हमने पिछले दो साल में राजस्थान के किसान मजदूर महिला और निर्धन वर्ग के कल्याण को प्राथमिकता मानते हुए योजनाएं तैयार की हैं पिछले 2 साल में पानी सड़क चिकित्सा शिक्षा बिजली रोजगार कानून व्यवस्था खेती इत्यादि सभी में प्रदेश ने तेजी से विकास किया है उन्होंने कहा कि हमारी सरकार केंद्र की मोदी सरकार के उस विजन के आधार पर कार्य कर रही है जिसमें अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके।

## अमित शाह ने जोधपुर में माहेश्वरी समाज की जमकर प्रशंसा की और कहा देश के विकास में अग्रणी भूमिका निभाई

### कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला और केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत भी रहे मौजूद




जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को जोधपुर में अखिल भारतीय माहेश्वरी समाज के अधिवेशन को संबोधित करते हुए माहेश्वरी समाज के योगदान की जमकर प्रशंसा की उन्होंने माहेश्वरी समाज के लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मैं आज ऐसे समाज के सामने खड़ा हूं जिसे सिर्फ आज नहीं बल्कि सदियों से इस देश को देने का ही काम किया है । अमित साहनी कहा कि माहेश्वरी समाज से निकले रत्न ने भारत को आभूषणों से सजे व्यक्ति की तरह चमकने का काम किया है, देश और विदेश में बड़े पदों पर होने विशाल उद्योगों और व्यवसायियों से जुड़े होने के बावजूद माहेश्वरी समाज अपने जड़ों से जुड़ा रहा है उन्होंने कहा कि यह शायद इकलौता ऐसा समाज है जो अपने मूल से कभी अलग नहीं हुआ केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि जब मुगलों के खिलाफ युद्ध हुए तब राजा और महाराजाओं ने खजाने की जिम्मेदारी माहेश्वरी समाज ने निभाई अंग्रेजों के खिलाफ स्वतंत्रता संग्राम में महात्मा गांधी के आंदोलन का पूरा खर्च उठाने में भी महेश्वरी समाज की बड़ी भूमिका रही भले ही इसका कोई लिखित लेखा-जोखा उपलब्ध नहीं हो लेकिन पूरी दुनिया इस योगदान को जानती है उन्होंने कहा कि आजादी के बाद देश को आत्मनिर्भर बनाने उद्योगों को आगे बढ़ाने उत्पादन व्यापार टेक्नोलॉजी और मैन्युफैक्चरिंग हर क्षेत्र में माहेश्वरी समाज ने अग्रणी भूमिका निभाई है अमित शाह ने गुजरात की एक प्रसिद्ध कहावत का उल्लेख करते हुए कहा कि जहां बजरंग लाल जी नहीं पहुंचे वहां रेलगाड़ी पहुंच जाती है यह कहावत मारवाड़ के लोगों पर सटीक बैठती है उन्होंने कहा कि माहेश्वरी समाज ने राजस्थान भारत और भारतीय संस्कृति को जीवित रखने का कार्य किया है उन्होंने सामाजिक आयोजनों पर होने वाली आलोचनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि वह मानते हैं कि समाज का संरक्षण और ऐसे महाकुंभ भारत को मजबूत करते हैं यदि हर समाज अपने समाज के सबसे गरीब व्यक्ति की जिम्मेदारी उठा ले तो पूरा समाज आत्मनिर्भर बन सकता है

### 135 वर्ष पूरे होने पर डाक टिकट जारी होने का जिक्र

अमित शाह ने कहा कि माहेश्वरी समाज के 135 वर्ष पूरे होने पर भारत सरकार की ओर से डाक टिकट जारी किया गया है समाज की ओर से जरूरतमंदों को सम्मानजनक जीवन, आवास और अवसर देने की परंपरा को उन्होंने समाज के डीएनए का प्रतिबिंब बताया ।

### अमित शाह ने आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी भाषा पर जोर दिया

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प का उल्लेख करते हुए कहा कि उत्पादन के साथ-साथ उन वस्तुओं का निर्माण भी शुरू करना होगा जो अभी भारत में नहीं बनती हैं उन्होंने स्वदेशी अपनाने का आवाहन करते हुए कहा कि अपने देश में बनी वस्तुओं का उपयोग और व्यापार करना आत्मनिर्भरता का प्रमुख आधार है भाषा के विषय में उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे वैश्विक मंच के लिए जितनी भाषण सीखनी हो सीखें लेकिन घर में बच्चों से मारवाड़ी और हिंदी में बात जरूर करें क्योंकि भाषा ही संस्कृति और इतिहास को आगे लेकर जाती है।

### भारत की बढ़ रही आर्थिक शक्ति का किया उल्लेख

अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत 11वीं अर्थव्यवस्था से चौथे स्थान पर पहुंच चुका है और शीघ्र ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा डिजिटल ट्रांजेक्शन स्टार्टअप दवा उत्पादन ऑटोमोबाइल और मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियां का उल्लेख करते हुए उन्होंने युवाओं से आगे बढ़ने का आवाहन किया ।

### राम मंदिर और सांस्कृतिक पुनर्जागरण में योगदान

अमित शाह ने राम मंदिर निर्माण का उल्लेख करते हुए कहा कि 550 वर्षों के संघर्ष के बाद प्रभु श्री राम भव्य मंदिर में विराजमान हुए राम जन्मभूमि पर स्वतंत्रता के बाद सबसे पहले लिखने वाले लेखकों में भी महेश्वरी समाज के लोग रहे हैं जो समाज के सांस्कृतिक योगदान को दर्शाता है अमित शाह ने कहा कि माहेश्वरी समाज ऐसा समाज है जिसके हाथ में तलवार भी शोभा देती है और तराजू भी उन्होंने युवाओं से आवाहन किया कि वह संगठित होकर अपनी शक्ति को भारत माता के वैभव और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में लगाए।

# मुख्यमंत्री आवास पर अमित शाह की भजनलाल से मुलाकात, प्रदेश के विकास और पार्टी के संगठन को लेकर हुई चर्चा

### केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल से भी भजनलाल शर्मा ने की मुलाकात

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को जयपुर में मुख्यमंत्री आवास पर भजन लाल शर्मा से मुलाकात की मुख्यमंत्री आवास पर भजनलाल शर्मा ने अमित शाह का शानदार तरीके से वेलकम किया दोनों नेताओं के बीच प्रदेश के विकास को लेकर गहनता से चर्चा हुई बातचीत के दौरान भजनलाल शर्मा ने पिछले दो साल में सरकार की ओर से विभिन्न क्षेत्रों में किए गए कार्यों के बारे में मोटे रूप से जानकारी दी और सरकार की ओर से आने वाले सालों में उठाए जाने वाले कदमों और योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी बातचीत के दौरान दोनों नेताओं के बीच राजस्थान भाजपा के संगठन को लेकर भी चर्चा हुई हालांकि दोनों नेताओं के बीच हुई इस महत्वपूर्ण बातचीत के बाद एक बार फिर से मंत्रिमंडल विस्तार और फेरबदल की चर्चाओं के बाजार गर्म है लेकिन जिस तरह से 28 जनवरी से राजस्थान विधानसभा का बजट सत्र शुरू होने वाला है ऐसे में यह चर्चाएं सिर्फ चर्चा बनकर ही रह सकती है क्योंकि ऐसा लगता नहीं है कि 28 जनवरी से पहले राजस्थान मंत्रिमंडल में फेरबदल या विस्तार किया जा सकता है फिर भी अमित शाह और भजनलाल शर्मा के बीच हुई इस मुलाकात को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है जानकारी के अनुसार आगामी फरवरी के पहले सप्ताह में राजस्थान सरकार की ओर से बजट भी प्रस्तुत किया जा रहा है इसलिए आगामी बजट को लेकर भी दोनों नेताओं के बीच बातचीत होने की बात कही जा रही है इसके अलावा प्रदेश में पंचायत राज और नगर निकाय के चुनाव को लेकर भी बातचीत होने की बात कही जा रही है तथा कांग्रेस पार्टी की ओर से जिस तरह से अभी हाल ही में मनरेगा अरावली पर्वतमाला वोट चोरी जैसे मुद्दों को लेकर प्रदेश भर में बड़े स्तर पर आंदोलन करने की रणनीति तैयार की जा रही है इसके परिपेक्ष में भी दोनों नेताओं के बीच बातचीत हुई है और भजनलाल शर्मा ने बातचीत के दौरान बताया है कि विकसित भारत की राम जी योजना की जानकारी प्रदेश के हर परिवार तक पहुंचाने के लिए सरकार की ओर से व्यापक कार्य योजना तैयार कर ली गई है और जिलों के सभी प्रभारी मंत्रियों को ग्रामीण चौपाल का आयोजन करके अपने-अपने जिलों में विकसित भारत की राम जी योजना के बारे में ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बारीकी से जानकारी उपलब्ध करवाने को कहा गया है इसके अलावा प्रदेश भाजपा संगठन से जुड़े छोटे-बड़े सभी नेता इस योजना का बेहतर तरीके से प्रचार प्रचार करने और ग्रामीणों को गहनता से जानकारी उपलब्ध करवाने की दिशा में कार्य कर रहे हैं अमित शाह ने पिछले 2 साल में प्रदेश में सरकार की ओर से किए गए कार्यों को लेकर भजनलाल शर्मा को शाबाशी दी है और इसी तरह से आगे भी कार्य करने के लिए मुख्यमंत्री शर्मा का अमित शाह ने उत्साहवर्धन किया है बातचीत के दौरान भजनलाल शर्मा ने राइजिंग राजस्थान और प्रवासी राजस्थान जैसे समारोह के बारे में भी विस्तार से बातचीत करके प्रदेश में अभी जो निवेश का माहौल बना हुआ है उसके बारे में भी विस्तार से जानकारी दी है ।




### केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल से भी मुख्यमंत्री शर्मा ने की मुलाकात

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल का भी मुख्यमंत्री आवास पर शानदार स्वागत किया मुख्यमंत्री शर्मा और गोयल के बीच भी मुख्यमंत्री आवास पर काफी देर तक बातचीत हुई गोयल भारतीय जनता पार्टी के काफी वरिष्ठ नेता हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह दोनों के विश्वासपात्र नेता हैं गोयल वर्तमान में उपभोक्ता खाद्य और आपूर्ति विभाग की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं इसलिए राजस्थान में खाद्य और आपूर्ति विभाग से जुड़े विषयों को लेकर दोनों नेताओं के बीच बातचीत हुई है राजस्थान में बड़ी संख्या में खाद्य सूची से समर्थ लोगों के नाम हटाए गए हैं एक अभियान के तहत पूरे प्रदेश भर में लाखों की संख्या में समृद्ध लोगों के नाम हटाए गए हैं इसके बारे में मुख्यमंत्री शर्मा ने गोयल को विस्तार से आंकड़े प्रस्तुत किया और यह बताया कि राजस्थान सरकार सिर्फ गरीब वंचित और जरूरतमंद लोगों के लिए ही खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाने की दिशा में ईमानदारी से कार्य कर रही है और पिछली कांग्रेस पार्टी के सरकार में जिस तरह से इस योजना में व्यापक पैमाने पर गड़बड़ी हुई थी उन सभी गड़बड़ियों को दूर कर लिया गया है राजस्थान में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के कार्य प्रणाली और कार्यों से केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल बातचीत के दौरान काफी प्रभावित और संतुष्ट दिखे

## दिल्ली में बजट को लेकर दिया कुमारी की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से चर्चा





जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** उप मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री दिया कुमारी ने रविवार को दिल्ली में आगामी बजट की रूपरेखा तैयार करने को लेकर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से आवश्यक चर्चा की वित्त मंत्री होने के नाते दिया कुमारी की कोशिश है कि केंद्र सरकार की ओर से राजस्थान को समुचित आर्थिक सहयोग और सहायता मिले ताकि राजस्थान और तेज गति से विकास कार्यों को गति दे सके आने वाले समय में राजस्थान में बाड़मेर की रिफाइनरी शुरू होने जा रही है चालू जनवरी के महीने में ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों रिफाइनरी का उद्घाटन करवाने की बात की जा रही है पिछले दिनों भजनलाल सरकार की कैबिनेट की बैठक में रिफाइनरी की लागत की खर्च राशि को बढ़ाए जाने का निर्णय भी लिया गया था इसके अलावा ईआरसीपी योजना का काम भी तेजी से संपादित किया जा रहा है इसके अलावा सौर ऊर्जा के क्षेत्र में भी सरकार तेजी से काम कर रही है प्रदेश में ऐसी अनेक योजनाएं हैं जिनमें सरकार का काफी पैसा खर्च होने वाला है ऐसे में बजट का आकार और स्वरूप में वृद्धि किए जाने जैसे महत्वपूर्ण विषय पर दिया कुमारी ने वित्त मंत्री से बातचीत की है उल्लेखनीय है कि आगामी 28 जनवरी से राजस्थान विधानसभा का बजट सत्र शुरू होने वाला है और आगामी फरवरी के पहले सप्ताह में बजट सदन में पेश होने की बात कही जा रही है इसलिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी दोनों ही बजट की रूपरेखा तैयार करने के लिए जोर-जोर से विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोगों से संवाद कर रहे हैं पार्टी की विधायक को और संगठन से जुड़े नेताओं से भी बजट के बारे में आवश्यक सलाह ले रहे हैं तथा राजस्थान के जो अधिकारी आपसे पहले बजट बनाने में माहिर माने जाते हैं उनसे भी मुख्यमंत्री शर्मा बजट को लेकर चर्चा कर रहे हैं इसके अलावा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी की पूरी जोर कोशिश है कि केंद्र सरकार राजस्थान को विशेष आर्थिक सहायता राशि भी उपलब्ध करवाए

# ठंड से कांपा राजस्थान, कई जिलों में कोहरा छाया, मौसम विभाग ने जारी किया ऑरेंज अलर्ट

जयपुर टाइम्स

**जयपुर (कासं.)।** प्रदेश में कड़ाके की ठंड और शीतलहर का असर लगातार बढ़ता जा रहा है। बीते 24 घंटे में हल्की बारिश और अति घने कोहरे ने मौसम को और ज्यादा सख्त कर दिया है। मौसम विभाग ने राजस्थान समेत तीन राज्यों में कोहरे को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जबकि कई जिलों में कोल्ड डे की स्थिति बन सकती है। दृश्यता में कमी और तापमान में गिरावट के चलते लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। मौसम विभाग के ताजा पूर्वानुमान के अनुसार शनिवार (10 जनवरी) को पश्चिमी और पूर्वी राजस्थान के साथ-साथ पश्चिमी उत्तरप्रदेश और बिहार में घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। इससे दृश्यता प्रभावित हो सकती है और ठंड का असर और बढ़ेगा। राज्य में सबसे अधिक 5 मिलीमीटर बारिश झुंझुनू में दर्ज की गई। इस दौरान अधिकतम तापमान जवाई बांध (पाली) में 24.4 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि न्यूनतम तापमान जैसलमेर में 4.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार आगामी एक सप्ताह तक राज्य में मौसम शुष्क बना रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने कई जिलों में कोल्ड डे की आशंका को देखते हुए चेतावनी जारी की है। अलवर, भरतपुर, बूंदी, दौसा, डीग, धौलपुर, जयपुर, झुंझुनूं, करौली, खैरथल-तिजारा, कोटा, कोचपुतली-बहरोड़, सवाई माधोपुर, टोंक, चूरू और डीडवाना-कुचामन जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं श्रीगंगानगर, फलोदी, नागौर, जैसलमेर, हनुमानगढ़, बीकानेर, प्रतापगढ़, झालावाड़, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, बारां और अजमेर जिलों में येलो अलर्ट लागू किया गया है। मौसम विभाग ने लोगों को ठंड और कोहरे को देखते हुए सतर्क रहने की सलाह दी है।



CMYK

## मासिक एकादशी श्री श्याम संकीर्तन 13 फ़रवरी को

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** श्री श्याम मोरछड़ी मित्र मंडल शालीमार अलवर की ओर से 13 फरवरी कृष्ण पक्ष की एकादशी को प्रथम श्री श्याम संकीर्तन आयोजित होगा। वहीं मंडल के अध्यक्ष भानु प्रकाश सैन ने बताया कि हर माह की शुक्ल पक्ष की एकादशी को सभी शालीमार वासियों और सभी श्याम प्रेमियों के सहयोग से 13 फरवरी से कृष्ण पक्ष की मासिक एकादशी को प्रथम श्री श्याम संकीर्तन श्री राम मंदिर प्रांगण अपनाघर शालीमार 30 बीघा में आयोजित होने जा रहा है। श्री श्याम संकीर्तन में अलवर से भाई महेंद्र अमन, कमल कान्हा सुखवानी बाबा को मीठे मीठे भजनों से रिझायेंगे। वही खाटू नरेश बाबा श्याम की 56 भोग की झांकी सजाई जाएगी व इत्र वर्षा, पुष्प वर्षा ,आलौकिक श्रंगार किया जाएगा।

## सेवानिवृत पुलिस कर्मियों द्वारा सर्दी में जरूरतमंद लोगों एवं असहाय लोगो को बांटे कंबल



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** राजस्थान सेवानिवृत पुलिस कल्याण संस्था जिला अलवर के जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार शर्मा ने बताया कि संस्था द्वारा आपसी सहयोग से सहयोग राशि एकत्रित की गई संगठन के निम्न पदाधिकारी एवं सदस्यों द्वारा बढ़-चढ़कर सहयोग किया गया। सुनील दानोदिया, सुखबीर सिंह सोलंकी, नर्मदा शंकर, बृज किशोर, धन्नालाल, अभय सिंह, रामकिशन, ओमदत्त तिवारी, पून्या राम, सुरेंद्र सिंह, भीम सिंह, मुखराम जाट, श्याम सिंह राणा, बिहारी लाल, हीरालाल, मूलचंद यादव, अरुण सिंह, राजेंद्र शर्मा, रूप सिंह चेची, सुमित्रा, लक्ष्मी चौहान, जगदीश प्रसाद, दामोदर, नेमीचंद, राजेंद्र, रामलाल मीणा, अशोक यादव, मन्नू राम, राजपाल, संदीप सोनी, मुबीन खान, महेश चंद शर्मा, बाबूलाल, ताराचंद, श्रीराम मीणा, सुरेश फोगाट, मनोज शर्मा, महेश चंद, बलदेव, रमेश, द्वारका प्रसाद, डॉ मनोज, सुरेंद्र कौर, जगमोहन, देवकीनंदन, महावीर, दिलीप कुमार आदि। शहर के क्षेत्र कंट्रोल रूम, सूचना केंद्र, कंपनीबाग, मालवीय नगर, नयाबास, टेल्को चौराहा, रेल्वे स्टेशन आदि स्थानों पर पहुंचकर श्री दामोदर संगठन संरक्षक की अध्यक्षता में कंबल वितरित किए गए। इस कंबल वितरण कार्यक्रम के मौके पर जगदीश, पुरुषोत्तम, राजेंद्र शर्मा, मन्नू राम, दिलीप कुमार, धन्ना लाल, प्रभु दयाल, पून्या राम, ब्रजकिशोर, रूप सिंह चेची, संदीप सोनी, द्वारका प्रसाद आदि मौजूद रहे।

## नव वर्ष, लोहड़ी, मकर संक्रान्ति के अवसर पर कढ़ी कचोरी का प्रसाद वितरण आज

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** हर वर्ष की भाति इस वर्ष भी श्री श्याम नवयुवक मंडल विवेकानन्द चौक अलवर की ओर से 11 जनवरी, रविवार को नव वर्ष, लोहड़ी, मकर संक्रान्ति के पावन अवसर पर कढ़ी कचोरी के प्रसाद का वितरण किया जाएगा। मंडल के प्रवक्ता जितेंद्र सेतिया ने बताया कि बाबा श्याम की कृपा और मंडल के सभी सदस्यों के सहयोग से हर वर्ष की भाति इस वर्ष भी श्री श्याम नवयुवक मंडल विवेकानन्द चौक अलवर के तत्वाधवान में 11 जनवरी, वार रविवार को नववर्ष, लोहड़ी, मकर संक्रान्ति के पावन पर्व पर्व अशोका टाकीज विवेकानन्द चौक पर बाबा श्याम को भोग लगाकर सुबह 10:15 बजे से बाबा इच्छा तक कढ़ी कचोरी के प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

## ग्रामीणों ने श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान कथा का लिया आनंद

### 16 जनवरी को होगा भंडारे का आयोजन

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** समीपवर्ती विराटनगर के गांव पापड़ी में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान कथा का शुभारंभ श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ हुआ। आयोजन से पूर्व में कलश यात्रा निकाली गई। जिसमे गांव की सभी महिलाओं ने कलश यात्रा में भाग लिया। यात्रा में गांव के गणमान्य लोगों ने ठाकुर जी महाराज का भगवा झण्डा उठाकर यात्रा में कृष्ण



भगवान के जयकारे लगाते हुए ठाकुर जी के मंदिर में कथा स्थल- ठाकुर जी महाराज मन्दिर के सामने पानी की टंकी के पास पहुंचे। जहां आचार्य रामअवतार दास महाराज वृंदावन धाम वाले के द्वारा श्रीमद् भागवत का वाचन किया गया। कथा सुबह 11:30 बजे प्रारंभ की। इस बीच गांव के गणमान्य व्यक्तियों के द्वारा वेद मंत्र उच्चारण के साथ श्रीमद् भागवत पूजा के साथ श्रीमद् भागवत कथा को गांव के सभी लोगों ने पूर्ण भाव के साथ सुना और भागवत कथा व भजनों का आनंद लिया। वहीं संध्या आरती के साथ के कार्यक्रम का समापन किया गया। साथ ही 16 जनवरी 2026 को भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

## फूड स्टॉल किराये पर लॉटरी आवंटन हेतु 27 जनवरी तक आवेदन करा सकते हैं जमा

**अलवर(निसं.)।** नगर निगम आयुक्त सोहन सिंह नरूका ने बताया कि नगर विकास न्यास अलवर द्वारा कृषि उपज मंडी के पीछे निर्मित फूड स्ट्रीट में 42 फूड स्टॉल का पूर्णतः अस्थाई आधार पर 2 वर्ष के लिए निर्धारित किराये पर लॉटरी द्वारा आवंटन किया जाना है। इस हेतु इच्छुक व्यक्ति/दुकानदार/फर्म जिनके पास भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) अधिनियम 2006 की धारा 31(1) और 31(2) के अनुसार 1 जनवरी 2025 से पूर्व का लाइसेंस/पंजीकरण हैं वे 14 जनवरी 2026 को दोपहर 2 बजे तक नगर निगम कार्यालय की अन्यकर शाखा कमरा नंबर 25 से फार्म शुल्क 300 रूपये नकद जमा कराकर आवेदन प्राप्त कर 27 जनवरी 2026 को सांय 5 बजे तक जमा करा सकते हैं। आवंटन प्रक्रिया से संबंधित अन्य शरायते नगर निगम कार्यालय नोटिस बोर्ड एवं आवेदन पत्रा के साथ संलग्न है।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर महावर ऑडिटोरियम अलवर में प्रमुख जन गोष्ठी आयोजित





जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर महावर ऑडिटोरियम, अलवर में प्रमुख जन गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के सभी वर्गों के वरिष्ठजन, प्रबुद्ध नागरिक एवं स्वयंसेवक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता के रूप में संघ के क्षेत्रीय प्रचारक निंबाराम ने जन गोष्ठी को संबोधित किया।

क्षेत्रीय प्रचारक निंबाराम जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि विश्व में भारतीयों की एक विशिष्ट पहचान है, जो आध्यात्मिक शक्ति के कारण स्थापित हुई है। भारत ने सदैव मानवता को जीवन मूल्यों का मार्ग दिखाया है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के कारण सनातन समाज आज भी विश्व को मानवता का संदेश दे रहा है। उन्होंने स्वामी विवेकानंद जी के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि यदि उन्हें अपने जैसे सौ नवयुवक मिल जाएं तो वे देश को नई दिशा दे सकते हैं। इसी प्रेरणा से डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार जी के अथक प्रयासों से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का निर्माण हुआ।

उन्होंने बताया कि संघ की शाखा व्यक्ति निर्माण का सशक्त माध्यम है, जहां शारीरिक एवं बौद्धिक प्रशिक्षण के माध्यम से संगठित, सशक्त और संस्कारित समाज का निर्माण किया जाता है। शाखा को नित्य-नूतन, चिर-पुरातन एवं श्रेष्ठ हिंदू समाज के संगठन का केंद्र बताया।

क्षेत्रीय प्रचारक ने कहा कि संघ का कोई अलग विचार नहीं है, जो भारत का विचार है वही संघ का विचार है। संघ प्रारंभ से ही सभी को साथ लेकर चलने वाला, खुले विचारों वाला संगठन है, न कि रूढ़िवादी या दकियानुशी। उन्होंने 'जियो और जीने दो' के सिद्धांत पर चलते हुए समाज को और अधिक सशक्त बनाने पर जोर दिया।

उन्होंने समाज परिवर्तन के लिए पांच प्रमुख बिंदुओं पर प्रकाश डाला—सामाजिक समरसता, शिष्टाचार का पालन, पर्यावरण संरक्षण (प्लास्टिक का उपयोग न करना), नागरिक कर्तव्य (ऐसा कोई कार्य न करना जिससे किसी को ठेस पहुंचे), तथा स्वयं का बोध अर्थात अपनी संस्कृति, देश, गौरव और राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान। साथ ही कुटुंब प्रबोधन पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि परिवार में सप्ताह में कम से कम एक दिन सभी सदस्य एक साथ भोजन करें, भजन करें और संवाद स्थापित करें।

कार्यक्रम में संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर पूजनीय डॉ. हेडगेवार जी द्वारा स्वतंत्रता संग्राम में दिए गए योगदान, बलिदान एवं संघ की भूमिका पर भी विस्तार से जानकारी दी गई। अंत में उपस्थित जनसमूह ने विचारों को प्रेरणादायक बताते हुए राष्ट्र एवं समाज निर्माण में सक्रिय सहभागिता का संकल्प व्यक्त किया।

## राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वैद्य गोविन्द सहाय शुक्ल ने किया युवराज प्रताप सिंह मेमोरियल होम्योपैथी मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण


जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर (राज.) के कुलपति प्रो. वैद्य गोविन्द सहाय शुक्ल शनिवार को अलवर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने शिवाजी पार्क स्थित युवराज प्रताप सिंह मेमोरियल होम्योपैथी मेडिकल कॉलेज एवं संलग्न चिकित्सालय का औपचारिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कुलपति ने कॉलेज के सभी शैक्षणिक विभागों, क्लिनिकल सेवाओं, प्रयोगशालाओं, ओपीडी/आईपीडी, औषधालय, रिकॉर्ड संधारण, स्वच्छता व्यवस्था एवं रोगी सेवाओं की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने संस्थान में संचालित शैक्षणिक एवं चिकित्सीय गतिविधियों की गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त किया। कुलपति प्रो. शुक्ल ने कॉलेज प्रबंधन एवं स्टाफ को शिक्षा, अनुसंधान एवं रोगी सेवा के क्षेत्र में निरंतर सुधार एवं अनुशासन बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कॉलेज के सुव्यवस्थित संचालन, अनुशासित वातावरण तथा स्टाफ की कार्यनिष्ठा की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्थान क्षेत्र में स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। कॉलेज प्रशासन, शिक्षकगण एवं कर्मचारियों ने कुलपति के आगमन को प्रेरणादायक बताते हुए उनके मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया। निरीक्षण के अवसर पर कॉलेज चेयरमैन डॉ. वी.के. अग्रवाल, डॉ. मंजू अग्रवाल, कॉलेज प्राचार्य डॉ. एम.के. शर्मा, वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. एस.एस. कुन्तल, प्रोफेसर डॉ. अशोक पाठक, डॉ. अजीत सिंह, डॉ. पी.एस. चौधरी, डॉ. प्रदीप शर्मा, डॉ. रूपेश सोनी सहित सभी विभागों के प्रोफेसर, चिकित्सक एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## महिन्द्रा की बहुप्रतीक्षित XUV7XO & XEV9S का हुआ भव्य अनावरण

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** महिन्द्रा एवं महिन्द्रा द्वारा राजस्थान के सिंहद्वार अलवर स्थित जय कृष्ण क्लब में अपनी दो नई दमदार एसयूवी XUV7XO और XEV9S का भव्य लॉन्च हुआ। यह कार्यक्रम बेहद शानदार रहा जिसमें मौजूदा और नए ग्राहकों की बड़ी संख्या ने हिस्सा लिया। लॉन्च समारोह का उद्घाटन जे एस फोरव्हील मोटर्स के डीलर प्रिंसिपल निकुंज सांधी और ऋषभ सांधी, महिन्द्रा (ऑटोमोटिव डिवीजन) जयपुर खण्ड एरिया सेल्स मैनेजर शिवांगी मित्तल, रीजनल कस्टमर केयर मैनेजर अजय रॉय, एरिया सेल् मैनेजर ईवी पूर्वी आर्य डीलर चीफ बिजनेस ऑफिसर मनीष नागपाल, एरिया सेल्स मैनेजर कॉमर्शिय व्हीकल आयुष माथुर के द्वारा सयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम में दोनों वाहनों का अनावरण किया जिसके बाद ग्राहकों ने इनकी विशेषताओं को करीब से देखा और आनंद लिया। कार्यक्रम में जे एस फोरव्हील मोटर्स के चेयरमैन निंकुज सांधी ने बताया कि XUV7XO महिन्द्रा की पॉप XUV700 का अपडेटेड वर्जन है, जो अब और भी प्रीमियम लुक, एडवांस्ड फीचर्स और बेहतरीन परफॉर्मेंस साथ आई है। वहीं XEV9S इलेक्ट्रिक एसयूवी है। डीलर चीफ बिजनेस ऑफिसर मनीष नागपाल ने बताया कि 2026 महिन्द्रा XUV7XO में नया फ्रंट प्रोजेक्टर सेटअप के साथ नए हेडलैम्प्स, नए डिजाइन के फ्रंट और रियर बम्पर्स, 19 इंच के डायमंड अलॉयव्हील्स, नए आधुनिक कलर्स विकल्प और XEV9S में नए एलईडी टेललैप्स दिए गए हैं। इसके एसयूवी में छः वेरियन्ट एवं चार इंजन विकल्प होंगें। XUV7XO की शुरूआती कीमत पेट्रोल वेरियेन्ट क 13.66 लाख से 23.79 लाख रूपये और डीजल वेरियेन्ट के लिए 14.96 लाख रूपये से 25.07 लाख (एक्स-शोरूम अलवर) है। एरिया सेल्स मैनेजर इलैक्ट्रिक व्हीकल पूर्वी आर्य ने बताया कि XEV9S मॉडल XUV700 पर आधारि इलेक्ट्रिक डेरिवेटिव है जिसकी कीमत 19.94 लाख से 30.19 लाख रूपये (एक्स-शोरूम अलवर) कार्यक्रम में नई गाड़ियों को लेकर लोगो को जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। कई ग्राहकों ने मौके बुकिंग करवाई और यह भव्य लॉचिंग महिन्द्रा की राजस्थान में मजबूत उपस्थिति को प्रमाण बनी। कार्यक्रम में जे एस फोरव्हील मोटर्स के निदेशक ऋषभ सांधी ने इस मौके पर आये सभी ग्राहको एवं सभी अतिथियों को आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन सेल्स मैनेजर यश अरोड़ा नें किया।

## नि:शुल्क नेत्र जॉच एवं लैस प्रत्यारोपण शिविर मे 135 मरीजों को मिला परामर्श




जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** श्री अग्रवाल महासभा, अलवर के तत्वाधान में श्रीमती बर्फी देवी पुरूषोत्तमदास श्री अग्रसेन धर्मार्थ चिकित्सालय, में नेत्र जॉच एवं लैस प्रत्यारोपण नि:शुल्क जॉच शिविर आयोजित हुआ। अध्यक्ष अतुल किशोर गुप्ता ने बताया कि दिनांक 10 जनवरी 2026 शनिवार को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक 135 रोगियों को विशेषज्ञ द्वारा नि:शुल्क चैकअप किया गया एवं उपलब्धतानुसार नि:शुल्क दवाईयाँ भी दी गई। जिसमें डॉ0 सुनील खण्डेलवाल एवं उनकी टीम द्वारा जॉच व परामर्श दिया। इस अवसर पर सभी रोगियों की काला पानी (ग्लूकोमा), पुतली के रोग, काले मोतिया की जाँच, मोतियाबिन्द, लालीपन व जलन की जॉचे कि गई। ऑपरेशन योग्य रोगियों का लेंस प्रत्यारोपण राजीव गांधी सामान्य चिकित्सालय अलवर में दिनांक 12 जनवरी 2026 को नि:शुल्क ₹₹₹ के तत्वावधान में किये जायेगे। सर्वप्रथम महासभा अध्यक्ष अतुल किशोर गुप्ता, किशन कुमार, मंत्री विजय कुमार अग्रवाल, चिकित्सालय संयोजक गोविन्द गोयल, अनिल अग्रवाल (गुडवाले), सुभाष चन्द गोटेवाले, पूर्व अध्यक्ष अमित गोयल, व पूर्व मंत्री विष्णु गोयल, एवं तुलसी मित्तल सुभाष गोयल अध्यक्ष उत्तरी ईकाई क्षेत्र, विजेन्द्र अध्यक्ष मध्य ईकाई क्षेत्र, संजय मित्तल, मोहन स्वरूप अग्रवाल, एस.एन. अग्रवाल इत्यादि अग्रबन्धुओ ने अग्रसेन जी की प्रतिमा पर माल्यपर्ण कर कैम्प की शुरूआत की।

## जिले में 15 से 30 जनवरी तक आयोजित होंगे विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु सहायता शिविर

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिले में घुमन्तु समुदाय (विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु) के व्यक्तियों को केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभांवित कराने के उद्देश्य से जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में 15 से 28 जनवरी तक एवं नगरीय निकायों में 15 से 30 जनवरी तक विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु सहायता शिविर आयोजित होंगे। सभी शिविर प्रातः 10 बजे से आयोजित किए जाएंगे। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में 15 जनवरी को पंचायत समिति सभागार उमरैण में, 16 जनवरी को पंचायत समिति सभागार मालाखेडा, 19 जनवरी को पंचायत समिति सभागार राजगढ, 20 जनवरी को पंचायत समिति सभागार रैणी, 21 जनवरी को पंचायत समिति सभागार कठूमर, 22 जनवरी को पंचायत समिति सभागार रामगढ, 23 जनवरी को पंचायत समिति सभागार थानागाजी, 27 जनवरी को पंचायत समिति सभागार लक्ष्मणगढ एवं 28 जनवरी को पंचायत समिति सभागार गोविन्दगढ में विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु सहायता शिविर आयोजित होंगे। इसी प्रकार जिले के शहरी क्षेत्रों में 15 जनवरी को नगर निगम अलवर में, 19 जनवरी को नगर पालिका मालाखेडा, 20 जनवरी को नगर पालिका राजगढ, 21 जनवरी को नगर पालिका कठूमर, 22 जनवरी को नगर पालिका खेडली व नगर पालिका थानागाजी, 23 जनवरी को नगर पालिका रामगढ व बडौदामेव, 27 जनवरी को नगर पालिका लक्ष्मणगढ व मुबारिकपुर, 28 जनवरी को नगर पालिका बहादुरपुर एवं 30 जनवरी को नगर पालिका नौगावां व नगर पालिका गोविन्दगढ में विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु सहायता शिविर आयोजित होंगे। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार की मंशानुसार घुमन्तु समुदाय के सभी व्यक्तियों को ऑन-लाईन घुमन्तु पहचान प्रमाण-पत्र जारी किये जाकर राज्य की कल्याणकारी योजनाओं से जोडा जाएगा। साथ ही इन सहायता शिविरों में घुमन्तु समुदाय के व्यक्तियों के मतदाता पहचान-पत्र, आधार कार्ड, जाति प्रमाण-पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र आदि बनवाने हेतु आवेदन करवाए जाएंगे। संबधित उपखण्ड अधिकारी/शिविर प्रभारी तथा संबधित विकास अधिकारी एवं संबंधित आयुक्त/अधिशाषी अधिकारी सह शिविर प्रभारी रहेंगे।

# गोवंश को आज लगेगा 4 क्विंटल लापसी का भोग

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** स्थित श्रीराम गौशाला में रविवार को धार्मिक अनुष्ठान आयोजित होगा। भामाशाह मोहनलाल पुत्र गणेशाराम भाटी परिवार की ओर से शनिवार को गौशाला परिसर में 150 सौ किलो की गोवरियों ने शनिवार को सुगंधित खुशबूदार लसपसी लापसी बनाई गई। श्रीराम गौशाला सेवा समिति के तत्वाधान में भामाशाह परिवार की ओर से रविवार को 500 से अधिक गोवंश को भोग लगाया जाएगा। इस मिष्ठान के लिए एक दिन पूर्व लापसी की तैयारी की गई जिसमें आज भामाशाह परिवार के साथ सेवा समिति के सदस्यों के हाथों से गायों को लापसी तथा चारा खिलाकर दान-पुण्य किया किया जाएगा। श्रीराम गौशाला प्रांगण में दानदाताओं के सहयोग से गायों के लिए लापसी



बनाकर खिलाई जायेगी। अध्यक्ष धीरज सांखला ने बताया कि लापसी बनाने के लिए भामाशाह परिवार मोहनलाल भाटी ने सहयोग किया जहां 150 सौ किलो माल की 4 क्विंटल लापसी बनाई गई। इस डेढ़ सौ किलो माल की लगभग 4 क्विंटल लापसी तैयार की गई है,जिनका आज सभी गौ माता को भोग लगाया जाएगा। सांखला ने कहा कि गौशाला के सहयोगी व भामाशाह मोहनलाल पुत्र गणेश राम भाटी परिवार की तरफ से रविवार को सुबह 11 बजे गौ माता को लापसी का भोग लगाया जाएगा। भोग के लिए डेढ़ सौ किलो की लापसी बनकर तैयार की गई हैं। इसके साथ ही एक गौ माता के पालनहार व सहयोगी भामाशाह खेतसिंह देवडा परिवार बाँकली की ओर से उनके पौत्र प्राप्ति के अवसर पर गौ सेवा में एक ट्रॉली हरा चारा खिलाया जाएगा। पुण्य कार्य के लिए भामाशाह परिवार का गौ शाला सेवा समिति की तरफ से धन्यवाद ज्ञापित किया। इस पुण्य कार्य पर सेवा समिति की ओर से भामाशाहों का स्वागत अभिनंदन अभिनंदन किया जाएगा। हर वर्ष की भांति इस बार भी श्रीराम गौ शाला के सहयोगी व भामाशाह खीमाराम धुलाजी देवड़ा( सुमेरपुर माली समाज अध्यक्ष ) की ओर से 14 जनवरी मकर संक्रांति पर्व पर गौ माता की सेवा में साढ़े चार क्विंटल तिल की सेली मिष्ठान का भोग लगाया जाएगा। इसके लिए समस्त देवड़ा परिवार का गौशाला सेवा समिति की पूरी टीम ने बहुत-बहुत आभार व साधुवाद दिया और सदैव स्वस्थ प्रसन्न एवं दीर्घायु रखने की प्रार्थना की है। व्यवस्थापक पुखराज कुमावत ने बताया कि आगामी मकर संक्रांति के उपलक्ष में गोवंश को तिल की सेली, गुड, हरा चारा का भोग लगाया जाएगा। इसके साथ अनेक प्रकार के धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि भाटी परिवार की ओर से चार क्विंटल लापसी गौ माता को जिमाई जाएगी। इस आयोजन पर सांखला ने कहा कि मानव जीवन में पुण्य कार्यों से जीवन की कई बाधाओं से निजात पाई जा सकती है। मूक प्राणियों की सेवा के साथ सुरक्षा कर पुण्य कमाया जा सकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए भामाशाह गौ माता के लिए प्रतिदिन त्योहार पर सहयोग कर रहे हैं और गौ माता सेवा का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। लापसी बनाने में व्यवस्थापक पुखराज कुमावत, मोहन दास वैष्णव, गोवारिया वीराराम देवासी, चेनाराम देवासी, मूलाराम देवासी, नगाराम देवासी,मोनाराम देवासी आदि ने सहयोग किया।

राज्य जयपुर टाइम्स

जयपुर, रविवार
11 जनवरी, 2026

# 11 साल की आयु में भारत छोड़ो आंदोलन में हिस्सा लेने वाली बालिका कांग्रेस की बन गई दबंग महिला नेता

## प्रदेश में कांग्रेस के कई बड़े-बड़े मुख्यमंत्रीयों की टीम का अहम हिस्सा रही, करीब 50 साल तक प्रदेश में मंत्री रही,तीन राज्यों की राज्यपाल राज्यपाल बनी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(रामेश्वर लाल जाट)।** अपने पिता को अंग्रेजों के खिलाफ लड़ता देखकर प्रदेश के झुंझुनूं जिले की 11 साल की फूल जैसी मासूम बालिका के दिल और दिमाग में राष्ट्र प्रेम के प्रति इतनी अटूट आस्था बन गई कि वह 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में अपने पिता की अंगुली पकड़कर कूद पड़ी। अंग्रेजों के खिलाफ चल रही लड़ाई में इस बालिका के पिता जहां भी जाते वह अपने पिता का हाथ पकड़कर खुद भी उनके साथ-साथ चल पड़ती। अपने पिता के साथ प्रजामंडल की बैठक में भी खूब हिस्सा लिया इसलिए अपने स्वतंत्रता सेनानी पिता से बचपन में ही इस बालिका को राष्ट्र प्रेम के प्रति इतना गहरा भाव बन गया था जिसके दम पर इस बालिका ने गरीब मजदूर किसान महिला वर्ग के कल्याण और विकास के लिए तो खूब कार्य किया ही साथ-साथ राजस्थान और भारत के विकास में भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। अब आप समझ गए होंगे यहां चर्चा हो रही है कांग्रेस की दिवंगत दबंग महिला 'कमला बेनीवाल' की। बेनीवाल आज जिंदा नहीं है लेकिन करीब 50 साल तक प्रदेश में मंत्री पद की भूमिका में नजर आई। हरदेव जोशी,शिवचरण माथुर,जगन्नाथ पहाड़िया, हीरालाल देवपुरा और अशोक गहलोत के मंत्रिमंडल में कई महत्वपूर्ण विभागों की जिम्मेदारी को शानदार तरीके से निभाया। प्रदेश में विराट नगर विधानसभा सीट पर पांच बार, इसके अलावा आमेर और दूदू विधानसभा सीट पर भी विधायक चुनी गई। 1954 में सिर्फ 27 साल की आयु में ही पहली बार विधायक और मंत्री चुनी



## इतने लंबे शानदार पॉलिटिकल सफर में कभी भी मुख्यमंत्री पद की दावेदारी नहीं की और ना ही पार्टी से बगावत की

कमला बेनीवाल ने बचपन और युवा अवस्था में अपने पिता के साथ प्रजामंडल की विभिन्न बैठकों में कई बार हिस्सा लिया। इनके पिता की स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय भूमिका रही इसलिए बचपन से ही उनके दिल में अच्छे संस्कार मानवता समाज सेवा और राष्ट्र प्रेम के भाव पैदा हो गए थे जो मरते दम तक रहे। इतने लंबे शानदार राजनैतिक सफर में इन्होंने कभी भी कांग्रेस पार्टी के साथ बगावत नहीं की। कई बार बेनीवाल की इच्छा के अनुरूप भी पार्टी ने निर्णय नही लिए लेकिन बेनीवाल ने अपनी नाराजगी को सिर्फ अपने दिल तक ही सीमित रखा। ऐसा कोई कदम नहीं उठाया जिसकी वजह से पार्टी को नुकसान हो। हमेशा कांग्रेस पार्टी के संगठन को मजबूती देने में आगे रही राजस्थान कांग्रेस की ओर से लिए जाने वाले महत्वपूर्ण निर्णय में बेनीवाल की सलाह को भी संगठन से जुड़े नेता हमेशा तवज्जो देते रहे। यह सुनकर हर किसी को आश्चर्य जरूर होता है कि कोई नेता अगर 50 साल तक किसी स्टेट का मंत्री रहे, कई मुख्यमंत्रीयों के मंत्रिमंडल में शामिल रहे लेकिन उस नेता ने कभी भी आगे बढ़कर मुख्यमंत्री पद की दावेदारी पार्टी के रणनीतिकारों के समक्ष नहीं रखी। बेनीवाल जिन्होंने करीब 50 साल तक प्रदेश में मंत्री पद पर सेवाएं दी उनके सामने कई नेता मुख्यमंत्री बनते रहे यहां तक की उनसे आयु में काफी छोटे अशोक गहलोत भी उनके सामने मुख्यमंत्री बन गए लेकिन बेनीवाल ने कभी भी आगे बढ़कर मुख्यमंत्री पद की दावेदारी नहीं की जबकि बेनीवाल आयु वरिष्ठता शिक्षा अनुभव राजनीतिक कौशल बुद्धि कौशल इत्यादि सभी क्षेत्र में मुख्यमंत्री पद के लिए फिट बैठती थी लेकिन पार्टी ने उन्हें सिर्फ मंत्रिमंडल में कैबिनेट मंत्री बनने तक ही सीमित रखा। मुख्यमंत्री पद के लिए उन्हें लायक नहीं समझा हालांकि वर्ष 2003 में अशोक गहलोत शासनकाल के दौरान उन्हें करीब 11 महीना तक उप मुख्यमंत्री जरूर बनाया गया। उस समय इनके साथ बनवारी लाल बैरवा को भी उपमुख्यमंत्री बनाया गया था शायद इन दोनों ही बड़े नेताओं के समर्थकों को राजी करने और सरकार में जातिगत समीकरण को साधने के लिए बेनीवाल और बनवारी लाल बेरवा को उपमुख्यमंत्री बनाया गया लेकिन पार्टी के निर्णय को हमेशा बेनीवाल ने भगवान का आदेश माना और उसे स्वीकार किया और कभी भी कांग्रेस से बगावत नहीं की।

## स्वर्गीय इंदिरा गांधी ने कमला बेनीवाल को स्वतंत्रता संग्राम में योगदान के लिए ताम्रपत्र से सम्मानित किया

भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में 1942 में 11 साल की आयु में ही कमला बेनीवाल ने अपने पिता के साथ भारत छोड़ो आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई बेनीवाल अपने स्वतंत्रता सेनानी पिता के साथ नियमित रूप से स्वतंत्रता आंदोलन की लड़ाई के तहत संपादित होने वाले विभिन्न तरह के कार्यक्रमों में हिस्सा लेती थी। छोटी सी उम्र में ही राष्ट्र प्रेम के प्रति इनके गहरी और मजबूत भाव को देखकर पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत इंदिरा गांधी ने बेनीवाल को ताम्र पत्र से सम्मानित किया। बेनीवाल और आज के दौर के कांग्रेस के नेताओं में बेनीवाल पहली ऐसी महिला कांग्रेस नेता हैं जिन्हें स्वतंत्रता आंदोलन के लिए यह इतना बड़ा पुरस्कार तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के हाथों मिला। स्वर्गीय इंदिरा गांधी भी बेनीवाल की व्यक्तित्व से काफी प्रभावित थी और इंदिरा गांधी के कालखंड में जब कांग्रेस पार्टी में दो टुकड़े हुए थे उस समय बेनीवाल पूरी तरह से इंदिरा गांधी के साथ खड़ी रही। इंदिरा गांधी के दोनों बेटे संजय गांधी और राजीव गांधी दोनों बेनीवाल का काफी सम्मान करते थे बाद में सोनिया गांधी से भी बेनीवाल के अच्छे राजनैतिक रिश्ते रहे। इस दौरान कांग्रेस पार्टी के दिल्ली में बैठे सभी बड़े नेता प्रणब मुखर्जी पीवी नरसिम्हा राव इत्यादि सभी नेता बेनीवाल की दबंग ईमानदार और मजबूत छवि तथा पार्टी के प्रति उनके समर्पित भाव से खासा प्रभावित थे इसीलिए राजस्थान कांग्रेस से जुड़े विषयों को लेकर पार्टी हाई कमान हमेशा बेनीवाल से सलाह जरूर लिया करते थे।

## अपने जमाने के दिग्गज कांग्रेस नेताओं के बीच अपने प्रभाव को बनाए रखा

1954 में कमला बेनीवाल जब आमेर विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में जीत हासिल करके पहली बार राजस्थान विधानसभा की सदस्य बनी उस समय बेनीवाल और एक अन्य महिला को ही विधानसभा का सदस्य बनने का गौरव हासिल हुआ था। जब बेनीवाल का राजस्थान कांग्रेस में सफर शुरू हुआ उस समय कांग्रेस पार्टी के एक से एक बड़े नेता हुआ करते थे जिनका राजस्थान की राजनीति में ही बड़ा नाम नहीं हुआ करता था बल्कि दिल्ली में गांधी नेहरू परिवार में भी काफी इज्जत हुआ करती थी। नाथूराम मिर्धा, परसराम मदेरणा, रामनारायण चौधरी, हरदेव जोशी , जगन्नाथ पहाड़िया, शिवचरण माथुर, हीरालाल देवपुरा जैसे नेताओं से कांग्रेस पार्टी राजस्थान में काफी मजबूत हुआ करती थी इसीलिए आजादी के कई सालों बाद तक राजस्थान में कांग्रेस पार्टी का शासन रहा इसलिए इन तमाम बड़े कांग्रेसी नेताओं के बीच महिला होने के बावजूद भी कमला बेनीवाल ने अपनी दबंग, इमानदार, कर्मठ अपनी मजबूत जमीनी पकड़ से अपना एक अलग वर्चस्व कांग्रेस पार्टी में कई सालों तक बनाए रखा उसी का नतीजा रहा कि बेनीवाल करीब 50 साल तक राजस्थान में अलग-अलग मुख्यमंत्रीयों के मंत्रिमंडल में बड़े और महत्वपूर्ण विभागों की जिम्मेदारी संभाली। बेनीवाल जाट बिरादरी से ताल्लुक रखती थी और बेनीवाल के समय एक से बढ़कर एक कांग्रेस में पुरुष जाट नेताओं की मौजूदगी रही जिसमें दबंग उच्च शिक्षित और जमीनी पकड़ रखने वाली महिला जाट नेता के रूप में बेनीवाल मानी जाती थी इसलिए विराट नगर विधानसभा क्षेत्र से पांच बार विधायक चुनी गई इस दौरान 1972 से 1977 तक दूदू विधानसभा क्षेत्र से भी विधायक रहीं इससे पहले 1954 में आमेर विधानसभा सीट से पहली बार विधायक चुनी गई थी इसलिए बेनीवाल ने करीब 60 साल तक कांग्रेस पार्टी में जोरदार तरीके से अपनी उपस्थिति दिखाई। यहां तक की राजस्थान के तीन बार मुख्यमंत्री रहे अशोक गहलोत उम्र में उनसे काफी छोटे हैं लेकिन बेनीवाल अशोक गहलोत सरकार के मंत्रिमंडल में भी कैबिनेट का हिस्सा रही बेनीवाल के बारे में कहा जाता है कि उन्होंने एक तरफ जहां पुराने दिग्गज कांग्रेसियों के बीच कांग्रेस में खुद के वजूद को मजबूती से बनाए रखा तो दूसरी तरफ अशोक गहलोत जैसे युवा मुख्यमंत्री के साथ भी उन्होंने कंधे से कंधा मिलाकर न केवल कांग्रेस पार्टी की समर्पित भाव से सेव करके पार्टी को मजबूती प्रदान की बल्कि गृह, शिक्षा, राजस्व ,ग्रामीण विकास पंचायत राज जैसे मंत्रालयों की जिम्मेदारी संभालते भी प्रदेश के विकास को नई दिशा और गतिदी। बेनीवाल ने राजनीति में उस समय कदम रखा था जब पुरुष प्रधान भारत देश में महिलाओं को राजनीति और विभिन्न क्षेत्रों में ज्यादा और समुचित अवसर नहीं दिए जाते जिसमें राजस्थान के जाट समाज में उस समय कांग्रेस और अन्य दलों में महिलाओं की उपस्थिति न के बराबर थी लेकिन कमला बेनीवाल ने कठिन और विपरीत परिस्थितियों में कांग्रेस में बड़े-बड़े दबंग नेताओं के बीच खुद को साबित करके दिखाया।

## पूर्वोत्तर राज्य में देश की पहली महिला राज्यपाल बनने का गौरव हासिल हुआ

वर्ष 2009 में केंद्र में मनमोहन सिंह के नेतृत्व में यूपीए की सरकार का गठन हुआ था उस समय कमला बेनीवाल को त्रिपुरा का राज्यपाल नियुक्त किया गया। बेनीवाल को इस नियुक्ति से देश के पूर्वोत्तर राज्यों में पहली महिला राज्यपाल बनने का अवसर प्राप्त हुआ यह अपने आप में बेनीवाल और राजस्थान के लोगों के लिए भी गर्व का विषय था हालांकि बेनीवाल त्रिपुरा में ज्यादा दिनों तक राज्यपाल की भूमिका में नहीं रह पाई और करीब डेढ़ महीने में ही उन्हें त्रिपुरा के राज्यपाल से हटाकर उन्हें गुजरात का राज्यपाल नियुक्त किया गया। गुजरात में राज्यपाल रहने के दौरान तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके बीच आपस में वैचारिक मतभेद की खबरें गुजरात में ही नहीं बल्कि पूरे देश में कई दिनों तक चर्चा का विषय बनी रही। बेनीवाल और मुख्यमंत्री मोदी के बीच टकराव की खबरों से गुजरात की राजनीति पर पूरे देश की निगाह टिकी हुई थी लोकपाल की नियुक्ति पर बेनीवाल और मोदी के बीच जबरदस्त मतभेद पैदा हुए। बेनीवाल ने अपने स्तर पर ही मेहता को लोकपाल नियुक्त कर दिया गया था मेहता की नियुक्ति में गुजरात की मोदी सरकार से सलाह नहीं ली गई। इसलिए मेहता की नियुक्ति को लेकर बेनीवाल और मोदी सरकार के बीच जोरदार घमासान की स्थिति बनी रही बाद में मोदी सरकार ने गुजरात विधानसभा में लोकपाल से संबंधित एक बिल पास करवा कर राज्यपाल की मंजूरी के लिए बेनीवाल के पास भेजा गया लेकिन बेनीवाल ने वापस मोदी सरकार के पास भिजवा दिया। इस तरह से गुजरात में राज भवन और भाजपा सरकार के बीच आपस में चल रहे टकराव की स्थिति को लेकर तत्कालीन केंद्र की यूपीए सरकार भी थोड़ी चिंतित जरूर नजर आई। बाद में वर्ष 2014 में बेनीवाल को मिजोरम का राज्यपाल बनाया गया। इस तरह से बेनीवाल तीन अलग-अलग राज्यों की राज्यपाल भी रही। बेनीवाल के बारे में कहा जाता है कि चाहे वे राज्यपाल की भूमिका में रही हो या फिर राजस्थान में उपमुख्यमंत्री और मंत्री की भूमिका में रही हो हमेशा उन्होंने ईमानदारी से संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की पालना करते हुए नियम और कानून के अनुसार कार्य किया। बेनीवाल कभी भी किसी के दबाव में भी नहीं आई और अपने स्वाभिमान को कभी भी उन्होंने गिरने नहीं दिया। अपने विवेक और अपने बुद्धि कौशल से हमेशा दृढ़ निर्णय लिए और अपने निर्णय पर हमेशा अटल रही गुजरात में भी राज्यपाल रहने के दौरान उन्होंने दबंगई और लीडर होकर हर विषय पर फैसले लिए वह कभी भी तत्कालीन मोदी सरकार के दबाव में नहीं आई उनकी कार्यशैली और उनके इसी मिजाज की वजह से उन्हें राजस्थान कांग्रेस की आयरन लेडी के नाम से भी जाना जाता है।

## वर्ष 2003 में विराटनगर में भाजपा प्रत्याशी राव राजेंद्र सिंह से पराजित होने के बाद फिर कभी चुनाव नहीं लड़ा

वर्ष 2003 के विधानसभा चुनाव में कमला बेनीवाल को विराटनगर से फिर से कांग्रेस पार्टी ने टिकट दिया लेकिन इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी राव राजेंद्र सिंह से उन्हें पराजय का सामना करना पड़ा। इसके बाद बेनीवाल ने फिर कभी कोई चुनाव नहीं लड़ा हालांकि कांग्रेस पार्टी के संगठन की मीटिंग में बेनीवाल नियमित रूप से अपनी उपस्थिति दिखाती रही लेकिन 2003 से 2009 में त्रिपुरा का राज्यपाल बनने की अवधि के बीच बेनीवाल अपनी बढ़ती हुई आयु की वजह से भी वह धीरे-धीरे सक्रिय राजनीति से थोड़ा दूर होती हुई जरूर दिखाई दी लेकिन इस दौरान कांग्रेस पार्टी की कोई बड़ी मीटिंग होती थी तो बेनीवाल जरूर राजस्थान कांग्रेस कार्यालय में नजर आती थी और राजस्थान कांग्रेस के संगठन से जुड़े नेता भी बेनीवाल को एक सम्मानित और वरिष्ठ नेता के रूप में आमंत्रित करके उनसे पार्टी से जुड़े छोटे-बड़े सभी विषयों में उनसे सलाह जरूर ली जाती रही। पार्टी में उनके सम्मान में किसी भी तरह की कोई कमी नहीं आई थी और राजस्थान कांग्रेस के सभी छोटे-बड़े नेता बेनीवाल का काफी सम्मान करते हुए दिखाई दिए। कई बड़े-बड़े नेता उनके चरण छूकर उनसे आशीर्वाद मांगते हुए कांग्रेस कार्यालय में नजर आए। बाद में 2009 में त्रिपुरा का राज्यपाल बनने के बाद बेनीवाल अपने आप ही सक्रिय राजनीति से दूर हो गई लेकिन राज्यपाल की भूमिका में भी उन्होंने काफी दबंग और निडर नजर आई। जानकार लोगों का कहना है कि 2003 के विधानसभा चुनाव में अपनी हार से बेनीवाल काफी दुखी हुई थी क्योंकि उन्होंने विराटनगर विधानसभा क्षेत्र में अपने विधायक के हर कार्यकाल में व्यापक स्तर पर विकास कार्य करवाए थे क्योंकि बेनीवाल 50 साल तक मंत्री रही इसलिए सरकार में उनकी अच्छी पोजीशन रहा करती थी इसलिए उन्हें अपने निर्वाचन क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने में कभी भी कोई परेशानी का सामना करना नहीं पड़ा व्यापक स्तर पर उन्होंने पानी बिजली सड़क शिक्षा चिकित्सा कृषि नगर निकाय पंचायत राज राजस्व राजस्व पुलिसिंग हर क्षेत्र में बड़े पैमाने पर विकास कार्य करवाए थे इसीलिए बेनीवाल इस निर्वाचन क्षेत्र से पांच बार विधायक चुनी गई और पूरे क्षेत्र में हर जाति और बिरादरी का प्रत्येक परिवार बेनीवाल को अच्छी तरह से जानता था और बेनीवाल भी प्रत्येक परिवार को नाम से जानती थी इस तरह से उनकी अपने निर्वाचन क्षेत्र में गजब की पकड़ और लोकप्रियता थी लेकिन इसके बावजूद भी जब उन्हें पराजय का सामना करना पड़ा तो उनके दिल को गहरी ठेस पहुंची हालांकि राजनीति में बड़े-बड़े नेता इंदिरा गांधी भैरव सिंह शेखावत अटल बिहारी वाजपेई जैसे नेताओं को भी पराजय का सामना करना पड़ा है लेकिन 2003 में मिली हार को बेनीवाल जीवन भर नहीं भूल पाई हालांकि बेनीवाल ने अपने निर्वाचन क्षेत्र में कहीं भी किसी भी तरह की कोई कमी नहीं छोड़ी थी और सामाजिक सरोकारों के कार्यों में भी हमेशा आगे रहती थी लेकिन 2003 में राजस्थान भाजपा में वसुंधरा राजे की दमदार तरीके से एंट्री हुई थी यह चुनाव वसुंधरा राजे के नेतृत्व में लड़ा गया था इसलिए विराटनगर विधानसभा क्षेत्र में ही नहीं बल्कि 2003 की विधानसभा चुनाव में पूरे राजस्थान में वसुंधरा राजे के भाजपा के अगुवाई करने से एक अलग माहौल भाजपा के प्रति लोगों का बना हुआ था।

## वर्ष 2018 और 2023 के विधानसभा चुनाव में बेनीवाल अपने पुत्र आलोक बेनीवाल को नहीं दिला पाई थी टिकट

: वर्ष 2013 के विधानसभा चुनाव में शाहपुरा विधानसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में कमला बेनीवाल के पुत्र आलोक बेनीवाल को कांग्रेस पार्टी की ओर से टिकट मिला लेकिन भाजपा प्रत्याशी राव राजेंद्र से कड़े मुकाबले में 2397 मतों से उन्हें पराजय का सामना करना पड़ा। इसमें कोई संदेह नहीं आलोक बेनीवाल को इन चुनाव में जो वोट मिले वह वोट उन्हें अपनी मां कमला बेनीवाल की लोकप्रियता और उनकी जमीनी पकड़ की वजह से मिले थे। आलोक बेनीवाल अपनी मां कमला बेनीवाल के साथ राजनीतिक गतिविधियों में अपने इलाके में नजर आते थे। यह चुनाव में जीत सकते थे अगर कांग्रेस समर्थित मनीष यादव निर्दलीय चुनाव नहीं लड़ते तो मनीष यादव यहां कांग्रेस से टिकट की मांग कर रहे थे राजस्थान विश्वविद्यालय छात्र संघ के अध्यक्ष रह चुके थे जब कांग्रेस पार्टी ने उन्हें टिकट नहीं दिया तो फिर उन्होंने निर्दलीय चुनाव लड़ा जिसकी वजह से मनीष यादव को करीब 23000 से ज्यादा वोट मिले थे दूसरी तरफ आलोक बेनीवाल को सिर्फ 2397 मतों से ही पराजय का सामना करना पड़ा था। इसलिए राजनीतिक विश्लेषक भी मानते हैं कि अगर मनीष यादव यहां से निर्दलीय चुनाव नहीं लड़ते तो आलोक बेनीवाल काफी अच्छे मतों के अंतर से यह चुनाव जीत जाते। लेकिन मनीष यादव ने यहां भाजपा प्रत्याशी राव राजेंद्र सिंह के जीत के रास्ते आसान कर दिए बाद में 2018 के विधानसभा चुनाव में आलोक बेनीवाल ने फिर से कांग्रेस पार्टी से टिकट की डिमांड की। लेकिन कांग्रेस पार्टी ने उन्हें टिकट नहीं दिया बेनीवाल की जगह मनीष यादव को कांग्रेस पार्टी ने टिकट दिया जिस पर बेनीवाल और उनके समर्थक का भी नाराज हो गए क्योंकि बेनीवाल 2018 का विधानसभा चुनाव बहुत ही कम मतों से हारे थे इसलिए उन्होंने टिकट की तगड़ी दावेदारी की। लेकिन कमला बेनीवाल का पुत्र होने का फायदा भी आलोक बेनीवाल को नहीं मिला और उन्हें कांग्रेस का टिकट नहीं मिला जिसके बाद बेनीवाल ने 2018 का यह चुनाव निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर लड़ा और उन्होंने जीत हासिल की बाद में 2023 के विधानसभा चुनाव में भी बेनीवाल ने कांग्रेस पार्टी से टिकट की मांग की लेकिन उन्होंने टिकट नहीं दिया गया जबकि 2018 से 2023 में कांग्रेस पार्टी की सरकार को बेनीवाल ने अपना पूरा समर्थन भी दिया था। लेकिन इसके बावजूद भी 2023 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने उन्हें टिकट देना मुनासिब नहीं समझा कमला बेनीवाल जैसी वरिष्ठ नेता अपनी आंखों से अपने बेटे को कांग्रेस पार्टी का टिकट नहीं मिलने का दृश्य देखती रही जिस पर बेनीवाल ने एक बार फिर से निर्दलीय चुनाव लड़ने का निर्णय किया लेकिन इस बार उन्हें सफलता नहीं मिली बाद में आलोक बेनीवाल पिछले लोकसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। हालांकि 2023 की विधानसभा चुनाव में आलोक बेनीवाल को बड़ी संख्या में वोट मिले और वे दूसरे नंबर पर रहे भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी उपेन यादव को सिर्फ 11 000 से थोड़ा ज्यादा वोट मिले अब देखने वाली बात यह है कि वर्तमान में आलोक बेनीवाल भारतीय जनता पार्टी में शामिल हैं और अगला विधानसभा चुनाव बेनीवाल लड़ेंगे या नहीं और लड़ेंगे तो किस पार्टी से यह भी एक देखने वाली बात होगी फिलहाल बेनीवाल भारतीय जनता पार्टी के सदस्य हैं।

### श्रेष्ठ तैराक और घुड़सवार होने से शारीरिक और मानसिक रूप से बचपन से ही काफी मजबूत थी बेनीवाल

कमला बेनीवाल का 97 साल की आयु में जयपुर के एक निजी अस्पताल में वर्ष 2024 में निधन हुआ 97 साल तक लंबा और व्यस्त जीवन होने के बावजूदभी बेनीवाल शारीरिक और मानसिक रूप से हमेशा काफी मजबूत रही। जीवन के अंतिम सालों में भी उन्हें ऐसी कोई गंभीर बीमारी नहीं हुई जिसकी वजह से उन्हें ज्यादा कष्ट भुगतना पड़ा हो अधिक आयु की वजह से जो सामान्य बीमारियां सभी को होती है उस तरह की बीमारियां ही उन्हें हुई इसलिए कह सकते हैं कि उनका शरीर शारीरिक और मानसिक रूप से काफी मजबूत रहा वजह यही है कि बेनीवाल बचपन से ही काफी एक्टिव रही।वह एक अच्छी घुड़सवार और श्रेष्ठ तैराक रही तथा उनका खानपान बिल्कुल देसी ग्रामीण परिवेश की तरह ही रहा उनके निर्वाचन क्षेत्र विराटनगर का अधिकांश इलाका ग्रामीण क्षेत्र से ही जुड़ा हुआ था इसलिए उनके अपने निर्वाचन क्षेत्र में सतत रूप से हमेशा गांव गांव ढाणी ढाणी दौरे किए और ग्रामीणों के बीच ही अधिकांश समय शुद्ध देसी भजन दूध दही छाछ का सेवन किया इसकी वजह से उनका स्वास्थ्य हमेशा सर्वोत्तम रहा और उन्होंने स्वस्थ और लंबा जीवन जिया यही वजह रही कि उन्होंने अपने जीवन के 97 बसंत पूरे किए इनके एक बेटा और चार बेटियां हैं इन के पुत्र आलोक बेनीवाल शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय विधायक रह चुके हैं कमला बेनीवाल की प्राथमिक पढ़ाई झुंझुनू जिले में ही हुई लेकिन बाद में उन्होंने जयपुर के महाराजा कॉलेज से अर्थशास्त्र राजनीति विज्ञान और इतिहास में स्नातक की उपाधि हासिल की और फिर वनस्थली विद्यापीठ राजस्थान यूनिवर्सिटी से इन्होंने इतिहास में स्नातकोत्तर की उपाधि हासिल की।

## पवित्र तीर्थ स्थल त्रिवेणी धाम से अटूट आस्था रही है कमला बेनीवाल की

कमला बेनीवाल की शाहपुरा के निकट स्थित त्रिवेणी धाम पवित्र तीर्थ स्थल से अटूट आस्था थी दिवंगत संत नारायण दास जी महाराज का कमला बेनीवाल के प्रति विशेष आदर और सम्मान का भाव था। उनका बेनीवाल पर हमेशा पूरा आशीर्वाद रहा बेनीवाल जब भी विधानसभा चुनाव का आवेदन प्रस्तुत करने जाती उससे पहले बेनीवाल त्रिवेणी धाम मंदिर में पूजा अर्चना करती और संत नारायण दास जी महाराज से जरूर आशीर्वाद लेती। इसके बाद ही वह अपना आवेदन प्रस्तुत करने की कार्रवाई संपादित करती। संत नारायण दास जी महाराज की ओर से इलाके में अपने स्तर पर बहुत से विकास कार्य करवाए गए इन विकास कार्यों को सरकारी मंजूरी दिलवाने में बेनीवाल हमेशा आगे रही और जैसा नारायण दास जी महाराज उन्हें आज्ञा देते वैसे ही बेनीवाल उनके कहे अनुसार शाहपुरा और विराटनगर क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने का प्रयास करती रहती संत नारायण दास जी महाराज ने आसपास के इलाके में स्कूल कॉलेज चिकित्सालय गौशाला जैसे अनेक संस्थाएं स्थापित करके क्षेत्र के लोगों के कल्याण और विकास को आगे बढ़ाया जिसमें बेनीवाल ने भी राजस्थान सरकार के मंत्री रहने के दौरान इन सभी कार्यों के सफल क्रियान्वयन और संचालन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## पंचायत राज को मजबूती देने और गांव की दिशा और दशा बदलने में बेनीवाल के सतत प्रयास रहे

कमला बेनीवाल करीब 50 साल तक राजस्थान सरकार में मंत्री रही जगन्नाथ पहाड़िया हरदेव जोशी हीरालाल देवपुरा शिवचरण माथुर और अशोक गहलोत सरकार में बेनीवाल को कई बड़े-बड़े मंत्रालयों की जिम्मेदारी दी गई जिसमें गृह राजस्व पंचायती राज शिक्षा जैसे कई बड़े महत्वपूर्ण विभागों की इन्हें जिम्मेदारी दी गई और सभी विभागों में इन्होंने अपने अनुभव कार्यशैली और ईमानदार भाव से शानदार शानदार प्रदर्शन किया इसलिए प्रदेश में पंचायत राज व्यवस्थाओं को मजबूत करने गांव की तरक्की करने गांव में खुशहाली का माहौल बनाने किसान और खेती की दशा सुधारने गांव को सड़कों से जोड़ने ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूल कॉलेज खोलना चिकित्सालय खोलने किसानों को बिजली का कनेक्शन उपलब्ध कराने के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में हेड पंप ट्यूबवेल स्थापित करवाने जैसे कार्यों को बेनीवाल ने तेजी से आगे बढ़ाया बेनीवाल के जीवन में ग्रामीण परिवेश का बड़ा योगदान रहा है इसलिए ग्रामीण क्षेत्र की समस्याओं किसान मजदूर गरीब वर्ग की समस्याओं से वह अच्छी तरह से वाकिफ थी इसीलिए उन्होंने जरूरतमंद और निर्धन लोगों की सेवा करने के लिए भी संत नारायण दास जी महाराज जैसे महात्माओं के साथ मिलकर सामाजिक सरोकारों के कार्यों को जोरदार तरीके से संपादित किया।

## कहानी

# कौवे और उल्लू का युद्ध

दक्षिण देश में महिलारोप्य नाम का एक नगर था। नगर के पास एक बड़ा पीपल का वृक्ष था। उसकी घने पत्तों से ढकी शाखाओं पर पक्षियों के घोंसले बने हुए थे। उन्हीं में से कुछ घोंसलों में कौवों के बहुत से परिवार रहते थे। कौवों का राजा वायसराज मेघवर्ण भी वहीं रहता था। वहाँ उसने अपने दल के लिये एक व्यूह सा बना लिया था।

उससे कुछ दूर पर्वत की गुफा में उल्लओं का दल रहता था। इनका राजा अरिमर्दन था।

दोनों में स्वाभाविक वैर था। अरिमर्दन हर रात पीपल के वृक्ष के चारों ओर चक्कर लगाता था। वहाँ कोई इकला-दुकला कौवा मिल जाता तो उसे मार देता था। इसी तरह एक-एक करके उसने सैंकड़ों कौवे मार दिये।

तब, मेघवर्ण ने अपने मन्त्रियों को बुलाकर उनसे उलूकराज के प्रहारों से बचने का उपाय पूछा। उसने कहा, 'कठिनाई यह है कि हम रात को देख नहीं सकते और दिन को उल्लू न जाने कहाँ जा छिपते हैं। हमें उनके स्थान के सम्बन्ध में कुछ भी पता नहीं। समझ नहीं आता कि इस समय सन्धि, युद्ध, यान, आसन, संश्रय, द्वैधीभाव आदि उपायों में से किसका प्रयोग किया जाय ?'

पहले मेघवर्ण ने 'उज्जीवी' नाम के प्रथम सचिव से प्रश्न किया। उसने उत्तर दिया---- 'महाराज ! बलवान? शत्रु से युद्ध नहीं करना चाहिये। उससे तो सन्धि करना ही ठीक है। युद्ध से हानि ही हानि है। समान बल वाले शत्रु से भी पहले सन्धि करके, कछुए की तरह सिमटकर, शक्ति-संग्रह करने के बाद ही युद्ध करना उचित है।'

उसके बाद 'संजीवी' नाम के द्वितीय सचिव से प्रश्न किया गया। उसने कहा---- 'महाराज ! शत्रु के साथ सन्धि नहीं करनी चाहिये। शत्रु सन्धि के बाद भी नाश ही करता है। पानी अग्नि द्वारा गरम होने के बाद भी अग्नि को बुझा ही देता है। विशेषतः क्रूर, अत्यन्त लोभी और धर्म रहित शत्रु से तो कभी भी सन्धि न करे। शत्रु के प्रति शान्ति-भाव दिखलाने से उसकी शत्रुता की आग और भी भड़क जाती है। वह और भी क्रूर हो जाता है। जिस शत्रु से हम आमने-सामने की लड़ाई न लड़ सकें उसे छलबल द्वारा हराना चाहिये, किन्तु सन्धि नहीं करनी चाहिये। सच तो यह है कि जिस राजा की भूमि शत्रुओं के खून से और उनकी विधवा स्त्रियों के आँसुओं से नहीं सींची गई, वह राजा होने योग्य ही नहीं।'

तब मेघवर्ण ने तृतीय सचिव अनुजीवी से प्रश्न किया। उसने कहा---- 'महाराज ! हमारा शत्रु दुष्ट है, बल में भी अधिक है। इसलिये उसके साथ सन्धि और युद्ध दोनों के करने में हानि है। उसके लिये तो शास्त्रों में यान नीति का ही विधान है। हमें यहाँ से किसी दूसरे देश में चला जाना चाहिये। इस तरह पीछे हटने में कायरता-दोष नहीं होता। शेर भी तो हमला करने से पहले पीछे हटता है। वीरता का अभिमान करके जो हठपूर्वक युद्ध करता है वह शत्रु की ही इच्छा पूरी करता है और अपने व अपने वंश का नाश कर लेता है।'

इसके बाद मेघवर्ण ने चतुर्थ सचिव 'प्रजीवी' से प्रश्न किया। उसने कहा---- 'महाराज ! मेरी सम्मति में तो सन्धि, विग्रह और यान, तीनों में दोष है। हमारे लिये आसन-नीति का आश्रय लेना ही ठीक है। अपने स्थान पर दृढ़ता से बैठना सब से अच्छा उपाय है। मगरमच्छ अपने स्थान पर बैठकर शेर को भी हरा देता है, हाथी को भी पानी में खींच लेता है। वही यदि अपना स्थान छोड़ दे तो चूहे से भी हार जाय। अपने दुर्ग में बैठकर हम बड़े से बड़े शत्रु का सामना कर सकते हैं। अपने दुर्ग में बैठकर हमारा एक सिपाही शत-शत शत्रुओं का नाश कर सकता है। हमें अपने दुर्ग को दृढ़ बनाना चाहिये। अपने स्थान पर दृढता से खड़े छोटे-छोटे वृक्षों को आँधी-तूफान के प्रबल झोंके भी उखाड़ नहीं सकते। 'तब मेघवर्ण ने चिरंजीवी नाम के पंचम सचिव से प्रश्न किया। उसने कहा---- 'महाराज ! मुझे तो इस समय संश्रय नीति ही उचित प्रतीत होती है। किसी बलशाली सहायक मित्र को अपने पक्ष में करके ही हम शत्रु को हरा सकते हैं। अतः हमें यहीं ठहर कर किसी समर्थ मित्र की सहायता ढूंढ़नी चाहिये। यदि एक समर्थ मित्र न मिले तो अनेक छोटे 2 मित्रों की सहायता भी हमारे पक्ष को सबल बना सकती है।

# पाकिस्तान के रास्ते जाता बांग्लादेश



*परंतु हमने न तो इन अत्याचारों के अपराधी एक भी पाकिस्तानी सैनिक या सैन्य अधिकारियों को सजा दी और न ही इन जनसंहारों और अत्याचारों में पाकिस्तानी फौज का साथ देने वाले स्थानीय जमाती रजाकारों को ही मिटा डालने के लिए कुछ किया। भारत ने सोचा कि बांग्लादेश के मुसलमान पाकिस्तानी फौज और जमातियों के इन भयावह अत्याचारों को झेलने के बाद अब कभी भी इस्लामिक कट्टरपंथ के रास्ते नहीं चलेंगे और न ही पाकिस्तान से हाथ मिलाने की कभी सोचेंगे। इसी गलत आकलन के आधार पर बंगाली मुसलमानों के लिए तो भारत ने पूरा नया देश बनाकर दे दिया, परंतु वहां रह रहे हिंदुओं और बौद्धों को एक बार फिर से वहां के मुस्लिम समाज के भरोसे छोड़ दिया। भारत में नीति-निर्माता भूल गए कि 1946 में बंगाली मुसलमानों ने मुस्लिम लीग का साथ देते हुए जिन्ना के डायरेक्ट एक्शन में सबसे अग्रणी भूमिका निभाई थी और नोआखाली में हिंदुओं के नरसंहार को अंजाम दिया था। बांग्लादेश की स्वतंत्रता के लिए लड़ने वाले अधिकतर नेता और सैन्य अधिकारी मुस्लिम लीग और पाकिस्तानी फौज में रह चुके थे। भारत ने पाकिस्तान से अलग होकर बने नए देश बांग्लादेश के नेताओं और सेना*

बांग्लादेश के हालात बिगड़ने के साथ यह भी दिख रहा है कि वहां की अंतरिम सरकार भारत से संबंध सुधारने के बजाय बिगाड़ने पर अमादा है। उसे न तो अपने यहां के हिंदुओं की हत्याओं की कोई परवाह है और न ही भारत विरोधी तत्वों के बेलगाम होते जाने की। वह इन तत्वों पर लगाम लगाने के बजाय उन्हें शह ही अधिक दे रही है। अपने यहां भारत विरोधी माहौल बनाने के लिए बांग्लादेश एक ओर जहां अपनी क्रिकेट टीम को भारत में आयोजित होने वाले टी-20 विश्व कप में भेजने में आनाकानी कर रहा है, वहीं पाकिस्तान से अपने संबंध प्रगाढ़ कर रहा है। बांग्लादेश में जो हालात हैं, वे हमारी भूलों की भी देन हैं। ऐसी ही भूल हमने कश्मीर को हड़पने की कोशिश करने वाले पाकिस्तान के मामले में भी की थी। कश्मीर को महज एक राजनीतिक समस्या मानकर हम वहां राजनीतिक समाधान तलाशते रहे। इसके परिणाम क्या रहे, उससे सभी परिचित हैं। हमने कोई सबक नहीं सीखा और 1971 में पूर्वी पाकिस्तान के बांग्लाभाषी मुसलमानों और हिंदू अल्पसंख्यकों का पाकिस्तानी फौज द्वारा किए जा रहे नरसंहार को रोकने और बांग्लादेश को मुक्त कराने के लिए भारत ने पाकिस्तानी सेना से युद्ध लड़ा। जिस समय भारत बांग्लादेश के मुक्ति युद्ध में कूदा, उस समय तक पाकिस्तान की फौज 25 लाख बांग्लाभाषी मुसलमानों और हिंदुओं का नरसंहार कर चुकी थी और लाखों महिलाओं के साथ दुष्कर्म हो चुका था। पाकिस्तान की फौज बंगाली मुसलमानों की नस्ल बदलने के लिए रेप कैंप संचालित कर रही थी। इन कैंपों में जन्मे हजारों बच्चों के पुनर्वास के लिए बाद में बांग्लादेश की सरकार को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दत्तक ग्रहण कार्यक्रम चलाना पड़ा। लगभग 4000 भारतीय सैनिकों के बलिदान के बाद ये पाशविक अत्याचार बंद हुए और बांग्लादेश का निर्माण हुआ, परंतु हमने न तो इन अत्याचारों के अपराधी एक भी पाकिस्तानी सैनिक या सैन्य अधिकारियों को सजा दी और न ही इन जनसंहारों और अत्याचारों में पाकिस्तानी फौज का साथ देने वाले स्थानीय जमाती रजाकारों को ही मिटा डालने के लिए कुछ किया। भारत ने सोचा कि बांग्लादेश के मुसलमान पाकिस्तानी फौज और जमातियों के इन भयावह अत्याचारों को झेलने के बाद अब कभी भी इस्लामिक कट्टरपंथ के रास्ते नहीं चलेंगे और न ही पाकिस्तान से हाथ मिलाने की कभी सोचेंगे। इसी गलत आकलन के आधार पर बंगाली मुसलमानों के लिए तो भारत ने पूरा नया देश बनाकर दे दिया, परंतु वहां रह रहे हिंदुओं और बौद्धों को एक बार फिर से वहां के मुस्लिम समाज के भरोसे छोड़ दिया। भारत में नीति-निर्माता भूल गए कि 1946 में बंगाली मुसलमानों ने मुस्लिम लीग का साथ देते हुए जिन्ना के डायरेक्ट एक्शन में सबसे अग्रणी भूमिका निभाई थी और नोआखाली में हिंदुओं के नरसंहार को अंजाम दिया था। बांग्लादेश की स्वतंत्रता के लिए लड़ने वाले अधिकतर नेता और सैन्य अधिकारी मुस्लिम लीग और पाकिस्तानी फौज में रह चुके थे। भारत ने पाकिस्तान से अलग होकर बने नए देश बांग्लादेश के नेताओं और सेना पर इतना भरोसा किया कि चटगांव हिल ट्रैक्ट्स जैसे सामरिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्रों को भी बांग्लादेश के कब्जे में ही छोड़ दिया, जबकि 1947 के बंटवारे में चटगांव हिल ट्रैक्ट्स भारत के हिस्से में आने चाहिए थे, क्योंकि भारत-पाकिस्तान बंटवारे के अंतर्गत बंगाल का बंटवारा हुआ था और चटगांव हिल ट्रैक्ट्स उस समय बंगाल का भाग नहीं था। न ही वह मुस्लिम बहुल था, जो पाकिस्तान को दिया जाता। यही कारण था कि वहां की जनता को लगा था कि उनका भारत का भाग बनना निश्चित है और 15 अगस्त, 1947 को वहां तिरंगा लहराया भी गया था, परंतु बंगाल बाउंड्री कमीशन ने अप्रत्याशित रूप में 17 अगस्त, 1947 को चटगांव हिल ट्रैक्ट्स को पाकिस्तान को दे दिया और पाकिस्तान की फौज ने वहां से तिरंगा उतारा। 1971 की जीत के बाद भारत चटगांव हिल ट्रैक्ट्स वापस ले सकता था, परंतु ऐसा नहीं किया गया, क्योंकि हम यह दिखाना चाहते थे कि हमने तो सिर्फ मानवता के आधार पर बांग्लादेश की सहायता की है, जबकि चटगांव और त्रिपुरा के बीच में मात्र 28 किमी लंबी पट्टी है, जिस पर भारत का अधिकार होने पर भारत के उत्तर पूर्व को समुद्री तट प्राप्त हो सकता था और वहां का आर्थिक विकास हो सकता था। इसके अलावा चीन और अमेरिका को बंगाल की खाड़ी में पैर जमाने से रोका जा सकता था और लाखों बौद्धों एवं हिंदुओं की रक्षा हो सकती थी। आज बांग्लादेश में जो हालात हैं, उससे यह स्पष्ट है कि इस्लामिक कट्टरपंथ और भारत के प्रति घृणा वहां के समाज पर अब उसी तरह हावी है, जैसे पाकिस्तान पर हावी है। वह भारत के एहसान और बलिदान, दोनों को ही भूल चुका है। इसलिए भारत में नीति-निर्माताओं को आज के बांग्लादेश संकट को पूर्व में शेख मुजीब और जियाउर रहमान की हत्याओं से उपजे राजनीतिक संकटों की तरह समझना बंद कर देना चाहिए। वे हिंसा के बावजूद अंततोगत्वा राजनीतिक संकट थे, परंतु इस बार ऐसा नहीं है। बांग्लादेश के समाज का बड़े पैमाने पर जिहादीकरण हुआ है और यदि हमने इस तथ्य की अनदेखी कर उसे राजनीतिक समस्या समझकर उससे निपटने की कोशिश की तो हम वैसे ही पछताएंगे, जैसे कश्मीर के मामले में पछताते आए हैं। हम बांग्लादेश में चाहे जिस पार्टी का समर्थन करें, वहां के गली-मोहल्लों में कट्टरपंथी जमाती हावी रहने वाले हैं और चाहे किसी भी पार्टी की सरकार वहां आए, वह उनके सामने मजबूर रहने वाली है। इसके चलते भविष्य में बांग्लादेश के हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों के समक्ष खतरा बढ़ जाए तो हैरानी नहीं।

## सम्पादकीय

# मजबूत जीडीपी वृद्धि, लेकिन विकास की पूरी तस्वीर अभी बाकी




सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के नए आंकड़ों से स्पष्ट है कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के मुताबिक, भारतीय अर्थव्यवस्था में 7.4 फीसद की वृद्धि होने की उम्मीद है, जिसमें विनिर्माण, सेवाएं और सरकारी व्यय वृद्धि को गति मिलेगी। जाहिर है, इसका असर नौकरी, महंगाई, आमदनी, कर्ज, कर और सरकारी सुविधाओं पर पड़ेगा। ग्रामीण इलाकों में कृषि से जुड़े रोजगार में बढ़ोतरी हो सकती है। सात फीसद या उससे अधिक दर का मतलब यही है। दूसरी ओर, तेज जीडीपी से मांग बढ़ती है, जिससे यदा-कदा महंगाई का दबाव बनता है। अगर विकास दर संतुलित रहे तो आपूर्ति बढ़ने से महंगाई काबू में रहती है। कहा जा सकता है कि आम आदमी के लिए बहुत तेज विकास दर का मतलब महंगाई का खतरा होता है, वहीं इसकी धीमी रफ्तार से आमदनी प्रभावित होती है। लिहाजा, मध्यम और स्थिर विकास आंकड़ा सबसे अच्छा माना जाता है। कर संग्रह और राजकोषीय घाटे पर कोई प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना नहीं है। व्यापक अर्थव्यवस्था और आगामी केंद्रीय बजट दोनों के दृष्टिकोण से यह अच्छी बात है। जीडीपी दर के समांतर महंगाई काबू में रहे तो केंद्रीय रिजर्व बैंक ब्याज दरें घटा सकता है, जिसका सीधा असर कर्ज की किस्त पर पड़ सकता है। साथ ही, सरकार को मिलने वाला कर राजस्व बढ़ सकता है, जिससे ढांचागत और समाज कल्याण की योजनाओं पर खर्च बढ़ाया जा सकता है। शेयर बाजार में तेजी से म्यूचुअल फंड, भविष्य निधि आदि पर सकारात्मक असर हो सकता है। जीडीपी की दर 2024-25 में 6.5 फीसद की तुलना में अधिक है, और यह मुख्य रूप से विनिर्माण और सेवाओं में वृद्धि के सुधार का नतीजा है। दूसरी ओर, नवीनतम आंकड़ों को लेकर चर्चा में कई पहलुओं की अनदेखी हो रही है। कुछ महीने बाद आने वाले जीडीपी के अनंतिम आंकड़े उनसे प्रभावित दिखेंगे। जीडीपी के आंकड़ों में अवैतनिक श्रम (जैसे घरेलू काम), पर्यावरणीय क्षति, आय असमानता और गैर-बाजार लेनदेन (जैसे स्वयंसेवा) जैसे महत्त्वपूर्ण पहलुओं को नहीं गिना जाता। जीडीपी देश की औसत आय बताता है, लेकिन यह नहीं दिखाता कि धन का वितरण कितना असमान है। उच्च जीडीपी के बावजूद समाज के एक बड़े हिस्से का जीवन स्तर निम्न हो सकता है। यह उन वस्तुओं और सेवाओं (जैसे निजी खपत के लिए उत्पादित वस्तुएं, स्वयंसेवा) को शामिल नहीं करता जिनका बाजार में लेन-देन नहीं होता, और उत्पादन की गुणवत्ता में सुधार को नहीं दर्शाता। आपदाओं या खराब परिस्थितियों से बचने के लिए किया गया खर्च (जैसे प्रदूषण मास्क खरीदना, मरम्मत कार्य) भी जीडीपी बढ़ाता है, जबकि यह असल में समाज के कल्याण में कमी को दर्शाता है। ऐसे में जीडीपी के आंकड़ों को सतत विकास का संकेतक नहीं माना जाता। यह भविष्य की पीढ़ियों पर पड़ने वाले प्रभावों को ध्यान में नहीं रखता।

# अनंत संभावनाओं को समेटे है हिंदी

*भाषा किसी भी देश की संस्कृति की मूल्यवान उपलब्धि होती है। वह हमारे भावबोध और आत्मबोध का ऐसा हिस्सा होती है, जिसे यदि हमसे काटकर अलग कर दिया जाए तो हमारा अस्तित्व खतरे में पड़ जाता है। हर भाषा उसे बोलने वालों के इर्द-गिर्द एक जादुई घेरा खींच देती है। यह जादुई घेरा वस्तुतः भाषा की परिधि ही है, जिसके भीतर हमारी पहचान सुरक्षित रहती है, क्योंकि भाषा किसी समूह के सांस्कृतिक प्रतीक-रूपों में जीवित रहती है। आज हिंदी की वैश्विक उपस्थिति ने सिद्ध कर दिया है कि शब्द-सृष्टि का व्यापार अनंत संभावनाओं से परिपूर्ण है। विश्व स्तर पर हिंदी की मांग के नए व्यावसायिक तथा सामाजिक-सांस्कृतिक संदर्भ उभर रहे हैं। विश्वभर में बसे भारतीय हिंदी के स्वाभिमान को बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। वे यह भली-भांति जानते हैं कि हर भाषा की संरचना के सामाजिक-*




दस जनवरी का दिन 'विश्व हिंदी दिवस' के रूप में हिंदी प्रेमियों को उत्साह से भर देता है। यह दिन हमें हिंदी भाषा के ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य, उसकी वर्तमान स्थिति और भविष्य की संभावनाओं पर विचार-मंथन का अवसर भी प्रदान करता है। इस वर्ष 'विश्व हिंदी दिवस' हमारे लिए ऐतिहासिक है, क्योंकि नागपुर में आयोजित प्रथम विश्व हिंदी सम्मेलन को पचास वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। 1975 में नागपुर में 10 जनवरी को आयोजित प्रथम विश्व हिंदी सम्मेलन वैश्विक स्तर पर हिंदी के प्रचार-प्रसार का महत्वपूर्ण प्रयास था, जिसका उद्घोष था-'वसुधैव कुटुंबकम्'।

30 देशों के 122 प्रतिनिधियों ने उसमें सहभागिता की थी। उस सम्मेलन ने भारत और भारत के बाहर बसे भारतीयों में अपनी भाषाई और सांस्कृतिक पहचान को वैश्विक मंच पर स्थापित करने की उत्कंठा जगा दी। उनमें केवल राष्ट्रीय स्तर पर ही नहीं, बल्कि विश्व स्तर पर भी हिंदी के प्रचार-प्रसार से जुड़ने का संकल्प जागृत हुआ। राष्ट्रीय और सांस्कृतिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि वैश्विक आवश्यकता की दृष्टि से भी हिंदी का महत्व रहा है। अनेक विदेशी विद्वानों ने भी हिंदी की सेवा की है। इस दृष्टि से बेल्जियम के फादर कामिल बुल्के, मारीशस के अभिमन्यु अनंत, जापान के प्रो. क्यूया दोई, जर्मनी के लोथार लुत्से, मास्को के येवगेनी पेत्रोविच चेलिशेव, श्रीलंका की इंद्रा दसनायक, न्यूजीलैंड के रोनाल्ड स्टुअर्ट मैकग्रेगर तथा हंगरी के इमरै बंधा आदि के नाम गिनाए जा सकते हैं। भाषा किसी भी देश की संस्कृति की मूल्यवान उपलब्धि होती है। वह हमारे भावबोध और आत्मबोध का ऐसा हिस्सा होती है, जिसे यदि हमसे काटकर अलग कर दिया जाए तो हमारा अस्तित्व खतरे में पड़ जाता है। हर भाषा उसे बोलने वालों के इर्द-गिर्द एक जादुई घेरा खींच देती है। यह जादुई घेरा वस्तुतः भाषा की परिधि ही है, जिसके भीतर हमारी पहचान सुरक्षित रहती है, क्योंकि भाषा किसी समूह के सांस्कृतिक प्रतीक-रूपों में जीवित रहती है। आज हिंदी की वैश्विक उपस्थिति ने सिद्ध कर दिया है कि शब्द-सृष्टि का व्यापार अनंत संभावनाओं से परिपूर्ण है। विश्व स्तर पर हिंदी की मांग के नए व्यावसायिक तथा सामाजिक-सांस्कृतिक संदर्भ उभर रहे हैं। विश्वभर में बसे भारतीय हिंदी के स्वाभिमान को बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। वे यह भली-भांति जानते हैं कि हर भाषा की संरचना के सामाजिक-सांस्कृतिक स्रोत होते हैं। इसीलिए भाषा हमें अपने इतिहास, मिथक और परंपरा से जोड़ती है। यह जुड़ाव ही सामूहिक अस्मिता बनकर अत्यंत मूल्यवान हो जाता है। इस प्रकार हिंदी का विश्वबोध निर्मित हो रहा है। भारत की तेज आर्थिक प्रगति को देखकर भाषाशास्त्रियों का अनुमान है कि आने वाले समय में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संपर्क की जो दस भाषाएं होंगी, उनमें हिंदी भी शामिल रहेगी। वह ज्ञान-विज्ञान, उच्च प्रौद्योगिकी तथा नवाचार के वैश्विक परिदृश्य में अपने सामर्थ्य को सिद्ध करेगी। भूमंडलीकरण से जन्मी परिस्थितियों ने भी विश्व भाषा के रूप में हिंदी की स्थिति को सुदृढ़ किया है।

उपभोक्तावादी संस्कृति में भाषा की शक्ति और सामर्थ्य का मानक बाजार बन गया है। आज भाषा समृद्धि के मानदंडों से नियंत्रण और निर्धारण के खेल को स्वीकार या अस्वीकार करती है। भारत के बदलते सांस्कृतिक और आर्थिक माहौल ने बहुराष्ट्रीय कंपनियों में भारतीयता को अपनी मार्केटिंग का प्रभावी हथियार बनाकर अपने उत्पादों के प्रचार-प्रसार की प्रवृत्ति को बढ़ावा दिया है। उन्होंने भारतीय आस्थाओं, परंपराओं और छवियों को विज्ञापनों में जागृत करना शुरू कर दिया है। इन दिनों विज्ञापनों में भारतीय सांस्कृतिक प्रतीकों का व्यापक उपयोग हो रहा है।

# मनरेगा में भ्रष्टाचार

ग्रामीण विकास मंत्रालय के आंतरिक आडिट के चलते मनरेगा में भ्रष्टाचार के जैसे मामले सामने आए, वे चौंकाने वाले हैं। चालू वित्त वर्ष में देश के केवल 55 जिलों में कराए गए ऑडिट में वित्तीय गड़बड़ी के 11 लाख से ज्यादा मामले पकड़े गए, जिनमें 300 करोड़ रुपये से अधिक की हेराफेरी हुई। कोई भी अनुमान लगा सकता है कि जब केवल 55 जिलों में आठ माह में मनरेगा के तहत कराए गए कामों में इतनी गड़बड़ी देखने को मिली तो देश भर के सात सौ से अधिक जिलों में क्या स्थिति होगी? साफ है कि निर्धन तबके के लोगों को रोजगार देने के नाम पर लूट हो रही थी और कोई उसे रोकने वाला नहीं था। जिस तरह यह सामने आया कि जन कल्याण के



नाम पर हो रहे भ्रष्टाचार में ठेकेदार, अधिकारी से लेकर बैंक मैनेजर तक शामिल थे, उससे यही स्पष्ट होता है कि सरकारी धन के बंदरबाट का एक तंत्र विकसित हो गया था। हालांकि रह-रहकर ऐसे सवाल उठते थे कि आखिर मरनेगा के तहत बुनियादी विकास के कितने ठोस काम हो रहे हैं, लेकिन उन पर कभी ध्यान नहीं दिया गया? इसी तरह इस सवाल का भी जवाब नहीं दिया गया कि रोजगार के नाम पर कब तक गड्ढे खोदे और भरे जाते रहेंगे? ऐसे सवालों के जवाब मांगने वालों को प्रायः यह सुनने को मिलता था कि उन्हें गरीबों के उत्थान की योजना रास नहीं आ रही है। कई बार तो मनरेगा में किसी तरह के बदलाव के सुझाव को इसलिए अनदेखा कर दिया जाता था कि इस योजना में महात्मा गांधी का नाम जुड़ा था। अभी हाल में जब मोदी सरकार ने इस योजना के नाम के साथ उसके रूप-स्वरूप में भी बदलाव किया तो विरोध में यह भी कहा गया कि इस सरकार को गांधी जी के नाम से बैर है। स्वाभाविक रूप से कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दलों ने सबसे अधिक विरोध किया, लेकिन उनके पास भ्रष्टाचार संबंधी सवालों का कोई जवाब नहीं था। कहीं ऐसा तो नहीं कि राज्य सरकारें मनरेगा में व्याप्त भ्रष्टाचार की इसलिए अनदेखी कर रही थीं कि इस योजना के तहत केंद्र सरकार का अंशदान 90 प्रतिशत था? सच जो भी हो, इसकी अनदेखी न की जाए कि आम तौर पर राज्य सरकारें उन योजनाओं के क्रियान्वयन में गंभीरता नहीं दिखातीं, जिनका पैसा केंद्र से मिलता है। ऐसी योजनाएं भ्रष्टाचार का भी शिकार अधिक होती हैं। अपने देश में विभिन्न सरकारी योजनाओं के तहत कागजों पर काम दिखाकर उसका पैसा हड़प लेना एक पुरानी बीमारी है।

## आवारा कुत्तों का आतंक, 6 वर्षीय बच्ची पर हमला

जयपुर टाइम्स

**फुलेरा(निस)।** कस्बे की जगदंबा कॉलोनी में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। शनिवार को एक दर्दनाक घटना में 6 वर्षीय बच्ची सिद्धि कंवर पर कुत्तों ने हमला कर दिया। बच्ची अपने घर के बाहर खेल रही थी, तभी अचानक एक कुत्ते ने उसे पकड़ लिया और जख्मी कर दिया। बच्ची की चीख-पुकार सुनकर पड़ोसी व आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और कुत्तों के चंगुल से बच्ची को बचाया। समय रहते लोगों ने हस्तक्षेप नहीं किया होता तो कुत्ते बच्ची को गंभीर रूप से घायल कर सकते थे। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है।



स्थानीय लोगों का कहना है कि कस्बे में आवारा कुत्तों का आतंक लंबे समय से फैला हुआ है, लेकिन इसके बावजूद पालिका प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। आए दिन कुत्तों के हमलों की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। निवासियों ने पालिका प्रशासन से आवारा कुत्तों पर तुरंत लगाम लगाने और स्थायी समाधान की मांग की है।

## शतायुपार वृध्दा गणपति देवी का देहावसान

जयपुर टाइम्स

**पावटा(निस)।** क्षेत्र के प्रमुख युवा नेता यादराम यादव की दादी व स्वर्गीय प्रभात यादव की धर्मपत्नी गणपति देवी का शुक्रवार को 101 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। परिजनों के अनुसार गणपति देवी वात्सल्य, ममता और संस्कारों की प्रतिमूर्ति थीं। उन्होंने अपने दीर्घ जीवनकाल में परिवार और समाज को एकजुट रखने, परंपराओं के पालन तथा नैतिक मूल्यों की सीख दी। उनका जीवन सादगी, सेवा और सामाजिक समरसता का प्रतीक रहा।उनके निधन को परिवार के साथ-साथ क्षेत्र के लिए भी अपूरणीय क्षति माना जा रहा है। शोक व्यक्त करने वालों में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक शामिल रहे, जिन्होंने दिवंगत आत्मा को अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित की। शोक संतप्त परिवार में पुत्र फूलचंद, रामेश्वर, मानाराम, गिरधारी, पुत्रियां दमली देवी, कमला, पतासी देवी, पौत्र बनवारी, राजू, यादराम, महेंद्र, मनीष सहित समस्त यादव परिवार शामिल हैं। शोकाकुल परिजनों को सांत्वना देने वालों का दिनभर तांता लगा रहा। ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिवार को यह दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की गई।



## रामा कृष्णा महाविद्यालय रातल्या में विद्यार्थियों ने किया श्रमदान



जयपुर टाइम्स

**सांगानेर(निस)।** पंचायत समिति सांगानेर कस्बे के रामा कृष्णा शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय रघुनाथपुरा (रातल्या) में शनिवार को प्राचार्य डॉ प्रतीक्षा शर्मा के नेतृत्व में श्रमदान का आयोजन किया गया। जिसके अन्तर्गत महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने संकाय सदस्यों के निर्देशन में गाँव में स्थित मंदिर और आस पास के सम्पूर्ण परिसर की सफाई करके संपूर्ण क्षेत्र को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया। शीतल गुप्ता, डॉ सुमन शर्मा, रामबाबू शर्मा, डूंगरा मल रेगर, नीरू अरोड़ा सेवाराम प्रजापत संतोष शर्मा, अनीता सोनी, सुप्रिया शर्मा सहित मौजूद रहे।

## चोरी की बढ़ती वारदातों से ग्रामीणों में आक्रोश



जयपुर टाइम्स

**सांगानेर(निस)।** कस्बे के मोहब्बतपुरा की कौशल्या दास की बावड़ी क्षेत्र स्थित बावरियों की ढाणी में देर रात चोरों ने गणपत राम बावरिया के बाड़े से 11 बकरियां चुरा लीं। चोर रात के अंधेरे का फायदा उठाकर बाड़े में घुसे। उन्होंने 14 में से 11 बकरियों को अपने साथ ले गए। इसी दौरान परिवार का एक युवक रात्रि जागरण से लौट रहा था। उसकी आहट सुनकर चोर घबरा गए और मौके से भाग निकले। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। चोरी की इस वारदात से परिवार की आर्थिक स्थिति पर गहरा असर पड़ा है। रेनवाल मांजी थाना पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया और आसपास के लोगों से पूछताछ कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। समाजसेवी जितेन्द्र शर्मा का कहना है कि क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं के बावजूद ठोस कार्रवाई नहीं होने से चोरों के हौसले बुलंद हैं। पीड़ित परिवार सहित ग्रामीणों ने प्रशासन से चोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने रात्रि गश्त बढ़ाने और संदिग्ध लोगों पर नजर रखने की भी अपील की।

## घुमंतु बस्ती मंदिर में पाटोत्सव आज

**जयपुर(कास)।** घुमन्तु जाति बस्ती, चेतना नगरी , जयसिंहपुरा खोर दिल्ली रोड जयपुर स्थित बस्ती में रविवार को घुमन्तु जाति उत्थान न्यास के घुमन्तु जाति कार्य के महानगर संयोजक राकेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में विशाल मंदिर पाटोत्सव कार्यक्रम आयोजित होगा। संयोजक व इंडियन फार्मासिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष सर्वेश्वर शर्मा ने यह जानकारी दी। इस महोत्सव में हवामहल विधायक स्वामी बालमुकुन्दाचार्य हाथोज धाम की मौजदूगी में दस्तावेजीकरण होगा।

# प्रभारी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने जिले के सर्वांगीण विकास पर विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ की बजट पूर्व चर्चा

जयपुर टाइम्स



**नावांशहर(निस)।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी व जिला प्रभारी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने कहा कि विगत दो वर्षों में राज्य सरकार ने अपने बजट में सभी वर्गों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। आगे भी जिले के सर्वांगीण विकास के लिए संसाधनों की कोई कमी नहीं रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने जिले के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ बनाया है। इससे गांव-ढाणी तक गुणवत्तापूर्ण कार्य किये जा रहे है। उन्होंने कहा कि बजट पूर्व संवाद का उद्देश्य यही है कि विभिन्न हितधारकों, संगठनो के प्रतिनिधियों, विषय विशेषज्ञों के सुझावों से एक ऐसा बजट बने, जिससे प्रदेश व जिले में विकास के नए आयाम स्थापित हो सके और राजस्थान सभी क्षेत्रों में सिरमौर बने। कन्हैयालाल शनिवार को नगर परिषद सभागार कुचामन में जिले के विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बजट पूर्व संवाद कर रहे थे। बैठक में जिले के विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने कुचामन में मेडिकल कॉलेज बनाने, जिले में पर्यटन स्थलों के विकास, शहर के सौंदर्यकरण के लिए अलग बजट देने, राजीविका समूहों को सहयोग देने, मकराना मार्बल को बढ़ावा देने के लिए बजट देने सहित अन्य महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। इस दौरान प्रभारी मंत्री ने बैठक में उपस्थित प्रतिभागियों के सुझावों को गंभीरता के साथ सुना। उन्होंने कहा कि प्राप्त सुझावों को आगामी बजट में शामिल करने का प्रयास किया जाएगा।

इससे पूर्व प्रभारी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री चौधरी ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने दो वर्ष में जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए कार्य किया है। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी जनकल्याण की भावना के साथ जिले के विकास के लिए कार्य करें। बैठक में प्रभारी मंत्री कन्हैयालाल ने बजट घोषणाओं की प्रगति, जल जीवन मिशन, जिले में चल रहे विभिन्न विभागों से जुड़े निर्माण कार्य, आधारभूत संरचना के विकास से संबंधित कार्य, जिले में पेयजल व्यवस्था व विभिन्न स्तर पर लंबित कार्यों की क्रियान्वित के संबंध में चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जनहित के कार्यों को अच्छी गुणवत्ता से पूर्ण प्राथमिकता के साथ त्वरित रूप से हो। इस दौरान राजस्व राज्य मंत्री विजय सिंह चौधरी, जिला कलक्टर डॉ.महेंद्र खड़गावत, पूर्व जिला प्रमुख भागीरथ चौधरी, सुनीता माहेश्वरी,नगर परिषद सभापति सुरेश सिखवाल अतिरिक्त जिला कलक्टर मोहन लाल खटनावलिया सहित सभी विभागों के अधिकारी, विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

नर्सिंग महाविद्यालय में नवप्रवेशित विद्यार्थियों का भव्य स्वागत समारोह

## फ्रेशर पार्टी में दिखा सांस्कृतिक रंग, रैम्प वॉक व नृत्य प्रस्तुतियों ने मोहा मन


जयपुर टाइम्स



**नावां शहर(निस)।** नावा में राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत के लिए सहवाग (फ्रेशर) समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सीनियर विद्यार्थियों की ओर से किया गया, जिसमें नए विद्यार्थियों के लिए फ्रेशर पार्टी रखी गई। समारोह में उत्साह, उमंग और सांस्कृतिक रंग देखने को मिले। कार्यक्रम की शुरुआत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुई। प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों की ओर से रैम्प वॉक का आयोजन किया गया, जिसने सभी का ध्यान आकर्षित किया। रैम्प वॉक के दौरान महाविद्यालय के शिक्षकों ने विद्यार्थियों से शैक्षणिक व सामान्य ज्ञान से जुड़े प्रश्न पूछे। सही उत्तर देने वाले विद्यार्थियों को कार्यक्रम के अंत में पुरस्कृत किया गया, जिससे विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी में कोमल कुमावत (प्रथम सेमेस्टर) ने बॉलीवुड रीमिक्स पर शानदार प्रस्तुति दी। वहीं घूमर व मेघा (प्रथम सेमेस्टर) ने राजस्थानी गीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। मनीषा व उनकी टीम (प्रथम सेमेस्टर) की ओर से 'आलसी नृत्य' की प्रस्तुति दी गई। इसके अतिरिक्त कल्पना, करिश्मा, कृष्णा और पूनम (प्रथम सेमेस्टर) ने बॉलीवुड रीमिक्स पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नावा बीसीएमओ डॉ. सौरभ जैन, नावा थाना अधिकारी नंद लाल तथा नावा उप जिला चिकित्सालय के पीएमओ डॉ. राजवीर चौधरी रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए नर्सिंग क्षेत्र में सेवा, अनुशासन और समर्पण के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य रामनिवास मूंड ने की। उन्होंने नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान संकाय सदस्य सुरेंद्र सिंह, लाल राम, अनिता कुमारी, अंजु कुमारी सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। समारोह का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ।

## ग्रामीण अंचल के विद्यार्थियों को मिला कैरियर गाइडेंस

जयपुर टाइम्स




**पावटा(निस)।** ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को करियर के प्रति जागरूक करने एवं उज्ज्वल भविष्य की दिशा देने के उद्देश्य से शुक्रवार को प्रागपुरा व जोधपुर के दो शिक्षण संस्थानों में करियर मोटिवेशनल एवं गाइडेंस सेमिनार आयोजित किए गए। सेमिनार में विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण, आत्मविश्वास निर्माण, बदलते रोजगार परिदृश्य तथा आत्मनिर्भरता के लिए प्रेरित किया गया। दोनों कार्यक्रमों के मुख्य वक्ता वरिष्ठ पत्रकार एवं करियर मोटिवेटर जितेंद्र प्रजापत रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सही मार्गदर्शन, अनुशासन और स्पष्ट लक्ष्य के साथ ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थी भी किसी से पीछे नहीं हैं। उन्होंने सर्विस सेक्टर, मैनेजमेंट, आईटी, सरकारी एवं निजी क्षेत्रों में उपलब्ध करियर विकल्पों की जानकारी देते हुए प्रतियोगी परीक्षाओं, स्किल डेवलपमेंट और निरंतर अभ्यास के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रागपुरा स्थित नीलकमल सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में आयोजित सेमिनार के दौरान संस्था निदेशक महेंद्र कुमार एवं प्रधानाचार्य अशोक कुमार बड़नगर उपस्थित रहे। वहीं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, जोधपुर में कक्षा 10वीं व 12वीं के विद्यार्थियों के लिए आयोजित कार्यक्रम में प्रधानाचार्य भागीरथ मल कुलदीप सहित विद्यालय स्टाफ के सदस्य बलवंत सिंह, गिराज प्रसाद शर्मा, वरिष्ठ अध्यापिका अर्पणा अग्रवाल, हनुमान सहाय कुम्हार, नेहा पवार, नवीन कुमारी, रामकरण कुलदीप, दिग्विजय सिंह एवं जयसिंह चौधरी मौजूद रहे। दोनों स्थानों पर विद्यार्थियों ने करियर से जुड़े प्रश्न पूछे, जिनका मुख्य वक्ता द्वारा सरल एवं व्यवहारिक तरीके से समाधान किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को विशेष रूप से आत्मनिर्भर बनने एवं उच्च शिक्षा की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया गया। एनएसएसआरडी एनजीओ के सचिव कमल यादव ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से ग्रामीण प्रवेश के बच्चे निश्चित लक्ष्य की और आदर्श हो पाते हैं।सेमिनार के आयोजन में एनएसएसआरडी एनजीओ की सक्रिय भूमिका रही। एनजीओ प्रतिनिधि बलराज सिंह शेखावत मनोज यादव,रवि कुमार सेनी, हनीफ खान की उपस्थिति में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। विद्यालय प्रशासन ने एनजीओ टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे मार्गदर्शन कार्यक्रम ग्रामीण विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## भागीरथ चौधरी के प्रयासों से किशनगढ़ में पोरबंदर-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस का प्रायोगिक ठहराव

जयपुर टाइम्स



**किशनगढ़(निस)।।** भारतीय रेलवे की ओर से यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पोरबंदर-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस रेलसेवा को किशनगढ़ रेलवे स्टेशन पर प्रायोगिक आधार पर आगामी आदेशों तक ठहराव प्रदान किया गया है। यह किशनगढ़ व अजमेर संसदीय क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। केंद्रीय कृषि व किसान कल्याण राज्य मंत्री तथा स्थानीय अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी ने शनिवार को किशनगढ़ रेलवे स्टेशन से गाड़ी संख्या 19269/19270 पोरबंदर- मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस रेलसेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर रेलवे अधिकारी, जनप्रतिनिधि व बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि किशनगढ़ रेलवे स्टेशन पर इस महत्वपूर्ण रेलसेवा के ठहराव से अजमेर संसदीय क्षेत्र सहित किशनगढ़ के यात्रियों, व्यापारियों व पर्यटकों को सीधा लाभ मिलेगा। विशेष रूप से पश्चिम भारत को पूर्व भारत से जोड़ने वाली यह ट्रेन व्यापार, रोजगार और आवागमन की दृष्टि से अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। भागीरथ चौधरी ने इस सौगात के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का क्षेत्रवासियों की ओर से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के नेतृत्व में देशभर में रेल सेवाओं का अभूतपूर्व विकास हो रहा है। आधुनिक रेल नेटवर्क, नई ट्रेनों की शुरुआत, स्टेशनों का उन्नयन और यात्री सुविधाओं में निरंतर विस्तार इसका प्रमाण है। केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि बीते साढ़े छह वर्षों में अजमेर संसदीय क्षेत्र को बतौर सांसद अनेक महत्वपूर्ण रेल व विकास परियोजनाओं की सौगातें मिली हैं, जिससे आमजन की वर्षों पुरानी अपेक्षाएं पूरी हो रही हैं। उन्होंने दोहराया कि अजमेर संसदीय क्षेत्र के समग्र विकास के साथ-साथ अपने गृह क्षेत्र किशनगढ़ के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य हो रहा है। केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने विश्वास व्यक्त किया कि यह रेल ठहराव भविष्य में स्थायी रूप लेगा और क्षेत्र के आर्थिक, सामाजिक व पर्यटन विकास को नई गति प्रदान करेगा।

## हर पृष्ठ पर जीवन की सच्ची झलक: देवनानी

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(कास)।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने विधायक गोपाल शर्मा की नवीन कृति मेरी मुलाकाते का विमोचन करते हुए कहा कि यह पुस्तक ऐसे व्यक्तित्व की साक्षी है जो पत्रकारिता की स्याही से विधायिका के मंदिर को रोशन करता रहा है। उन्होंने कहा कि 'मेरी मुलाकातें' अतीत और वर्तमान का पुल है। इसके हर पृष्ठ पर जीवन की सच्ची झलक मिलती है। यह पुस्तक नहीं, बल्कि अनुभवों का संग्रहालय है, जहां मुलाकातें केवल बातचीत नहीं, बल्कि इतिहास की धड़कनें हैं। देवनानी ने डॉ. गोपाल शर्मा को शुभकामनाए देते हुए कहा कि वे ऐसे वरिष्ठ पत्रकार हैं, जो राजस्थान की धरती पर दशकों से कलम की तलवार चला रहे हैं। उन्होंने ग्रामीण भारत की पीड़ा को शहरी पन्नों तक पहुंचाया। सामाजिक न्याय, किसान आंदोलनों, राजनीतिक परिवर्तनों जैसे हर मुद्दे पर उनकी रिपोर्टिंग ने नीतियां बदलीं और फिर, विधायकी के प्रखर सिपाही के रूप में राजस्थान विधानसभा में आवाज बुलंद की। चाहे शिक्षा हो, स्वास्थ्य हो या ग्रामीण विकास उनकी बहसें सदन को झकझोरती है। डॉ. शर्मा केवल विधायक नहीं, बल्कि जनसेवा के जीवंत प्रतीक हैं। उनकी कृति का विमोचन अविश्वसनीय पल है। देवनानी ने कहा कि इस पुस्तक में डॉ. शर्मा ने अपनी उन मुलाकातों को बुना है जो सामान्य जीवन को असामान्य बनाती हैं। पत्रकार की कलम से राजनेताओं, कलाकारों, संतों और आमजन के चेहरे इतिहास के पन्नों में उतर आते हैं। एक अध्याय में क्रांतिकारी की बातें जो स्वतंत्रता संग्राम की आग अभी भी जलाए रखे हुए हैं। दूसरे में एक किसान की व्यथा, जो मिट्टी से जुड़ी है। तीसरे में एक कलाकार का संगीत, जो आत्मा को झंकृत कर देती है। देवनानी ने कहा कि पत्रकारिता और राजनीति का संगम जब इतनी सुंदरता से व्यक्त होता है, तो वह साहित्य बन जाता है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में जब सोशल मीडिया की बाढ़ में सच्ची बातें डूब रही हैं, तब ऐसी पुस्तकें प्रकाश की किरण हैं। यह पुस्तक आने वाली पीढ़ियों के लिए गुरुकुल साबित होगी। देवनानी ने कहा कि पत्रकार विधायक बन सकता है, लेकिन उसकी आत्मा कलम में ही बसती है। देवनानी ने कहा कि युवा इस पुस्तक को पढ़ेंगे और सोचेंगे। यही साहित्य की शक्ति है।

# केंद्र सरकार मनरेगा को कमजोर कर गरीब, गांव और मजदूरों के हितों पर कर रही सीधा हमला

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस के निर्देशानुसार केंद्र सरकार की ओर से मनरेगा योजना के नाम परिवर्तन व उसे कमजोर किए जाने के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी धौलपुर की ओर से शनिवार को स्थानीय सर्किट हाउस में मनरेगा बचाओ, संग्राम जनजागरण अभियान को लेकर प्रेस वार्ता व संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के मुख्य अतिथि जिला संगठन प्रभारी व प्रदेश उपाध्यक्ष अजीत यादव रहे, जबकि अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष व विधायक संजय कुमार ने की। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए अजीत यादव ने कहा कि केंद्र सरकार मनरेगा को कमजोर कर गरीब, गांव और मजदूरों के हितों पर सीधा हमला कर रही है। कांग्रेस पार्टी इस साजिश के खिलाफ सड़क से लेकर संसद तक संघर्ष करेगी। उन्होंने बताया कि जिले में मनरेगा बचाओ संग्राम जनजागरण अभियान आगामी 45 दिनों तक जिला, ब्लॉक, मंडल और बूथ स्तर तक चलाया जाएगा। जिला कांग्रेस अध्यक्ष संजय कुमार ने कहा कि मनरेगा के मूल स्वरूप से छेड़छाड़ कर केंद्र सरकार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की ग्राम स्वराज की परिकल्पना को कमजोर कर रही है। उन्होंने घोषणा की कि 11 जनवरी को गांधी पार्क में मनरेगा बचाओ अभियान के तहत उपवास कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। धौलपुर विधायक शोभा रानी कुशवाहा ने कहा कि महात्मा गांधी का नाम हटाना देश की आत्मा पर प्रहार है। मनरेगा ने ग्रामीण भारत में रोजगार और विकास के नए अवसर पैदा किए हैं। पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष पंडित दुर्गा दत्त शास्त्री व पंडित साकेत बिहारी शर्मा ने कहा कि कोरोना काल में मनरेगा गरीबों के लिए लाइफ लाइन साबित हुई थी, लेकिन आज इसे कमजोर किया जा रहा है। बैठक में प्रदेश व जिला पदाधिकारी, अग्रिम संगठन, प्रकोष्ठ, ब्लॉक व मंडल अध्यक्षों सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन संगठन महासचिव धनेश जैन ने किया। इस दौरान पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पंडित दुर्गा दत्त शास्त्री एवं पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पंडित साकेत बिहारी शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र सरकार ने मनरेगा नरेगा के मूल स्वरूप को खत्म करके गरीबों के साथ अन्याय किया है उन्होंने कहा कि मनरेगा कोरोना काल में लाइफ लाइन साबित हुई थी। इसके लिए हम सब कांग्रेस कार्यकर्ता मजबूत के साथ आवाज बुलंद करेंगे। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव धर्मेंद्र शर्मा, अमित मुद्गल प्रदेश उपाध्यक्ष लीना शर्मा, एस सी विभाग अध्यक्ष दर्शन लाल,मूला सिंह, डाक्टर सुरेंद्र सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार पूंजी पत्तियों की सरकार है। इस सरकार ने गरीब कल्याण की योजना को खत्म करके युवाओं व बेरोजगारो के साथ कुठाराघात किया है। इस अवसर पर सेवा दल अध्यक्ष समृद्धि दीक्षित, रोशनी शिवहरे, ब्लाक अध्यक्ष रामेंद्र मीणा, उमर फारूक, शिबू लोधा, राजेंद्र पोसवाल, बनवारी लाल जाटव, सुरेंद्र सिंह जाटव, शहजाद जलमानी, माहिर हसन, सुलेमान फारुकी, निकाय प्रकोष्ठ अध्यक्ष नासिर खान, सेवा दल युवा अध्यक्ष सोनू यादव, प्रदेश प्रभारी बाबी जगरिया, हाजी अजमेरी, योगेश अग्रवाल, मुरारी लाल सरपंच,अनिल अरेला, ब्लाक अध्यक्ष पुष्पेंद्र कुशवाहा राजेश कुशवाहा, राजेश प्रजापति, गोरेलाल, प्रदेश सचिव पंकज तिवारी, अभिषेक यादव, अभिषेक सक्सेना, नईम खान, महादेव मीणा सरपंच दिनेश त्यागी, युवा नेता प्रवेश पठान, मनीष मंगल, हरिविलास रजक, केशव मीणा, शाहरुख, अशोक कुमार, विक्रम पहाड़िया,राजू पहाड़िया, महावीर कुशवाहा, लोकेंद्र कंडेरा, शकील खान, दीपक, आजाद मिर्जा,फरत खान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# बॉर्डर 2 लिए के लिए सनी देओल ने सबसे ज्यादा फीस ली

2026 की बहुप्रतीक्षित फिल्म बॉर्डर 2, 23 जनवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। यह गणतंत्र दिवस के ठीक पहले आएगी। अनुराग सिंह के निर्देशन में बनी यह फिल्म अपनी कास्ट और कहानी की वजह से काफी चर्चा में है। फिल्म के निर्माताओं ने कलाकारों की सैलरी का आधिकारिक खुलासा नहीं किया है, लेकिन मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार सनी देओल सबसे ज्यादा फीस लेने वाले कलाकार हैं। कथित तौर पर उन्होंने अपने रोल के लिए 50 करोड़ रुपये लिए हैं। सनी देओल तो पहली फिल्म में भी थे।

### वरुण और दिलजीत दोसांझ की फीस



सनी के अलावा वरुण धवन और दिलजीत दोसांझ को भी अच्छी फीस मिली है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, वरुण धवन ने बॉर्डर 2 के लिए 8-10 करोड़ रुपये फीस ली है। वहीं दिलजीत दोसांझ ने 4-5 करोड़ रुपये लिए हैं।



मुख्य कलाकारों के अलावा सपोर्टिंग रोल में अहान शेट्टी, सोनम बाजवा, मोना सिंह और मेधा राणा हैं। उनकी सैलरी का सटीक आंकड़ा नहीं बताया गया, लेकिन कहा जा रहा है कि उन्होंने भी करोड़ों में अच्छी रकम ली।




**श्रद्धा कपूर बॉलीवुड की सबसे पसंदीदा और जबरदस्त फैन फॉलोइंग वाली एक्ट्रेस मानी जाती हैं। यही नहीं वो इंडस्ट्री की मोस्ट डिजायरेबल बैचलर्स एक्ट्रेस में से भी एक हैं। राहुल मोदी के साथ कथित रिलेशनशिप की खबरों के बाद फैंस उनकी शादी का भी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब आखिर श्रद्धा ने एक फैन को जवाब देते हुए अपनी शादी पर चुप्पी तोड़ी है और शादी पर बात की है।**

# राहुल मोदी से अफेयर की चर्चाओं के बीच श्रद्धा कपूर ने शादी की योजना पर दी प्रतिक्रिया

श्रद्धा कपूर ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपने ज्वेलरी ब्रांड का एक प्रमोशनल वीडियो पोस्ट किया। वीडियो में अभिनेत्री यह बताती नजर आ रही हैं कि आंकड़े बताते हैं कि ज्यादातर ब्रेकअप वैलेंटाइन डे के आसपास होते हैं। फिर वह इसके पीछे के संभावित कारणों पर विचार करती हैं और शरारती अंदाज में कहती हैं कि लोग प्यार के इस मौसम में अकेले रहने से बचने के लिए उनके गिफ्ट बॉक्स खरीद सकते हैं। अपने वीडियो के कैप्शन में भी श्रद्धा ने फैंस से यही पूछा है, 'किस किसका ब्रेकअप वैलेंटाइन के करीब हुआ है?'
श्रद्धा कपूर के इस वीडियो पर कई लोगों ने अभिनेत्री से उनकी शादी को लेकर सवाल कर डाला। तो कुछ ने तो उन्हें अपना वैलेंटाइन बनने के लिए ही पूछ लिया। इसी क्रम में एक यूजर ने उनकी शादी की योजना को लेकर सवाल करते हुए, कमेंट में लिखा, 'श्रद्धा जी आप शादी कब करोगे?' ये कमेंट वायरल तब हो गया, जब श्रद्धा ने इस पर रिप्लाई करते हुए अपना जवाब दिया। एक्ट्रेस ने बिना झिझक जवाब देते हुए लिखा, 'मैं करूंगी, विवाह करूंगी।' श्रद्धा का ये जवाब अब सोशल मीडिया पर वायरल है और उनके जल्द ही शादी करने की खबरों को भी बल दे रहा है।

## राहुल मोदी के साथ जुड़ रहा श्रद्धा का नाम

श्रद्धा कपूर का नाम पिछले कुछ वक्त से राहुल मोदी के साथ जोड़ा जा रहा है। दोनों को कई मौकों पर साथ भी देखा गया है। हालांकि, दोनों में से किसी ने भी अपने रिश्ते पर कभी कुछ नहीं बोला। श्रद्धा और राहुल के बीच डेटिंग की अफवाहें सबसे पहले 2024 की शुरुआत में मुंबई में डिनर डेट के बाद एक साथ देखे जाने से उठीं। श्रद्धा कभी-कभी इंस्टाग्राम पर उनकी मजेदार तस्वीरें



पोस्ट करती रहती हैं। उनके अलग होने की अफवाहें भी उड़ी थीं, लेकिन श्रद्धा ने दिसंबर 2024 में इंस्टाग्राम पर राहुल के साथ वड़ा पाव डेट की एक तस्वीर पोस्ट करके इन अफवाहों को खारिज कर दिया।

## श्रद्धा का वर्कफंट

वर्कफंट की बात करें तो श्रद्धा कपूर आखिरी बार 'स्त्री 2' में नजर आई थीं। वहीं श्रद्धा के आगामी प्रोजेक्ट्स की बात करें तो इनमें ईथा, जो प्रसिद्ध मराठी लोक कलाकार विथाबाई नारायणगांवकर के जीवन पर आधारित एक बायोपिक ड्रामा है। इसके अलावा 'नागिन' और 'स्त्री 3' में भी श्रद्धा के होने की चर्चाएं हैं। हालांकि, 'स्त्री 3' में अभी समय है।

# तापसी ने बताया कैसे करती हैं फिल्मों का चयन

अभिनेत्री तापसी पन्नू अभिनय के अलावा अपने बेबाक बयानों को लेकर भी पहचानी जाती हैं। वो अक्सर हर मुद्दे पर खुलकर अपनी राय रखती रहती हैं। अब तापसी पन्नू ने अपने करियर को लेकर बात की और बताया कि कैसे कई फ्लॉप के बाद उन्हें अपने करियर की राह मिली। साथ ही एक्ट्रेस ने ये भी बताया कि कोई फिल्म चुनते वक्त उनके लिए क्या बात सबसे मायने रखती है।

## दर्शकों से जुड़ने वाली फिल्में करना है पसंद

बातचीत के दौरान तापसी पन्नू ने लगातार फ्लॉप फिल्मों और दिल टूटने के बाद अपनी असली पहचान की खोज के बारे में खुलकर बात की। तापसी ने कहा कि मुझे अपनी असली पहचान पाने के लिए लगातार कई फ्लॉप फिल्मों और दिल तोड़ने वाले अनुभवों से गुजरना पड़ा। मुझे एहसास हुआ कि मैं उन फिल्मों में सबसे अच्छा प्रदर्शन करती हूं, जिनमें मेरा दिल और दिमाग पूरी तरह से उस चीज से जुड़ा होता है जिसे मैं पेश कर रही हूं। उस प्रोजेक्ट का दर्शकों के साथ गहरा जुड़ाव होता है। इसलिए अब मैं सिर्फ अपनी अंतरात्मा की सुनती हूं। मैं शायद उन प्रोजेक्ट्स को नहीं चुनती जो मेरे बैंक खाते को बढ़ाएं, बल्कि उन प्रोजेक्ट्स को चुनती हूं जो मेरी आर्टिस्टिक क्षमता को निखारें। एक ऐसा नया रास्ता बनाएं जिस पर ज्यादा लोग नहीं चलते।

## अपनी अंतरात्मा पर भरोसा करती हैं तापसी

अभिनेत्री ने यह भी बताया कि उन्होंने कुछ ऐसे प्रोजेक्ट और भूमिकाएं चुनीं जो बॉक्स ऑफिस पर सफल नहीं रहीं। हालांकि, तापसी द्वारा लिए गए कुछ अलग तरह के काम और किरदारों ने उन्हें सफलता दिलाई। तब से वह पारंपरिक फॉर्मूले की परवाह किए बिना अपनी अंतरात्मा पर भरोसा करती हैं। उन्होंने स्वीकार किया कि उन्होंने अपना खुद का एल्गोरिदम बनाया है।

## तापसी पन्नू का वर्कफंट

वर्कफंट की बात करें तो तापसी आखिरी बार साल 2024 में आई फिल्म 'खेल खेल में' नजर आई थीं। यह मल्टीस्टारर कॉमेडी फिल्म थी। इसके बाद अब उनके आगामी प्रोजेक्ट्स में वो लड़की है कहां?, गांधारी और 'दुर्गा' जैसी फिल्में शामिल हैं। वो 'दुर्गा' की शूटिंग भी शुरू कर चुकी हैं।





# सलमान खान की अगली फिल्म राज एंड डीके के साथ

सलमान खान एक तरफ जहां अपनी फिल्म बैटल ऑफ गलवान को लेकर चर्चा में हैं वहीं अब उनके अगले प्रोजेक्ट की खबर सामने आई है। कहा जा रहा है कि सलमान की द फैमिली मैन के लिए मशहूर फिल्म निर्माता जोड़ी राज और डीके के साथ नए प्रोजेक्ट को लेकर बातचीत चल रही है।
द फैमिली मैन मेकर्स के साथ सलमान खान इन दिनों अपनी अगली फिल्म बैटल ऑफ गलवान को लेकर चर्चा में हैं। वहीं अब उन ताजा खबर ये है कि सलमान की द फैमिली मैन के लिए मशहूर फिल्म निर्माता जोड़ी राज और डीके के साथ नए प्रोजेक्ट को लेकर बातचीत चल रही है। बताया जा रहा है कि जिस प्रोजेक्ट पर उनकी बातचीत चल रही है वो एक एक्शन कॉमेडी फिल्म होगी। ये फिल्म सलमान की असल जिंदगी और उनकी जादुई पर्सनैलिटी से मैच खाएगी।
सलमान खान ने राज और डीके के साथ इस प्रोजेक्ट में काफी रुचि दिखाई है। रिपोर्ट के मुताबिक, सलमान खान ने दोनों निर्माताओं से फिल्म का बेसिक आइडिया समझा है और इसमें रुचि दिखाई है। यह एक एक्शन-कॉमेडी फिल्म बताई जा रही है, लेकिन इसमें खान को एक अलग अंदाज में पेश किया जाएगा।

## मेकर्स 2026 के अंत तक फिल्म की शूटिंग शुरू कर सकते हैं

हालांकि, रिपोर्ट ये भी है कि सलमान खान ने अभी तक इस प्रोजेक्ट को फाइनल हां नहीं कहा है। सलमान खान के व्यस्त शेड्यूल को ध्यान में रखते हुए फिल्म की टाइमलाइन्स पर चर्चा चल रही है। अगर सब कुछ ठीक रहा और खान इस प्रोजेक्ट से जुड़ गए तो मेकर्स 2026 के अंत तक फिल्म की शूटिंग शुरू करने की योजना बना रहे हैं। फिलहाल, सारा ध्यान क्रिएटिव तरीके से स्क्रिप्ट को अंतिम रूप देने पर है।
इस बीच, सलमान खान अपनी अगली फिल्म बैटल ऑफ गलवान की तैयारियों में जुटे हैं, जिसका निर्देशन अपूर्वा लखिया कर रहे हैं और जिसे उनकी अपनी फिल्म सलमान खान फिल्म्स के बैनर तले बनाया जा रहा है। फिल्म में खान और चित्रांगदा सिंह मुख्य भूमिकाओं में हैं और यह सच्ची ऐतिहासिक घटनाओं पर आधारित है। फिल्म 17 अप्रैल, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

## राज निदिमोरू ने सामंथा रुथ प्रभु से शादी की

राज और डीके के हालिया प्रोजेक्ट में द फैमिली मैन 3 शामिल है जिसमें मनोज बाजपेयी श्रीकांत तिवारी अपनी पुरानी भूमिका को दोहराते दिख रहे हैं। साथ ही प्रियामणि, शारिब हाशमी, गुल पनाग, जयदीप अहलावत और निमरत कौर भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। पर्सनल लाइफ की बात करें राज निदिमोरू ने 1 दिसंबर, 2025 को कोयंबटूर के ईशा योग केंद्र में एक समारोह में एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु से शादी की।



# माही विज और जय भानुशाली ने अलग होने का किया एलान, बच्चों के लिए बने रहेंगे माता-पिता

**टेलीविजन इंडस्ट्री की सबसे चहेती जोड़ियों में गिने जाने वाले माही विज और जय भानुशाली ने अपने रिश्ते को लेकर ऐसा फैसला लिया है, जिसने फैंस को हैरानी में डाल दिया है। करीब 15 साल की शादी और लंबे साथ के बाद इस स्टार कपल ने अलग होने की घोषणा कर दी है। हालांकि दोनों ने साफ कर दिया है कि यह फैसला किसी विवाद या नकारात्मकता का नतीजा नहीं है, बल्कि शांति और समझदारी के साथ लिया गया एक फैसला है।**

## सोशल मीडिया पर जारी किया स्टेटमेंट

सोशल मीडिया पर साझा किए गए संयुक्त बयान में माही और जय ने न सिर्फ अपने अलग होने की पुष्टि की, बल्कि यह भी भरोसा दिलाया कि वे अपने तीनों बच्चों के लिए हमेशा एकजुट रहेंगे। माही विज और जय भानुशाली ने अपने-अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स पर एक जैसा नोट शेयर करते हुए लिखा कि उन्होंने जिंदगी के सफर में अब अलग रास्ते चुनने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि भले ही वे पति-पत्नी के रूप में साथ न हों, लेकिन एक-दूसरे के लिए सम्मान, सहयोग और दोस्ती हमेशा बनी रहेगी। बयान में यह भी साफ किया गया कि इस फैसले में कोई 'विलेन' नहीं है, न ही किसी तरह की कड़वाहट। दोनों ने फैंस और मीडिया से अपील की कि वे इस फैसले को ड्रामा या विवाद की तरह न देखें, बल्कि शांति और समझ के साथ स्वीकार करें।

## 'हमारे बच्चों के लिए सबसे अच्छे माता-पिता बनेंगे'

इस पूरे ऐलान का सबसे भावुक हिस्सा उनके बच्चों को लेकर था। माही और जय ने कहा कि उनकी प्राथमिकता हमेशा उनके बच्चे रहेंगे- तारा (उनकी बायोलॉजिकल बेटी), खुशी और राजवीर (जिन्हें उन्होंने गोद लिया है)। उन्होंने लिखा कि बच्चों की भलाई के लिए वे न सिर्फ जिम्मेदार माता-पिता बनेंगे, बल्कि जरूरत पड़ी तो एक-दूसरे के सबसे अच्छे दोस्त भी रहेंगे। उनका कहना था कि बच्चों की परवरिश, सुरक्षा और खुशी के लिए वे हर मुमकिन कदम साथ मिलकर उठाएंगे।

## कब शुरू हुई थीं अलगाव की चर्चाएं?

माही विज और जय भानुशाली के रिश्ते को लेकर पिछले कुछ महीनों से अटकलें लगाई जा रही थीं। इंडस्ट्री से जुड़े सूत्रों के अनुसार, दोनों के बीच सबकुछ ठीक नहीं चल रहा था और वे अलग-अलग दिशा में आगे बढ़ रहे थे। लंबे समय से दोनों ने साथ में तस्वीरें पोस्ट करना बंद कर दिया था। कभी फैंस के पसंदीदा रहे फैमिली व्लॉग्स भी नजर नहीं आ रहे थे। जून 2024 के बाद कोई भी बड़ा फैमिली कोलैब सामने नहीं आया। हालांकि अगस्त में बेटी तारा के जन्मदिन पर दोनों साथ नजर आए, लेकिन वहां भी उनके बीच दूरी साफ झलक रही थी।

## जय और माही की शादी

माही विज और जय भानुशाली की लव स्टोरी टीवी इंडस्ट्री की सबसे चर्चित कहानियों में से एक रही है। दोनों ने एक-दूसरे को डेट करने के बाद 2010 में एक निजी समारोह में शादी की थी। शादी के बाद यह जोड़ी रियलिटी शोज, अवॉर्ड फंक्शन्स और सोशल मीडिया पर अक्सर साथ नजर आती थी। दोनों ने हमेशा एक-दूसरे का करियर में समर्थन किया और 'परफेक्ट कपल' की मिसाल माने जाते रहे।

# वनकर्मी पर जानलेवा हमला करने वाले ट्रैक्टर चालक चालू को 24 घंटे में किया गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान व वैभव शर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) के निर्देशानुसार डॉ कमल कुमार आरपीएस अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एडीएफ बाड़ी और नरेन्द्र मीणा आरपीएस वृत्ताधिकारी वृत्त सरमथुरा के सुपरविजन में हरेंद्र सिंह पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी पुलिस थाना सरमथुरा की ओर से वनकर्मी पर जान से मारने की नियत से ट्रैक्टर चढ़ाकर भागने वाले ट्रैक्टर चालक रामसेवक उर्फ चालू पुत्र रामजीलाल को गिरफ्तार किया गया है। घटना 8 जनवरी को देवेन्द्र सिंह क्षेत्रीय वन अधिकारी वन्यजीव चम्बल सेवर की ओर से एक रिपोर्ट इस आशय पेश की थी कि 8 जनवरी 2026 की रात्रि समय 12-31 एएम




बजे पर बनैसिंह वनपाल नाका झिरी रेंज चम्बल सेवर ने अवगत कराया कि जीतेन्द्र सिंह शेखावत वनरक्षक हाल निवासी पदस्थापित नाका झिरी रेंज वन्यजीव चम्बल सेवर को अवैध बजरी खनन माफियाओं की ओर से ट्रैक्टर-ट्रॉली चढ़ाकर मारने की कोशिश की है। अतः वह बुरी तरह जख्मी अवस्था में है और हादसे को अंजाम देकर अवैध खनन माफिया ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर मौके से भाग गए है। सूचना पर तुरंत नाका झिरी पर तैनात अन्य स्टॉफ को मौके पर भेजा एवं तुरंत उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र सरमथुरा लेकर आए। नाका झिरी इंचार्ज बनैसिंह के साथ मौके पर रवाना हुआ। रास्ते में सहयोगी स्टॉफ उक्त घायल कार्मिक को प्राइवेट वाहन से लाते हुए मिले। जहां उक्त कार्मिक का बायां पैर बुरी तरह कुचला हुआ था और बेहोशी की हालत में था। शरीर में अंदरूनी चोटें होने की सम्भावना होने से प्राथमिक उपचार कराने के बाद कार्मिक को गम्भीर हालत में जिला चिकित्सालय करौली के लिए रैफर कर दिया। करौली से भी उपचार के उपरांत हायर सेन्टर जयपुर रैफर कर दिया गया है। वर्तमान में जयपुर उपचार के लिए भर्ती है। जहां उक्त कार्मिक की हालत नाजुक बनी हुई है व घटना की जानकारी देने में असमर्थ है। अवैध बजरी खनन की रोकथाम के कारण रंजिश में बजरी माफियाओं की ओर से वनकर्मी के साथ घटना घटित की गई है और माफिया अपने-अपने ट्रैक्टर ट्रॉली मय बजरी भगाकर ले गये। जिस पर मुकदमा दर्ज कर फरार चालक की तलाश की जाकर अलग-अलग टीमों की ओर से बजरी माफियाओं के घरों पर दबिश दी गई व तकनीकी साक्ष्य व विभिन्न आसूचनाओं के आधार पर उक्त ट्रैक्टर चालक रामसेवक उर्फ चालू पुत्र रामजीलाल गुर्जर निवासी चिल्लीपुरा मजरा कस्बा नगर थाना बसई डांग जिला धौलपुर का होना ज्ञात हुआ। जिसको बड़ी मशक्कत पर दबिश दी जाकर डिटेन कर अनुसंधान के बाद ट्रैक्टर चालक चालू उर्फ रामसेवक को उसके संवैधानिक अधिकारों से अवगत कराते हुए धारा बीएनएस व वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 में गिरफ्तार किया गया। प्रकरण में अन्य सहयोगी मुल्जिम और बजरी भरने वाले लोडर व लोडर के ड्राइवर की तलाश जारी है।

## श्मशान भूमि पर जबरन अवैध खनन का प्रयास, मामला दर्ज

जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** तिलस्वां में गोस्वामी समाज के पुश्तैनी श्मशान में जबरन कब्जा कर अवैध खनन करने की नीयत से मशीनों से मिट्टी की झड़ाई करवाने व मारपीट का आरोप लगाते हुए बाली देवी गोस्वामी ने रणजीत अहीर व फोरूलाल गुर्जर निवासी तिलस्वां के खिलाफ बिजौलियां थाने में मामला दर्ज करवाया है। रिपोर्ट में बताया कि तिलस्वां में नदी के पास में गोस्वामी परिवार की पुश्तैनी शमशान भूमि स्थित है जो कई वर्षों से इनके कब्जे में चली आ रही हैं। इस भूमि पर परिवार के लोगो के चबूतरे (समाधियां)बने हुए हैं। नउक्त भूमि पर रणजीत व फोरूलाल की ओर से जबरन कब्जा कर लोडर, डम्पर, एल.एन.टी. लगा कर मिट्टी की जड़ाई करवाते हुए अवैध खनन करने का प्रयास किया जा रहा हैं। जानकारी पर परिवार की महिलाए जब मौके पर गई और आरोपियों को रोकने का प्रयास किया तो आरोप हैं कि महिलाओं के साथ बदसलूकी की गई, पत्थर फैंके गए और धमकियां भी दी गई। बाली देवी की ओर से आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने वबमौके पर चल रहे साधनों को जब्त कर अवैध खनन बन्द कराने की गुहार लगाई गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर कांस्या चौकी प्रभारी एएसआई नरेश शर्मा को जांच सौंपी।



## ऊपरमाल क्षेत्र में धड़ल्ले से हो रहा अवैध खनन



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** ऊपरमाल क्षेत्र में बिलानाम, चरागाह और खातेदारी भूमि के साथ ही एग्रीमेंटेड लीजों के आसपास लंबे समय से चल रहे अवैध खनन को लेकर क्षेत्रवासियों ने मुख्य सचिव वी.श्रीनिवास, खान व राजस्व विभाग के प्रमुख शासन सचिव को शिकायत भेज कर कार्रवाई की मांग की हैं। शिकायत में बताया कि सुखपुरा पटवार सर्कल के खड़ीपुर गांव के पास, मांगीलाल का झोंपड़ा, माकोडी मोड़ी, तेंदू तलाई, खोखी व बिजौलियां खुर्द में धड़ल्ले से अवैध खनन किया जा रहा हैं। वहीं सतकुड़िया आबादी के पास, मोगरवासा में खातेदारी भूमि में बहादुर का खेड़ा, देबीनिवास, कांस्या, हेमनिवास, महुपुरा, मोतीपुरा बांध के पास व सदारामजी का खेड़ा में भी प्रभावशाली व्यक्तियों की ओर से बड़े पैमाने पर लंबे अरसे से अवैध खनन को अंजाम दिया जा रहा हैं। शिकायत में आरोप लगाया कि स्थानीय खनिज व राजस्व विभाग को क्षेत्र में चल रहे अवैध खनन की जानकारी होने के बाद भी ठोस कार्रवाई नहीं किए जाने से खनन माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। शिकायत में बताया कि खनिज व राजस्व विभाग की ओर से विगत गुरुवार को मोगरवासा में खातेदारी भूमि के आराजी 195 व 196 में चल रहे अवैध खनन को लेकर तो कार्रवाई की गई लेकिन इसी मोगरवासा में अन्य खातेदारी व बिलानाम भूमि में चल रहे अवैध खनन पर कोई कार्रवाई नहीं करना इन विभागों की कार्यशैली पर सवालिया निशान हैं।

### नगर परिषद की लापरवाही पड़ रही भारी

## खुले नाले में गिरी गाय, लोगों ने बाहर निकाला

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** शहर में नगर परिषद की लापरवाही एक बार फिर सामने आई है। शहर के विभिन्न इलाकों में नाले व सीवर चैंबर खुले पड़े होने से आमजन और पशुओं की जान को खतरा बना हुआ है। इसी क्रम में ओंडेला रोड पर खुले नाले में एक गाय गिरकर कीचड़ में फंस गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों व दुकानदारों ने तत्परता दिखाते हुए जेसीबी की सहायता से कड़ी मशक्कत के बाद गाय को सुरक्षित नाले से बाहर निकाला। समय रहते किए गए रेस्क्यू से गाय की जान बचाई जा सकी। रेस्क्यू अभियान में धीरू गोयल, नीरज जाट, अजय मावई, सिविल डिफेंस के नव नियुक्त सदस्य सचिन कंसाना, देवेन्द्र सेन, शिवा, योगेश्वर पटेल, पंकज जाट, मोनू सहित अन्य लोगों का सराहनीय योगदान रहा। घटना ने नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि खुले नालों व सीवर चैंबरों को शीघ्र ढकवाया जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।



## जिंदगी की जंग हार गया वनकर्मी, दम तोड़ा

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** बजरी माफियाओं के हाथों बुरी तरह से घायल हुए वनकर्मी जितेन्द्र सिंह की जयपुर के निजी अस्पताल में शुक्रवार शाम इलाज के दौरान मौत हो गई। विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में वनकर्मी का इलाज किया जा रहा था। चिकित्सकों की टीम ने वनकर्मी की जिंदगी बचाने को उसका बांया पैर काटना पड़ा था लेकिन शुक्रवार शाम वन कर्मी जितेंद्र की मौत हो गई। इधर पुलिस ने आरोपी बजरी माफियाओं की तलाश में छापेमारी की। शुक्रवार को पुलिस ने चार बजरी माफियाओं को पूछताछ के लिए डिटेन किया है। थाना प्रभारी हरेन्द्र सिंह गुर्जर ने बताया कि पुलिस ने आरोपी बजरी माफियाओं की तलाश में टीम बनाकर अलग-अलग छापेमारी की गई है। पुलिस ने पूछताछ के लिए चार लोगों को डिटेन किया है। पुलिस की छापेमारी को देखकर बजरी माफिया भूमिगत हो गए हैं। गौरतलब है कि बुधवार-गुरुवार की रात्रि को सरमथुरा थाना इलाके में झिरी नाके पर तैनात वनकर्मी जितेंद्र को बजरी माफियाओं ने ट्रेक्टर-ट्रॉली से कुचल दिया गया था जिसकी इलाज के दौरान शुक्रवार को मौत हो गई।

## मनरेगा का नाम बदलकर सरकार योजना को बंद करने पर उतारू, कांग्रेस 45 दिन चलाएगी आंदोलनः मेवाड़ा

### मेवाड़ा ने की शिरकत, संगठन को मजबूत पर चर्चा

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** कांग्रेस के बड़े नेताओं की बैठक आयोजित हुई जिसमें केंद्र व राज्य सरकार की ओर से जन विरोधी नीतियों पर अहम चर्चा की गई। सुमेरपुर विधानसभा पूर्व प्रत्याशी हरिशंकर मेवाड़ा ने भी बैठक में शामिल हुए और बड़े नेताओं से मुलाकात कर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान मेवाड़ा ने 'मनरेगा बचाओं' अभियान को लेकर जयपुर बैठक में भाग लिया और प्रदेशाध्यक्ष से सुमेरपुर विधानसभा में संगठन पर चर्चा की गई। मनरेगा का नाम बदलकर वीबी जीरामजी करने पर जयपुर में 'मनरेगा बचाओ अभियान' के तहत एक अहम बैठक राजस्थान कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। प्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी, जिलाध्यक्षों, सांसद, विधायकों, पूर्व विधायकों, पूर्व मंत्रियों और विभाग-प्रकोष्ठों की बैठक में आगामी आंदोलन की रूपरेखा तय की गई। जिसमें 10 जनवरी से 6 फरवरी 45 दिन तक सभी जिलों में आंदोलन होगा। कार्यक्रम में सुमेरपुर विधानसभा प्रत्याशी हरिशंकर मेवाड़ा ने भी भाग लिया। मेवाड़ा ने बताया कि पीसीसी चीफ गोविंदसिंह डोटासरा के निर्देशानुसार मनरेगा का नाम बदलने के खिलाफ 45 दिन पार्टी का हर कार्यकर्ता सड़कों पर संग्राम करेगा। पाली में 11 जनवरी को उपवास और 12 तारीख से गांव-गांव,चौपालों में जाकर लोगों को जागरूक किया जाएगा। अभियान के अंतिम चरण में बड़ी सभाएं भी होंगी।

### प्रदेशाध्यक्ष से मिले मेवाड़ाः

सुमेरपुर विधानसभा में कांग्रेस संगठन की मजबूती पर जयपुर प्रवास के दौरान हरिशंकर मेवाड़ा ने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें गुलदस्ता भेंट किया और पार्टी के हाथ मजबूत करने पर चर्चा की गई। इस अवसर पर मेवाड़ा ने सुमेरपुर





विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस संगठन की वर्तमान स्थिति, संगठनात्मक ढांचे और आगामी रणनीति को लेकर विस्तृत चर्चा की। साथ ही कांग्रेस संगठन की गतिविधियों, कार्यकर्ताओं की सक्रियता और जमीनी स्तर पर संगठन को और अधिक मजबूत करने को लेकर विस्तार से जानकारी दी। हरिशंकर मेवाड़ा ने बताया कि सुमेरपुर विधानसभा में कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त करने, युवाओं व महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने और आमजन की समस्याओं को संगठन के माध्यम से मजबूती से उठाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती ही कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत है और इसी आधार पर आने वाले समय में जनता के मुद्दों को प्रभावी रूप से उठाया जाएगा। मेवाड़ा ने यह भी बताया कि जयपुर में हुई बैठकों में संगठनात्मक समन्वय, कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण और जनसंपर्क अभियानों को तेज करने को लेकर सकारात्मक चर्चा हुई है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस संगठन और अधिक मजबूत होकर जनता के बीच अपनी प्रभावी भूमिका निभाएगा।

## महारैली के पोस्टर का विमोचन कर कर्मचारियों ने भरी हुंकार

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ की ओर से सोमवार को जयपुर में आयोजित होने वाली चेतावनी महारैली में जिले भर से सैकड़ो कर्मचारी 12 को जयपुर कूच करेंगे। महासंघ के जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने शनिवार को रैली के पोस्टर का विमोचन कर रैली की तैयारियों को अंतिम रूप देते हुए ब्लॉक वार पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी। संघ के जिलामंत्री रविंद्र सिंह त्यागी ने बताया कि पिछले 1 साल से कर्मचारी महासंघ की ओर से 11 सूत्री मांगों को सरकार को अवगत कराया जा रहा है लेकिन सरकार की ओर से संवाद हीनता की स्थिति उत्पन्न कर कर्मचारियों की वेतन विसंगतियों को आज तक दूर नहीं किया। आठ सालों से तृतीय श्रेणी शिक्षकों के तबादले नहीं किए जा रहे हैं। विभिन्न विभागों में अधीनस्थ सेवा के कर्मचारियों की पदोन्नति नहीं की जा रही हैं । इसी के विरोध में राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के 7 संकल्पों व 11 सूत्रीय मांगों पर सकारात्मक कार्यवाही करने को लेकर यह विशाल महारैली आयोजित की जा रही है। पोस्टर विमोचन के दौरान श्रीराम गोस्वामी, हरीसिंह गुर्जर, चन्द्रशेखर शर्मा, केदार सिंह बघेल, जगदीश मान, हरेंद्र तोमर, अजीत चौधरी,कृष्ण कुमार तोमर, सुशील भारद्वाज, राधाकृष्ण शर्मा, पुरुषोत्तम शुक्ला, अनिल शर्मा, भानु प्रताप परमार, कमरुद्दीन, कुलदीप शर्मा, फिरोज खान, मनोज मीणा, दिनेश शर्मा, आमोद श्रीवास्तव, जितेन्द्र शर्मा सहित महासंघ से जुड़े विभिन्न संगठनों के कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

### राज्य कर्मचारी महासंघ की 11 सूत्रीय मांगों के साथ ये हैं सात संकल्पः

महासंघ के जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा के मुताबिक 11 सूत्रीय मांग पत्र के साथ महासंघ की ओर से सरकार के समक्ष ये 7 संकल्प रखे गए हैं। पदोन्नति विसंगति दूर कर 8,16, 24 व 32 वर्ष की सेवा पर चयनित वेतनमान लागू करना, वेतन विसंगति दूर कर केंद्र के समान वेतनमान स्वीकृत करवाना, पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) की सुरक्षा सुनिश्चित करना,सभी संविदा एवं मानदेय कर्मियों को स्थाई करवाना,राज्य कर्मचारियों के लिए पारदर्शी स्थानांतरण नीति लागू करने व तृतीय श्रेणी शिक्षकों के तबादले करवाना आदि शामिल हैं।

## राहुल गोस्वामी को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जयपुर प्रांत सह संयोजक का दायित्व




जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, जयपुर प्रांत का 61वाँ प्रांत अधिवेशन 29 से 31 दिसंबर 2025 तक पूर्णिमा विश्वविद्यालय, जयपुर में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। तीन दिवसीय इस अधिवेशन में प्रदेशभर से कार्यकर्ता व प्रतिनिधि उपस्थित रहे। अधिवेशन के दौरान संगठन की शैक्षणिक, सामाजिक व छात्रहित से जुड़ी गतिविधियों की समीक्षा की गई और आगामी सत्र के लिए कार्ययोजना तय की गई। संगठनात्मक विस्तार, वैचारिक प्रशिक्षण एवं मीडिया व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने पर विशेष चर्चा हुई। इसी क्रम में संगठन की मीडिया व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़, संगठित व प्रभावी बनाने के उद्देश्य से राहुल गोस्वामी निवासी–गांव-कोटरा,बसेड़ी,धौलपुर को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, जयपुर प्रांत का प्रांत सह संयोजक दायित्व सौंपा गया। प्रांत सह संयोजक के रूप में राहुल गोस्वामी संगठन की मीडिया योजना, वैचारिक प्रचार-प्रसार, छात्रहित से जुड़े विषयों के प्रभावी संप्रेषण तथा संगठनात्मक गतिविधियों को समाज तक पहुँचाने का दायित्व निभाएंगे। राहुल गोस्वामी की यह संगठनात्मक जिम्मेदारी उनके प्रेरणादायी शैक्षणिक संघर्ष और उपलब्धियों का भी प्रतिफल है। उन्होंने निरंतर तीन बार राजस्थान राज्य स्तरीय आरएएस (RAS) मुख्य परीक्षा में सहभागिता कर धैर्य, परिश्रम एवं आत्मविश्वास का परिचय दिया। इसके पश्चात उन्होंने UGC NET-JRF परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सम्पूर्ण भारत में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। यह उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति अडिग संकल्प को दर्शाती है, जो संगठन के कार्यकर्ताओं व विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है। वर्तमान में वे हिन्दी साहित्य के पीएचडी शोधार्थी हैं। अभाविप को पूर्ण विश्वास है कि उनके दायित्व निर्वहन से जयपुर प्रांत में संगठन की मीडिया व्यवस्था और अधिक सशक्त होगी तथा छात्रहित व राष्ट्रवादी विचारधारा का प्रभावी प्रचार-प्रसार सुनिश्चित होगा।

## मानवीय संवेदना और तत्परता की मिसाल बनीं भाजपा प्रत्याशी नीरजा अशोक शर्मा

### घायल को अस्पताल पहुंचाया

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर/ राजाखेड़ा (निस)।** राजाखेड़ा में शनिवार प्रातः धौलपुर से जयपुर की यात्रा के दौरान राजाखेड़ा भाजपा प्रत्याशी नीरजा अशोक शर्मा ने उमरारा के समीप एक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल बाइक सवार को देखा। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए उन्होंने बिना विलंब किए अपना काफिला रुकवाया और मानवीय कर्तव्य का परिचय देते हुए तत्काल सहायता उपलब्ध कराई। इस दौरान उन्होंने घायल युवक मुरारी के पैर पर खपच्ची बांधते हुए उसे प्राथमिक उपचार दिया, भाजपा नेत्री शर्मा के निर्देश पर घायल युवक मुरारी कुशवाह को तुरंत नजदीकी अस्पताल भिजवाया गया। साथ ही उन्होंने स्वयं चिकित्सकों से फोन पर संवाद कर घायल के उपचार की पूरी जानकारी ली और यह सुनिश्चित किया कि उसे तत्काल, समुचित व सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए साथ ही चिकित्सकों से कहा कि पीड़ित मुरारी को मुख्यमंत्री निशुल्क चिकित्सा सुविधा का लाभ मिलना चाहिए। इस अवसर पर नीरजा अशोक शर्मा ने कहा कि 'मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। किसी भी परिस्थिति में



घायल या जरूरतमंद व्यक्ति की सहायता करना हम सभी का नैतिक दायित्व है। उनकी इस संवेदनशीलता, त्वरित निर्णय क्षमता और मानवीय दृष्टिकोण की स्थानीय नागरिकों ने सराहना की। यह घटना न केवल उनके जनसेवा भाव को दर्शाती है, बल्कि यह भी सिद्ध करती है कि वे राजनीति से ऊपर उठकर समाज और मानवता के प्रति पूरी तरह समर्पित हैं।

## विद्यार्थियों को नियमों की पालना के लिए शिक्षक प्रेरित करें : श्रीकांत कुमावत

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिला परिवहन व सड़क सुरक्षा विभाग धौलपुर की ओर से मनाए जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत बाड़ी में चल रहे, शिक्षक दक्ष प्रशिक्षण शिविर में जिला परिवहन व सड़क सुरक्षा विभाग धौलपुर की ओर से सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए परिवहन निरीक्षक श्रीकांत कुमावत ने कहा कि शिक्षक ही विद्यार्थी के भविष्य का निर्धारण करते हैं। वह समाज को नई रोशनी दिखाने का कार्य करते है। उन्होंने कहा कि शिक्षक यदि अपने छात्रों को यातायात नियमों की पालना के लिए नियमित प्रेरित करेंगे तो छात्र यातायात नियमों की जरूर पालन करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक छात्र के जीवन में शिक्षक की महत्वपूर्ण




भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य विभिन्न आयोजनों के माध्यम से यातायात नियमों की जागरूकता को जन-जन तक पहुंचाने का है। शिक्षक वर्ग इसमें महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में सहयोग प्रदान कर आयोजन को सफल बनाएं। पुलिस थाना कोतवाली प्रभारी देवेंद्र शर्मा ने कहा कि यदि शिक्षक विद्यालय में - नो हेलमेट नो एंट्री का कड़ाई से पालन करें, तो आने वाले समय में सभी यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित कर सकते है। उन्होंने कहा कि यदि आप मात्र चालान से बचने के लिए यातायात नियमों की पालना कर रहे हैं तो आप अपने जीवन के साथ बहुत बड़ा खिलवाड़ कर रहे है। उन्होंने कहा कि बाड़ी में यातायात पुलिसकर्मियों की ओर से लगातार समझाइश अभियान चलाया जा रहा है और चालान की कार्रवाई भी की जा रही है मगर फिर भी लोग यातायात नियमों का नियमित रूप से पालन नहीं कर रहे। उन्होंने कहा कि शिक्षक नियमों की पालना करने में महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में सहयोग प्रदान कर सकते हैं। आपके बीच इस आयोजन को करने का उद्देश्य यही है कि आप अपने विद्यार्थियों को नियमों की पालना के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर शिक्षक दक्ष प्रशिक्षक शिविर प्रभारी घनश्याम मीणा, बृजेंद्र बावरिया, नरेंद्र वर्मा, शशि परमार, प्रियंका ढाका, देवेंद्र सिंह, अजय शर्मा व अजीत चौधरी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। परिवहन विभाग की ओर से सभी शिक्षकों को यातायात नियमों की पालना को लेकर शपथ ग्रहण कराई गई। पुलिस थाना कोतवाली की ओर से इस अवसर पर नो हेलमेट नो एंट्री पोस्ट का विमोचन किया गया। समारोह के दौरान यातायत कर्मी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। जिन्होंने यातायात नियमों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। परिवहन व्यक्तियों से सीख से सुरक्षा टेक्नोलॉजी से परिवर्तन विषय पर न्यू एरा पब्लिक स्कूल में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सबसे अधिक विद्यार्थियों ने अपनी भागीदारी निभाई। इस अवसर पर जिला परिवहन विभाग के भूदेव त्यागी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## पौष बड़ा महोत्सव का आयोजन, राहगीरों को बांटा प्रसाद



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** पौष माह के पावन अवसर पर शनिवार को स्थानीय पुराने बस स्टैंड के समीप स्थित शेखावाटी कॉम्प्लेक्स के व्यवसायियों की ओर से पौष बड़ा महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं व आम राहगीरों को जलेबी और कोफ्ता का प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने पौष बड़ा महोत्सव में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन स्थल पर धार्मिक व सामाजिक सौहार्द का वातावरण बना रहा। व्यवसायियों ने सामूहिक रूप से इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोग किया। महोत्सव में रणजीत ढाका पालड़ी, पार्षद मुकेश सैनी, राकेश पालड़ी, रमेश टेलर, अभय कुमार सैनी, सुनील खींची, सुनील कुमावत, मुकेश काछवाल, पुनीत बेदी, जय चौहान, दातार सिंह सहित शेखावाटी कॉम्प्लेक्स के व्यापारी उपस्थित रहे।

## नगरपरिषद की टीम ने किया 83 रोल प्लास्टिक मांझा जप्त



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** नगर परिषद की टीम ने शनिवार की शाम को प्लास्टिक मांझे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए मांझा जप्त किया। कार्यवाहक आयुक्त चारवी ने बताया कि सूचना पर शहर के मांडेता क्षेत्र में आईटीआई रोड पर आरजू पतंग से 83 बड़े गट्टे प्लास्टिक मांझे के पकड़े गए हैं। बाद में इस मांझे को जला दिया गया। उन्होंने बताया कि जिला कलेक्टर के निर्देश पर खतरनाक प्लास्टिक मांझे के खिलाफ टीम बनाकर कार्यवही को अंजाम दिया गया। कार्रवाई करने वाली टीम में सहायक अभियंता विक्रम जोरवाल, एसआई ओमप्रकाश स्वामी, आरआई मुन्नालाल मीणा, जमादार नितेश, शिवभगवान, नोरतन, अनिल, संदीप, रणजीत, नरेन्द्र, विष्णु आदि शामिल रहे।

## मुस्लिम छींपा समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन आज




जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** अर्थ प्रधान युग में फिजूल खर्ची पर रोक लगाने की दिशा में मुस्लिम छींपा समाज की अनोखी व जागरूकता भरी मुहिम के तहत मुस्लिम छींपा समाज समिति, सुजानगढ़ के तत्वावधान में आज रविवार को सामूहिक विवाह सम्मेलन स्थानीय एन के लोहिया स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। समाज व सर्व समाज के 18000 मेहमानों की उपस्थिति में मुस्लिम छिपा समाज के प्रदेश भर से 40 वैवाहिक जोड़े एक दूसरे के हमराह बनेंगे। निकाह का कार्यक्रम सुबह करीब 11 बजे से शुरू किया जाएगा। विवाह सम्मेलन की तैयारियां लगभग पूर्ण कर ली गई हैं और मेहमानवाजी व निकाह करवाने की तैयारियों को आतुर मुस्लिम छीपा समाज समिति के सदर हाजी ज्यान मो. भाटी, उप सदर लाल मो. राव, सचिव मो. रफीक भाटी, कोषाध्यक्ष मो. हनीफ राव के नेतृत्व में समाज के सभी लोगों को जिम्मेदारियाँ दी गई।

## माकपा लड़ेगी जिले में पंचायत चुनाव, तहसील स्तरीय सम्मेलन पर चर्चा



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी जिला कमेटी चूरू की बैठक सरदारशहर में कॉमरेड छगनलाल चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। पार्टी राज्य सचिव कॉमरेड किशन लाल पारीक ने बताया कि प्रदेश की भाजपा सरकार और देश की मोदी सरकार किसान मजदूरों को लूटने का काम कर रही है। मोदी सरकार ने मनरेगा को खत्म कर गरीब का मजाक बनाने का काम किया है। पार्टी पूरे प्रदेश में इसके खिलाफ मजबूती से लड़ाई लड़ेगी। कॉमरेड निर्मल प्रजापत ने बताया कि बीमा क्लेम, बिजली व स्थानीय मुद्दों पर आंदोलन और लड़ाई आगे जारी रहेगी। रामकृष्ण छींपा ने बताया कि पार्टी ने बैठक कर तय किया है कि पार्टी आने वाले पंचायत चुनाव में पूरे जिले में जिला परिषद और पंचायत समिति वार्डो के चुनाव मजबूती से लड़ने का निर्णय लिया गया। जिसको लेकर तहसील स्तरीय सम्मेलन करने का निर्णय लिया गया। जिसमें 16 जनवरी को सरदारशहर पार्टी का चुनाव को लेकर सम्मेलन होगा। बैठक में राज्य सचिव मंडल सदस्य कॉमरेड छगनलाल चौधरी, उमराव सिंह, मोहन शर्मा, हरिराम टांडी, चिमनाराम पांडर, रामस्वरूप सारण, मानाराम पोटलिया, रामनिवास भैंसली, सांवरमल मेघवाल, काशीराम सारण, रामसिंह, दीपाराम प्रजापत सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मोदी सरकार जनविरोधी नीतियों की फैक्ट्री बन चुकी है: हाकम अली

## मनरेगा बचाओ को लेकर कांग्रेस गांव-गांव में करेगी विरोध प्रदर्शन



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला मुख्यालय स्थित शहर व देहात ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय मंडेलिया हाउस में मनरेगा बचाओ संग्राम को लेकर शनिवार को चूरू जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रेस वार्ता आयोजित की। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव व जिला संगठन प्रभारी विधायक हाकम अली खान ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से मनरेगा में बदलाव करने वाले नये कानून के खतरे को लेकर कहा कि कांग्रेस हर गांव, हर वार्ड और हर गली में उतरकर मनरेगा बचाने की लड़ाई लडेगी। कांग्रेस इसे किसी भी हाल में स्वीकार नहीं करेगी। मोदी सरकार जनविरोधी नीतियों की फैक्ट्री बन चुकी है। पहले रोजगार छीना, अब रोजगार का अधिकार भी खत्म करने पर तुली हुई है। मनरेगा कोई सरकार की दया नहीं, बल्कि संविधान से मिला अधिकार है। इस अधिकार को खत्म करने की हर साजिश का सडक से संसद तक जवाब दिया जाएगा। चूरू जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष व विधायक मनोज मेघवाल ने कहा कि भाजपा की केन्द्र सरकार ने उधोगपतियों के दबाव में इस योजना को खत्म करने का कार्य किया है, जो कि गरीब मजदूरों के हितो पर कुठारघात है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा देश के गरीब मजदूरों के अधिकार और हितों की लड़ाई लड़ती आयी है और आगे भी लड़ती रहेगी। मेघवाल ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से गांधी स्मारक पुरानी कलेक्ट्रेट के आगे एक दिवस का उपवास कर विरोध-प्रदर्शन किया गया और 12 जनवरी से लेकर 29 जनवरी तक मनरेगा को लेकर गांव-गांव, ढ़ाणी-ढ़ाणी और वार्डो में विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस सचिव रियाजत खान, शहर ब्लॉक अध्यक्ष असलम खोखर, देहात ब्लॉक अध्यक्ष किशोर धान्धू, निवर्तमान प्रधान संजय कस्वां, पूर्व सभापति गोविन्द महनसरिया, वरिष्ठ कांग्रेस नेता मोहम्मद हुसैन निर्बाण, रमजान खान, सीताराम खटीक ने भी विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष जमील चौहान, अली मोहम्मद भाटी, असलम खां मोयल, आरिफ रिसालदार, संजय भाटी, सोयल डीके, समीउल्लाह गौरी, तोफिक खान, सद्दाम हुसैन, बाबू मंत्री अजीज दिलावरखानी, विमल शर्मा, शेर खां मलखाण, राजेश खिचड़, सूर्यप्रकाश वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## *किसानों को बड़ी सौगात, 51.21 क्यूसेक सिंचाई जल आवंटन पर किसान आभार सभा*



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** तारानगर विधान सभा क्षेत्र के रातूसर मंडल अंतर्गत सोमसीसर ग्राम में लिफ्ट-4 पर गाजुवास माइनर, सरदारशहर व साहवा वितरिका में सिंचाई जल आवंटन होने के उपलक्ष्य में किसान आभार सभा का आयोजन किया गया। शहर अध्यक्ष अनूप खंडेलवाल ने बताया कि पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ साहब की अभिशंसा पर नहर मंत्री सुरेश सिंह रावत की ओर से तारानगर क्षेत्र के किसानों को 51.21 क्यूसेक सिंचाई जल का आवंटन दिया गया जिसको लेकर किसान भाइयों ने एक सभा कर आभार व्यक्त किया। पूर्व विधानसभा प्रत्याशी व भाजपा नेता राकेश जांगिड़ ने बताया कि जल आवंटन से क्षेत्र की लगभग 9621 हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी जिससे फसल उत्पादन में वृद्धि होगी और किसानों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए चूरू विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार गरीब किसान और 36 कौम की सच्ची हितैषी सरकार है जिसका एकमात्र लक्ष्य जनकल्याण है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा झूठ और भ्रम की राजनीति करती आई है जबकि भाजपा सरकार ने हरियाणा सरकार से समझौता कर यमुना का जल शेखावाटी क्षेत्र तक लाने का ऐतिहासिक और भागीरथी प्रयास किया है जो आने वाले समय में किसानों के लिए वरदान सिद्ध होगा। भाजपा जिला महामंत्री पराक्रमसिंह राठौड़ ने कहा कि यह जल आवंटन वर्षों से लंबित किसानों की मांग थी जिसे भाजपा सरकार ने संवेदनशीलता और संकल्प के साथ पूरा किया है उन्होंने कहा कि पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ का निरंतर प्रयास और किसान हितों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता आज धरातल पर दिखाई दे रही है। भाजपा सरकार ने हमेशा किसान को केंद्र में रखकर नीतियां बनाई हैं और आगे भी हमारी कोशिश जारी रहेगी। तारानगर विधानसभा क्षेत्र में जल, बिजली व सिंचाई की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता महावीर पूनियाँ, पूर्व चेयरमैन जसवंत स्वामी, अजीतसिंह राठौड़ सहित पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## तोदी कॉलेज में राज्य स्तरीय वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** श्री भगवानदास तोदी महाविद्यालय में एनएसएस व रोजगार परामर्श केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में 25वीं राज्य स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों के बौद्धिक, तार्किक व अभिव्यक्ति कौशल का विकास करना रहा। प्राचार्य डॉ. एन. एस. नाथावत ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रदेश के 20 महाविद्यालयों से विभिन्न संकायों के 35 प्रतिभागियों ने भाग लिया। सदन की राय में 'वर्तमान में सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव से युवाओं में संस्कार व नैतिक मूल्यों का पतन हो रहा है विषय पर प्रतिभागियों ने पक्ष विपक्ष में तर्कपूर्ण व प्रभावशाली विचार रखे। निर्णायक मंडल ने विषय-वस्तु, भाषा शैली, प्रस्तुति व आत्मविश्वास के आधार पर मूल्यांकन किया। परिणामों में पक्ष में प्रथम स्थान गिन्नी देवी सत्यनारायण शेखसरिया महिला महाविद्यालय, चिड़ावा की अंबिका शर्मा, द्वितीय स्थान राजकीय महिला महाविद्यालय, सुजानगढ़ की योगिता दूकिया तथा तृतीय स्थान राजकीय महिला महाविद्यालय, लाडनूं की शबनम बानो को मिला। वहीं विपक्ष में प्रथम स्थान मरुधरा शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, बासनी के सुनील कुमार गुर्जर, द्वितीय स्थान शेखावाटी महाविद्यालय, लोसल के दीपेंद्र कुमार व तृतीय स्थान श्री रघुनाथ बालिका महाविद्यालय, लक्ष्मणगढ़ की दीपिका प्रजापत ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्तर के डिबेटर एडवोकेट ओमप्रकाश वर्मा व प्रवीण वर्मा ने निर्णायक की भूमिका निभाई। प्राचार्य ने कहा कि ऐसी गतिविधियां विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास व आत्मविश्वास को मजबूती प्रदान करती हैं। इस अवसर पर संस्था सचिव आशकरण शर्मा, प्रशासक प्रमेंद्र सिंह शेखावत एन एस एस इकाई के द्वितीय प्रभारी घनश्याम वर्मा, रोजगार कार्यालय प्रभारी महेश कुमार अग्रवाल, नरेश कुमार शर्मा सहित महाविद्यालय स्टाफ व बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आनंद शर्मा ने किया। विजेताओं को महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव में सम्मानित किया जाएगा

## राठौड़ ने हमेशा गरीबो को न्याय दिलाने का काम किया: सुथार

### उत्तम सिंह राठौड़ की 13वीं पुण्यतिथि पर सर्वसमाज के लोगों व भाजपा कार्यकर्ताओं ने किए श्रद्धा सुमन अर्पित



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** पूर्व नेताप्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ के निवास पर उनके पिता उत्तम सिंह राठौड़ की 13वीं पुण्यतिथी पर शनिवार को सर्वसमाज के लोगों व भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हे पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान विश्वकर्मा कौशल बोर्ड के चेयरमैन रामगोपाल सुथार, विधायक हरलाल सहारण, जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा, जिला महामंत्री अभिषेक चोटिया, जिला उपाध्यक्ष भास्कर शर्मा, जिला मंत्री सत्तार खान, नेता प्रतिपक्ष विमला गढ़वाल, मण्डल अध्यक्ष सुरेश सारस्वत व धर्मेन्द्र राकसिया ने उन्हें श्रद्धांजली अर्पित की। इस अवसर पर विश्वकर्मा कौशल बोर्ड के चेयरमेन रामगोपाल सुथार ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि उनका जीवन कर्तव्यनिष्ठा, सेवाभावी तथा वे एक कुशल अधिकारी थे, जिनका उदेश्य गरीब को न्याय दिलाना था। इस अवसर पर विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि वे एक संस्कारवान व्यक्ति थे। उनके संस्कारो का ही परिणाम है कि उनके पुत्र राजेन्द्र राठौड़ भी सेवा कार्य करते हुए राजस्थान के कदावर नेता बने हैं। उन्होने ठाकुर उत्तम सिंह की सहजता को याद करते हुए कहा कि उनसे जब भी कोई व्यक्ति मिलता है, वह उनसे प्रभावित होता था, क्योंकि वे एक सरल व सहज व्यक्तित्व के धनी थे। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष सुरेश सारस्वत ने उनके जीवन को प्रेरणादायी बताया। इस अवसर पर कमल सैनी, कैलाश शर्मा, रजत शर्मा, किशन किरोड़ीवाल, आकाश सैनी, हरिश वर्मा, विमल जोशी, जयपालसिंह टकणेत, मुकेश ओझा, दीनदयाल खारड़िया, दौलतराम प्रजापत, नारायण बेनीवाल, रामचन्द्र शर्मा, राजा सहारण, नवीन बेनीवाल, मोहन गढ़वाल सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। विधानसभा संयोजक पदमसिंह राठौड़ ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन मीडिया संयोजक रवि दाधीच ने किया।

## चाइनीज मांझे ने कतरे बाज के पर, कान्हा जीव रक्षक दल ने किया घायल का उपचार



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के अशोक स्तंभ सर्किल के पास चाइनीज मांझे की चपेट में आने से एक बाज पक्षी घायल हो गया। बता दे कि आसपास के क्षेत्र में बाज पक्षी विलुप्त हो चुके हैं। चाइनीज मांझे से बाज के घायल होने की सूचना कान्हा जीव रक्षक दल के सदस्यों को मिली। जिस पर कान्हा जीव रक्षक दल के सदस्य रोहित भोजक, विष्णू भोजक, गिरधारी भोजक और शेरु भोजक ने घायल बाज पक्षी का रेस्क्यू कर उसे चाइनीज मांझे से मुक्त किया। बाज चाइनीज मांझे की चपेट में आने से पूरी तरह से घायल हो चुका था। इसके बाद कान्हा जीव रक्षक दल के सदस्यों ने पशु चिकित्सक की सलाह पर बाज का प्राथमिक तौर पर उपचार किया। विष्णु भोजक ने बताया कि आसमान में पतंग के साथ चाइनीज मांझा पक्षियों की मौत बनकर उड़ रहा है और लगातार इसकी चपेट में आने से पक्षी घायल हो रहे हैं। प्रशासन की ओर से चाइनीज मांझे के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। जिसके चलते अनेक पक्षी प्रतिदिन चाइनीज मांझे की चपेट में आने से घायल हो जाते हैं और उनकी मौत हो जाती है। कान्हा जीव रक्षक दल के सदस्य लगातार जीवों के घायल होने की सूचना पर मौके पर पहुंचते हैं और तुरंत उनके रेस्क्यू कर इलाज करते हैं और उन्हें सुरक्षित स्थान पर पहुंचते हैं।

## भाजपा कार्यालय में पूर्व विधायक महर्षि ने की जनसुनवाई



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने शनिवार को भाजपा कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान आमजन की विभिन्न समस्याओं को सुनकर सम्बंधित विभाग के अधिकारीयों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान महर्षि ने कहा कि जनसेवा करना ही मेरा धर्म है और रतनगढ़ विधानसभा क्षेत्र के समस्याओं को दूर करना मेरी प्राथमिकता है। जनसुनवाई में महर्षि ने बिजली, पानी, सड़क, चिकित्सा जैसे विभिन्न विभागों की समस्याओं के समाधान के लिए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर दर्जनों की संख्या में भाजपा नेता व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## रतनगढ़ में भाजपा चूरू जिला संगठन प्रभारी आचार्य का स्वागत



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** भाजपा चूरू जिला संगठन प्रभारी विजय आचार्य और भाजपा चूरू जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा का रतनगढ़ भाजपा कार्यालय में रतनगढ़ के पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि एवम भाजपा कार्यकर्ताओं ने साफा व पार्टी का दुप्पटा पहनाकर स्वागत व अभिनंदन किया। इस दौरान संगठन प्रभारी आचार्य ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बूथ स्तर पर कार्यकर्ता सक्रिय रूप से पार्टी कार्य को गति प्रदान करे। हर बूथ में पार्टी की आत्मा बसती है बूथ मजबूत होने से ही पार्टी सशक्त बनती है। भाजपा जिलाध्यक्ष शर्मा ने कहा कि संगठन सशक्तिकरण अभियान को विधानसभा के प्रत्येक बूथ तक मजबूती के साथ चलाए और केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रचार प्रसार कर के पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुचाए। कार्यक्रम का संचालन गौरिसर मंडल अध्यक्ष सुशील इंदौरिया ने किया। इस अवसर पर भाजपा नेता अर्जुन सिंह फ्रांसा, जिला उपाध्यक्ष संतोष तालनिया, भागीरथ सिंह राठौड़, दीनदयाल पारीक, हरि प्रसाद दायमा, हिम्मत सिंह मालसी, बाबूलाल प्रजापत, जगजीत सिंह, मंडल अध्यक्ष श्योपाल मेघवाल, चितरंजन सिंह, करणी सिंह, स्वरूप सिंह, संपत नायक, हंसराज नायक, गिरधारी प्रजापत सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## रतनपुरा में पानी को लेकर धरना जारी, किया सद्बुद्धि यज्ञ



जयपुर टाइम्स

**सादुलपुर(निस)।** कस्बे के निकटवर्ती गांव रतनपुरा में पेयजल समस्या को लेकर चल रहा ग्रामीणों का धरना सत्रहवे दिन भी जारी रहा। शनिवार को धरने पर करीब आधा दर्जन गांवों के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। वहीं सद्बुद्धि यज्ञ में एडवोकेट गायत्री पूनिया के साथ महिलाओं व सैकड़ों लोगों ने आहुतियां दी। मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञ सम्पन हुआ। इस दौरान ग्रामीणों ने जलदाय विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर आक्रोश जताया। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही गांव में घर-घर पानी के कनेक्शन नहीं किए गए तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि 16 जनवरी को 34 गांवों की महा पंचायत धरना स्थल पर रखी गई है जिसमें हजारों की संख्या में लोग भाग लेंगे। ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा कि जब तक पानी की स्थायी व्यवस्था नहीं होती, तब तक धरना जारी रहेगा। एडवोकेट गायत्री पूनिया ने कहा कि देश की आजादी इतने साल बाद भी अगर कोई सिर्फ पीने के पानी के लिए धरना देना पड़ रहा है इससे बड़ी दुर्भाग्य की की बात कोई नहीं हो सकती। उन्होंने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए मोबाइल से दूरी बनाने व मैदाने में खेल खेलने की भी प्रेरणा दी इस दौरान धरने में एडवोकेट गायत्री पूनिया, कामरेड जगतसिंह, कामरेड माईराम, एडवोकेट युवा नेता हर्ष लंबा, पंडित रामस्वरूप शर्मा, मोतीलाल भार्गव, ताराचंद स्वामी, मोहनलाल झाड़सर, करण सिंह, ईश्वरस्वामी, मनफुलफौजी, दरिया सिंह, अनिल सहारण, विजय सिंह, हनुमान सिंहमेघवाल, मांगेराम महला, सुमित्रा फगेडिया, विनोद देवी महला, परमेश्वरी देवी, भंवरी देवी मेघवाल, किताबें देवी धिधवाल, मुन्नी देवी, मनकोर बागड़ी, कमला मीणा, ग्रामीण महिला व पुरुषों ने भाग लिया।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ शिविर का समापन




जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** संत नंदलाल बाल विद्या मंदिर स्कूल मलसीसर में आयोजित तीन दिवसीय एनएसएस शिविर का सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ शनिवार को समापन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राजेंद्र सिंह विशिष्ट अतिथि एलएनटी विद्यालय के प्रधानाचार्य ममता व डियो स्काउट प्रदीप कुमार ईशरवाल रहे। संस्था प्रधान स्वेता केडिया ने अतिथियों का स्वागत किया। कोलकाता से पधारे प्रसनजीत कर्मकार में स्काउट मूल्यों को जीवन में उतरने पर बल दिया और ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने स्काउट के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास कर देश व समाज सेवा का आवान किया। कार्यक्रम का संचालन दीपिका व ब्लॉक प्रभारी आशीष गुडेसर ने किया। श्याम अग्रवाल ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर स्काउट मास्टर संजय सैनी, वीरेन्द्र राणा, विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## ललिता चौधरी का कार्यभार ग्रहण करने पर किया सम्मान



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** नानीबाई जैपुरिया राबाउमावि, मण्डावा में शनिवार को व्याख्याता ललिता चौधरी का स्थानान्तरण पुनः यहां होने के उपलक्ष में व्याख्याता भूगोल के पद भर कार्यग्रहण करने पर प्रधानाचार्या उर्मिला कुमारी ने माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर बधाई दी और उज्जवल भविष्य की कामना की है। ज्ञात रहे कि ललिता आरम्भ में जून 2013 में इसी विद्यालय में वरिष्ठ अध्यापक गणित के पद पर नियुक्त हुई थी। पहले मंडावा नानीबाई स्कूल में वरिष्ठ अध्यापक गणित के पद पर थी बाद में पदोन्नति पर भूगोल व्याख्याता के पद पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बाँठोद ( फतेहपुर ) चार वर्ष ग्यारह माह की सेवा के बाद शनिवार को पुनः इसी स्कूल में व्याख्याता भूगोल के पद पर कार्यग्रहण किया है। कार्यक्रम में उप प्राचार्या अरूणा अरड़ावतिया, जाखड़ आरपीसिंह टांई, कमला, सुप्यार कंवर सहित स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## ईडब्ल्यूएस आरक्षण को लेकर इस बजट में निर्णय ले सरकार

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** ईडब्ल्यूएस आरक्षण व उसकी विसंगतियों को लेकर विप्र सेना के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष महेश बसावतिया ने एक बयान में कहा कि दो वर्ष पूर्ण होने पर स्वर्ण समाज के मुद्दे लंबित है और इस समाज की अनदेखी की जा रही है । ईडब्ल्यूएस वर्ग व सामान्य वर्ग में राजपूत, ब्राह्मण, वैश्य, माथुर, कायस्थ, जैन, मुस्लिम और अन्य अनारक्षित वर्ग आता है सरकार को बने हुए दो वर्ष पूर्ण हो चुके है लेकिन उनकी मांगों पर अभी तक ध्यान नहीं दिया गया है। बसावतिया ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार में इस वर्ग के उत्थान और कल्याण के लिए ईडब्ल्यूएस बोर्ड, विप्र



कल्याण बोर्ड, देवस्थान बोर्ड राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास मण्डल, अग्रसेन बोर्ड आदि का संचालन हो रहे थे। लेकिन वर्तमान में उक्त बोर्डो का कोई अता पता नहीं है जिससे इस वर्ग के बच्चों को और पंडित पुजारी व अन्य लोगों को काफी परेशानी हो रही है व स्वर्ण वर्ग में सरकार के प्रति आक्रोश है। उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मांग की है कि उक्त बोर्डों का तुरंत गठन करे।

## श्रीराम कथा में सुनाया सीता हरण का प्रसंग



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** फतेहपुर मार्ग स्थित गोयनका धर्मशाला में चल रही श्रीराम कथा के अंतर्गत कथावाचक अयोध्या के संत धर्मदास महाराज ने प्रवचनों की अमृत वर्षा करते हुए शनिवार को सीता हरण प्रसंग बड़े ही मार्मिक ढंग से श्रोताओं के समक्ष प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि रावण ने अपनी बहन शूर्पणखा की झूठी बातों में आकर माता सीता के हरण की योजना बनाई थी और इस कार्य में अपने सेनापति मारीच को साथ लिया। मारीच इस कुकृत्य में भागीदार नहीं बनना चाहता था, लेकिन उसने सोचा कि जब दोनों ओर से मृत्यु तय है तो वह भगवान राम के हाथों मरना बेहतर समझेगा जिससे उसका लोक और परलोक सुधर जाए। कथावाचक ने कहा कि पंचवटी में एक स्वर्ण मृग को देखकर माता सीता ने राम से उसे पकड़ने का आग्रह किया। यह रावण और मारीच की चाल थी। राम और लक्ष्मण के पंचवटी से दूर जाते ही रावण साधु के वेश में वहां पहुंचा और माता सीता से भिक्षा मांगने के बहाने उन्हें लक्ष्मण रेखा लांघने को मजबूर किया। जैसे ही सीता रेखा से बाहर आईं, रावण अपने असली रूप में आकर उनका अपहरण कर ले गया। राम और लक्ष्मण जब वापस लौटे तो सीता को न पाकर व्याकुल हो उठे। स्थिति को भांपकर वे सीता की खोज में वन की ओर निकले। ऋष्यमूक पर्वत के समीप उनकी भेंट माता शबरी से हुई, जिन्होंने उन्हें सुग्रीव और हनुमान से मिलने की सलाह दी। इसके बाद भगवान राम ने सुग्रीव से मित्रता की, बाली का वध किया और लंका विजय की ओर कदम बढ़ाए।

## एसडीएच सरदारशहर आने वाले मरीजों की राह होगी सुगम, सड़क निर्माण जारी

जयपुर टाइम्स




**सरदारशहर(निस)।** शहर के राजकीय उप जिला अस्पताल के सामने वर्षों से चली आ रही अव्यवस्था और जर्जर हालात अब सुधरेंगे।नगर परिषद की ओर से अस्पताल के सामने व्यापक साफ-सफाई अभियान चलाने के साथ-साथ नई सड़क का निर्माण करवाया जा रहा हैं। नगरपरिषद सभापति राजकरण चौधरी के इस निर्णय से मरीजों, उनके परिजनों और आपातकालीन सेवाओं को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। नगर परिषद सभापति राजकरण चौधरी ने बताया कि उप जिला अस्पताल शहर का प्रमुख स्वास्थ्य केंद्र है। जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। वर्तमान में अस्पताल के सामने सड़क की स्थिति खराब होने के साथ-साथ गंदगी और अव्यवस्थित ठेलों के कारण मरीजों को आने-जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कई बार एम्बुलेंस को भी अस्पताल तक पहुंचने में समय लग जाता है जो आपात स्थिति में बेहद गंभीर समस्या बन जाती है। सभापति चौधरी ने कहा कि इन समस्याओं को देखते हुए नगर परिषद ने अस्पताल के सामने सड़क निर्माण और नियमित साफ-सफाई का ठोस निर्णय लिया है। सड़क निर्माण कार्य शुरू होते ही अस्पताल के आगे के पूरे क्षेत्र को समतल और मजबूत बनाया जाएगा। जिससे पैदल चलने वालों, दोपहिया व चारपहिया वाहनों को सुगम रास्ता मिल सके। इसके साथ ही अस्पताल के सामने सड़क पर लगे ठेलों को भी व्यवस्थित किया जाएगा। सभापति ने स्पष्ट किया कि सड़क पर अतिक्रमण कर लगाए गए ठेलों को अस्पताल से दूर किया जाएगा ताकि सड़क पूरी तरह खुली रहे और एम्बुलेंस व अन्य वाहनों को बिना किसी बाधा के आने-जाने की सुविधा मिल सके। ठेले वालों को भी समझाइश कर वैकल्पिक व तय स्थान पर व्यवस्थित रूप से ठेला लगाने के निर्देश दिए गए हैं। जिससे उनका रोजगार भी प्रभावित न हो और यातायात व्यवस्था भी सुचारू बनी रहे। नगर परिषद अधिकारियों के अनुसार साफ-सफाई के तहत अस्पताल के सामने कचरे को हटाया जाएगा। नालियों की नियमित सफाई की जाएगी और क्षेत्र को स्वच्छ रखा जाएगा। इससे संक्रमण का खतरा भी कम होगा और मरीजों के साथ-साथ आसपास रहने वाले लोगों को भी स्वच्छ वातावरण मिलेगा।

## जन्मदिन पर गोसेवा कर पेश की मिसाल, पंचमुखी गोशाला में गायों को खिलाया गुड़

जयपुर टाइम्स



**सादुलपुर(निस)।** भगत सिंह फोर्स के उपाध्यक्ष हनुमान सेवदा ने अपने जन्मदिन को सादगी और सेवा भाव के साथ मनाते हुए पंचमुखी गोशाला पहुंचकर गायों को गुड़ व गाजर खिलाया और गोसेवा कर समाज को सकारात्मक संदेश दिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जीवन के विशेष अवसरों को दिखावे और फिजूलखर्ची की बजाय सेवा और करुणा के कार्यों से जोड़ना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान अनूप पूनिया ने कहा कि आज के समय में जन्मदिन शादी की सालगिरह और अन्य पारिवारिक आयोजनों पर अनावश्यक खर्च किया जाता है, जबकि उसी धन से बेजुबान पशुओं, जरूरतमंदों और समाज के कमजोर वर्गों की मदद कर सच्ची खुशी और आत्मसंतोष प्राप्त किया जा सकता है। इस दौरान कच्ची बस्ती में बच्चों को केले वितरण किया। ऐसे कार्य समाज में मानवीय संवेदनाओं को मजबूत करते हैं और नई पीढ़ी को भी सेवा का मार्ग दिखाते हैं। गोशाला में मौजूद लोगों ने गायों को गुड़ खिलाकर गोमाता के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट की और गोसंरक्षण के महत्व पर भी चर्चा की। इस अवसर पर समुद्र दादरेवा, धीरेंद्र बाजिया, सुरेश डोकवा, मनोज स्वामी, ललित स्वामी, टोनी बसेरा, रोहित बिजारणिया, अनूप काजला, नवीन बुरडक, आयुष नंदा, अंकित, अक्षय, सोनू, विक्रम, मनीराम, राजू गोस्वामी, प्रकाश बाजिया सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। लोगों ने हनुमान सेवदा को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनकी ओर से किए गए इस सेवा कार्य की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्यों को निरंतर जारी रखने की बात कही।

## अवैध निर्माण कार्य को रोकने की मांग, ईओ को शिकायत

जयपुर टाइम्स

**मंडावा(निस)।** कस्बे के वार्ड 21 में अवैध रूप से हो रहे निर्माण कार्य को रोकने की मांग को लेकर नगर पालिका अधिशासी अधिकारी से शिकायत की गई है। सुनीता देवी पत्नी राजकुमार सोनी वार्ड नंबर 21 सिंहासन होटल के पीछे निवासी ने शिकायत देते हुए बताया की हम दो परिवार रहते हैं जिसमें दूसरा परिवार दुर्गा देवी का है। दोनों परिवार अपने-अपने मकान की मरम्मत शांतिपूर्ण तरीके से करवा रहे थे, किन्तु यह लोग शांतिभंग कर रहे हैं। दुर्गा देवी के परिवार की संख्या अधिक है जिसमें बसंतीलाल, मीरा, दीपक, संपति, टेकचंद, क्रिश इत्यादि शामिल हैं जो मेरे पीछे की भूमि पर बिना किसी शासकीय अनुमति से निर्माण कार्य बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं और मेरे परिवार पर हावी हो रहे हैं तथा लड़ाई झगड़ा व धमकी दे रहे हैं कि तुम्हे जो करना है, कर लो। इस कारण मुझे भय है कि आगे कोई अप्रिय घटना न हो जाए। इसलिए मौका पर जाकर अवैध कार्य को तुरंत रुकवाया जाए।

## बैडमिंटन व वॉलीबॉल प्रतियोगिताः फाइनल मुकाबले में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के केकेसी पीजी महाविद्यालय में आयोजित खेल सप्ताह के अंतर्गत बैडमिंटन एवं वॉलीबॉल के फाइनल मैच का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ के संस्था निदेशक डॉ किशोर सिंह राठौड़ व महाविद्यालय डॉ प्राचार्य प्रदीप चौहान के खिलाड़ियों के परिचय व प्रोत्साहन के साथ किया गया। वॉलीबॉल प्रभारी गोपाल भाकर ने बताया कि वॉलीबॉल फाइनल का मैच नाइट राइडर व बीसीए पैंथर के बीच खेला गया। जिसमें नाइट राइडर ने बीसीए पैंथर को 2-1 से हराया। इसी प्रकार बैडमिंटन प्रभारी देवीलाल ने बताया कि बैडमिंटन फाइनल प्रतियोगिता में बीसीए फाइनल की नंदिनी ने बीसीए फर्स्ट ईयर की दिशा शर्मा को, 15-11, 15-12 व 15-10 से हराया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ प्रदीप चौहान ने बताया खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि खेल के माध्यम से न केवल शारीरिक मानसिक विकास होता है बल्कि अनुशासन और भाईचारा की भावना भी विकसित होती है। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## पौषबड़ा महोत्सव मनाया

जयपुर टाइम्स

**सालासर(निस)।** कस्बे में स्थित रतनगढ़ चौराहे में पौषबड़ा महोत्सव मनाया गया। सालासर आने वाले हजारों श्रद्धालुओं को पकोड़े जलेबी का नाश्ता करवाया। इस दौरान भवरलाल राव, किशन लाल डोटासरा, धर्मपाल चाहर, देवीलाल, सुभाष मिस्त्री, महेंद्र मिस्त्री, सुनील, अनिल सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## छः न्याति ब्राह्मण महासंघ की बैठक में समाजसेवा व संगठन सशक्तिकरण की बनी रूपरेखा

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** शहर में छः न्याति ब्राह्मण महासंघ सरदारशहर की आवश्यक कार्यकारिणी व सामान्य बैठक व प्रेरणादायी आयोजन शनिवार को लोकरंजन परिषद् भवन में किया गया। बैठक में महासंघ के पदाधिकारियों, संरक्षक मंडल व विप्र समाज के लोगों की उपस्थिति में समाजहित से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण निर्णय सर्वसम्मति से लिए गए। बैठक का मुख्य उद्देश्य नववर्ष में संगठन को नई दिशा, नई ऊर्जा व मजबूत आधार प्रदान करना रहा। बैठक में सामाजिक, धार्मिक व संगठनात्मक गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने, सदस्यता अभियान को गति देने, कार्यकारिणी के विस्तार तथा देहात कार्यकारिणी के गठन पर गहन व सार्थक विचार-विमर्श किया गया। वक्ताओं ने एकजुटता पर बल देते हुए कहा कि संगठित विप्र समाज ही सामाजिक उत्थान का सशक्त माध्यम बन सकता है। जनवरी के अंतिम सप्ताह में निःशुल्क चिकित्सा शिविर के आयोजन को लेकर छः न्याति ब्राह्मण महासंघ व लोकरंजन परिषद् सरदारशहर के संयुक्त तत्वावधान में शिविर आयोजित करने को लेकर लिया गया।शिविर में अनुभवी व विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं उपलब्ध करवाकर समाज के जरूरतमंद व कमजोर वर्ग को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाया जाएगा। चिकित्सा शिविर को लेकर दोनों संस्थाओं की संयुक्त बैठक भी आयोजित की गई। जिसमें आयोजन की रूपरेखा व व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया गया। संयुक्त बैठक में लोकरंजन परिषद् के उपाध्यक्ष शोभाकांत स्वामी, उपमंत्री महावीर माली, कोषाध्यक्ष शंकरलाल सिंधी, नितेश जेसनसरीया, ओमप्रकाश सोनी व प्रमोद जोशी उपस्थित रहे। सभी ने समाज सेवा के इस पुनीत कार्य में पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया।

### महासंघ पंचांग का किया विमोचनः

बैठक के दौरान छः न्याति ब्राह्मण महासंघ के वार्षिक पंचांग का विधिवत विमोचन किया गया। इस अवसर पर महासंघ अध्यक्ष शम्भूदयाल पांडिया ने बताया कि समाज को धार्मिक, तिथिगत व सांस्कृतिक जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संस्था के प्रधान कार्यालय से प्रतिवर्ष पंचांग का सुव्यवस्थित सम्पादन किया जाता है जो समाज के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रहा है। बैठक में महासंघ के संरक्षक छगनलाल सेवदा, श्यामलाल गिल, ओमप्रकाश तिवारी, महेंद्र देरासरी, महेश पांडिया, सुरेन्द्र दाधीच, हुलासमल व्यास महामंत्री अभिषेक पारीक, उपाध्यक्ष लाल बहादुर सेवदा सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी व विप्र बंधु उपस्थित रहे। सभी ने संगठन की गतिविधियों की सराहना करते हुए समाजहित में निरंतर सक्रिय रहने का संकल्प व्यक्त किया। बैठक का समापन जय परशुराम, जय विप्र समाज व जय संगठन के उद्घोष के साथ हुआ। उपस्थितजनों ने विश्वास जताया कि छः न्याति ब्राह्मण महासंघ आने वाले समय में समाज सेवा व संगठनात्मक मजबूती का एक सशक्त उदाहरण बनेगा।

## उत्तम सिह राठौड़ की 13 वीं पुण्यतिथि मनाई



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष एडवोकेट अनूप खण्डेलवाल की अध्यक्षता में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ के पिता आरएएस अधिकारी रहे उत्तमसिंह राठौड़ की 13वीं पुण्यतिथि मनाई। कार्यकर्ताओं ने साहवा रोड़ स्थित बालाजी गौ सेवा समिति में गौवंश को गुड़ खिलाया। उत्तमसिह राठौड़ की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया। इस अवसर पर विधानसभा संयोजक अजीतसिंह राठौड़, मोहम्मद तैयब, पार्षद शिवकुमार शर्मा, मोहम्मद सलीम, पूर्व सरपंच लिलाधर बागोरिया, पार्षद अशोक जांगिड़, नरेश झाझडिया, जुल्फीकार हिसारिया, मुकेश महर्षि, सेठी पेंटर, मोहम्मद समीर, मोहम्मद फारूक, सुभाष सहारण सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मंदबुद्धि महिला आश्रम में जरूरतमंदों को भोजन कराया



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के कानी देवी सेवा संस्था में विप्र फाउंडेशन के नगर अध्यक्ष नरेंद्र सिंह राजपुरोहित सवाई बड़ी ने मंद बुद्धि महिला आश्रम में जरूरतमंदों के लिए भोजन की व्यवस्था की। विप्र फाउंडेशन के पदाधिकारी व समाजसेवी मधुसूदन राजपुरोहित ने कहा कि मंद बुद्धि महिला आश्रम में महिलाओं को भोजन कराना यह कार्य बड़ा ही शानदार और अच्छी पहल है। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष मधुसूदन राजपुरोहित, तहसील अध्यक्ष वैद्य महेंद्र शर्मा, नगर अध्यक्ष नरेंद्र सिंह राजपुरोहित, आश्रम अध्यक्ष मोहनलाल धतरवाल, व्यवस्थापक ओमप्रकाश सुथार, कर्मवीर सिंह नरूका, जिला उपाध्यक्ष महेन्द्र देरासरी, देहात अध्यक्ष मांगीलाल सेवदा, तहसील महामंत्री राजकुमार गौड़, नगर महामंत्री राजेंद्र तिवाड़ी साहवा, स्नेहलता , सुनीता, संतोष, हनुमान सिंह, ओमप्रकाश जागरवाल, महेंद्र सिंह चौहान, कर्मवीर सिंह नरूका, पवन सिंह पंवार, अनिल भाट, ओमप्रकाश प्रजापत, लीलाधर जागरवाल, राजेश चौधरी, देवकरण प्रजापत, पंडित अशोक आदि मौजूद रहे।

## भोमियाजी मंदिर पर पौषबड़ा का आयोजन

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहर के बाहर से निकलने वाले मेगाहाईवे पर स्थित भोमियाजी महाराज के मंदिर में मलमास में पोषबड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भोमियाजी मित्र मंडल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में संत नेमीनाथ महाराज, उमानांद गिरी महाराज, कालिदास महाराज का सानिध्य प्राप्त हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में छोटूराम भंवरिया, महेश नाई, रामदेव भंवरिया, बुधाराम नाथ, बाबूलाल, पवन, हनुमान, रामनारायण स्वामी, हीरालाल प्रजापत आदि ने योगदान दिया। कालूराम बाबरिया ने बताया गायों के लिए करीब 251 लापसी तैयार की गई है, जो गायों को खिलाई जाएगी।



### प्रशासन की कार्रवाई महज ओपचारिकता बनी

## लक्ष्मणगढ़ में प्रतिबंधित चाइनीज मांझे की खुलेआम हो रही बिक्री

जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ(निस)।** लक्ष्मणगढ़ शहर में प्रतिबंधित और जानलेवा चाइनीज मांझे की बिक्री धड़ल्ले से जारी है। प्रशासन की ओर से गुरुवार को की गई कार्रवाई में 45 चरखियां चाइनीज मांझे की जब्त की गईं, लेकिन इसका चाइनीज मांझा व्यापारियों पर कोई खास असर दिखाई नहीं दे रहा है। चाइनीज मांझा बेचने वालों के हौसले अब भी बुलंद हैं और शहर के कई इलाकों में यह कारोबार खुलेआम चल रहा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन की कार्रवाई को नाकाफी बताते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं। लोगों का कहना है कि यह कार्रवाई 'ऊंट के मुंह में जीरा' के समान है। लोगों के अनुसार शहर के घंटाघर, न्याम बाजार के आस पास के इलाके सहित अन्य कई इलाकों में प्रशाशन को बड़ी मात्रा में चाइनीज मांझा मिल सकता है, केवल जरूरत है प्रशासन को वहां सख्त कदम उठाने की।चाइनीज मांझा न केवल कानूनन प्रतिबंधित है, बल्कि यह आमजन, पक्षियों और दोपहिया वाहन चालकों के लिए भी बेहद खतरनाक साबित हो रहा है। ऐसे में लोगों ने प्रशासन से सख्त और लगातार कार्रवाई की मांग की है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत भोजरासर पंचायत समिति सरदारशहर**

क्रमांक :- ग्रा.प. / निविदा / 2025-26 / 36-37 दिनांक :- 08.01.26

**ई-निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत में राज्य वित आयोग षष्ठम योजनान्तर्गत स्वीकृत कार्य को पंचायती राज नियम 181 के तहत करवाया जाना प्रस्तावित है । जिस हेतु ई-निविदा आमन्त्रित की जाती है । उक्त निविदा से संबंधित शर्ते एवं निविदा प्रपत्र को वेब साईट http//eproc.rajasthan.gov.in http//sppp.rajsthan.gov.in पर देखी एवं डाउनलॉड कर प्राप्त की जा सकती है।

| NIB No. | UBN No. | निविदा दस्तावेज जमा करवाने एवं निविदा खोलने की तिथि |
|---|---|---|
| PDN2526A0277 | PDN2526WSLB00285 | 15-01-2026 |

प्रशासक
ग्रा.प. भोजरासर
प.स. सरदारशहर

ग्राम विकास अधिकारी
ग्रा.प. भोजरासर
प.स. सरदारशहर

# शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, रविवार
11 जनवरी, 2026


## पौष बड़ा कार्यक्रम का आयोजन



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** तारानगर के मुख्य बाजार में स्थित चारण कॉम्पलेक्स के आगे समाज सेवी भामाशाह अमर सेवी अमर सिंह चारण के सौजन्य से पोष बड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें आने जाने वाले राहगीरों को बड़े खिलाए गए। इस मोके पर गजानंद, अजय मुंडवाल, लक्ष्मी नारायण प्रजापत लालचंद प्रजापत आजाद छिम्पा, मदन चारण, नंदकिशोर, दीपक सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## रतनगढ़ में पौष बड़ा महोत्सव



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** दाधीच सेवा समिति रतनगढ़ की ओर से शनिवार को अशोक स्तम्भ के पास पौष बड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष उदय प्रकाश दाधीच, कोषाध्यक्ष अमरचंद दाधीच, रामचंद्र दाधीच, सीताराम दाधीच, सचिन दाधीच, गंगाधर दाधीच, भागीरथ दाधीच, गोविंद प्रसाद दाधीच, संजय दाधीच, मनीष दाधीच, विकास दाधीच, नारायण प्रसाद दाधीच, लक्ष्मी नारायण दाधीच, चांदमल, प्रफुल्ल कुमार दाधीच सहित दाधीच समाज सदस्यों की ओर से पौष बड़े व गाजर का हलवा प्रसाद के रूप में वितरित किया गया।

## बालाजी मंदिर में पौष बड़ा



जयपुर टाइम्स

**सालासर(निस)।** बालाजी मंदिर के पास हनुमान सेवा समिति, मंदिर कमेटी और पुजारी परिवार की तरफ से शनिवार को पौष बड़ा का आयोजन किया गया। पुजारी परिवार ने श्रद्धालुओं और राहगीरों को पौष बड़ा का प्रसाद खिलाया। नागरमल पुजारी, देवकीनंदन पुजारी, वासुदेव पुजारी, रामधन पूजारी, इंद्रचंद पुजारी, राजू सोनी, प्रकाश भांजा, मदन राव, उतम पुजारी लीलाधर पुजारी, नितिन पुजारी, ने सहयोग किया।

## श्रीराम मंदिर के सामने पौष बड़ा महोत्सव आयोजित



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** स्थानीय श्रीराम मन्दिर के सामने हरिशरण प्रभात फेरी भक्त मंडल की ओर से शनिवार को पौष बड़ा महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक पुरूषोतम पटवारी परिवार की ओर से मल मास व सर्दी के मौसम को देखते हुये पौष बड़ा महोत्सव का आयोजन किया गया। इसके साथ ही जरूरतमंदों को 21 रजाई भी वितरित की गई। इस अवसर पर गोगराज सैनी, भारती माला मारोदिया, नागरमल राव, प्रमोद मड़ावेवाला, घड़सीराम स्वामी, राजेश मड़ावेवाला, श्रीराम शर्मा, योगेश शर्मा, शेखर शर्मा, रामलाल सैनी, विनोद राठी, बाबूलाल सैनी, संजय गौड़, प्रभुराम सैनी, हीरालाल प्रजापत, प्रेम हलवाई सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## राहगीरो को बांटे पकोड़े



जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** कस्बे में एसबीआई बैंक के पास मोहल्लेवासियों ने मलमास में पौष बडा का आयोजन किया। सुबह से शाम से राहगीरों को बडा गुलगुला वितरित किया गया। कार्यक्रम में देवेन्द्र कुमार शर्मा, जगमोहन शर्मा,जयचन्द महावर,पवन बोथरा, पवन नाई, शंकरलाल खण्डोलिया, जयप्रकाश शर्मा, कमल दाधिच, कपिल डिडवानिया,एडवोकेट ललित किशोर शर्मा, एडवोकेट विकास शर्मा, योगेन्द्र शर्मा,धीरजमहावर, सहित लोगों ने सहयोग किया।

# प्रांत स्तरीय 'भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।।** भारत विकास परिषद, राजस्थान (उत्तर पूर्व प्रांत) की ओर से स्कूली छात्र / छात्राओं के मध्य प्रांतीय स्तर की भारत को जानो प्रश्नोत्तरी (क्विज) का आयोजन बियानी गर्ल्स कॉलेज विद्याधर नगर जयपुर में किया गया। इस प्रतियोगिता में राजस्थान उत्तर पूर्व प्रांत की 25 शाखाओं के 25 विद्यालयों से कनिष्ठ व वरिष्ठ वर्ग की 50 टीमों ने भाग लिया। कार्यक्रम का प्रारंभ माँ भारती व स्वामी विवेकानंदजी के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलन व वंदेमातरम् गायन से हुआ। प्रांतीय अध्यक्ष रणवीर त्यागी ने सभी का स्वागत किया। प्रांतीय महासचिव संजीव भार्गव की ओर से भारत को जानो' प्रतियोगिता के विषय में जानकारी दी। मंच का संचालन सुभाष गुप्ता, शाखा अध्यक्ष, विजय नगर जयपुर ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजस्थान हाइकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता आर. के. अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि सामाजिक



कार्यकर्ता सरदार सिंह चौधरी और बियानी कॉलेज के निदेशक संजय बियानी व राजीव बियानी रहे। प्रतियोगिता में पर्यवेक्षक के रूप में भारत विकास परिषद के क्षेत्र संयोजक राजीव शरण सक्सेना रहे। प्रतियोगिता के कनिष्ठ वर्ग में प्रथम स्थान पर राठ इंटरनेशनल स्कूल, बहरोड़ व वरिष्ठ वर्ग में प्रथम स्थान पर डी ए वी स्कूल, बहरोड़ रहा। विजेता टीमों को अतिथियों ने पुरस्कार वितरण कर सम्मानित किया। ये दोनों ही टीमें क्षेत्रीय स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में प्रांत का प्रतिनिधित्व करेंगी।

## मेरे नैनन पिया पधारो, फिल्म घूंघट की शूटिंग

जयपुर टाइम्स

**मंडावा(निस)।** बॉलीवुड अभिनेत्री तापसी पन्नू अपनी फिल्म 'घूंघट' की शूटिंग को लेकर इन दिनो मंडावा में रुकी हुई है। कस्बे के वार्ड 6 स्थित थलिया हवेली में दोपहर बाद फिल्म की शूटिंग शुरू हुई। हवेली के ऊपर छत पर एक आकर्षक सेट तैयार किया गया था जहां पर गाने के दृश्य फिल्माए गए। मेरे नैनन पिया पधारो गाने के बोल पर फिल्म अभिनेत्री तापसी पन्नू, साक्षी दिवाकर, नताशा भारद्वाज को लेकर गाने के सीन फिल्माए गए। डायरेक्टर



अनुपम सिन्हा के निर्देशन में शाम तक अलग-अलग एंगल में गाने के दृश्य शूट किए। अपनी हवेलियों और सांस्कृतिक पहचान के लिए प्रसिद्ध मंडावा में चल रही इस शूटिंग से स्थानीय लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। फिल्म में तापसी एक पुलिस इंस्पेक्टर की भूमिका में नजर आ रही हैं जो शनिवार को एक गाने पर नृत्य करती हुई भी नजर आई। इस फिल्म का निर्देशन अनुभव सिन्हा कर रहे हैं। निर्माताओं के अनुसार, फिल्म को ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज किया जाएगा, जिससे यह देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी दर्शकों तक पहुंचेगी। मंडावा में हो रही इस शूटिंग से शेखावाटी क्षेत्र को एक बार फिर फिल्मी मानचित्र पर नई पहचान मिलने और पर्यटन को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

## जीवनमल नाहटा मेमोरियल ट्रस्ट की अच्छी पहल, 400 कंबल बांटे

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** तहसील क्षेत्र के जीवनमल नाहटा मेमोरियल ट्रस्ट दरियागंज नई दिल्ली की ओर से रेलवे स्टेशन पर स्थित फूसराज जी की कुटिया में मंगलमूर्ति हनुमान मंदिर परिसर में कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत शीत ऋतु से बचाव के उद्देश्य से सप्तऋषि वेद वेदांग ऋषिकुल के बटुकों व अन्य जरूरतमंदों को 400 कंबल वितरित किए गए। कार्यक्रम में विधायक पं. अनिल शर्मा, बंशीधर बोहरा, रामवतार जोशी, हुलासमल व्यास व दुर्गाराम पारीक ने कंबल वितरण किया। साथ ही श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद का आयोजन भी किया गया। ट्रस्ट के प्रतिनिधि पूनमचंद पारीक ने बताया कि जीवनमल नाहटा मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट नई दिल्ली की ओर से प्रतिवर्ष जरूरतमंदों की सहायता के उद्देश्य से ऐसे सेवा कार्य किए जाते हैं। कंबल वितरण से पूर्व प्रातः 9 बजे मंदिर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। हनुमान जी महाराज से क्षेत्र में सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना की गई। इस अवसर पर उमरदीन सैयद, कल्याणसिंह मेलूसर, देवकरण जोशी, प्रहलादराय पाण्डिया, फारूक व्यापारी, मनफूल फौजी, तेजपाल मास्टर, सुरेश तिवाड़ी, रामप्रसाद बोहरा, श्रीनिवास पुरोहित, जयदेवसिंह, चम्पालाल सोनी, सत्यनारायण जागिड़, मांगीलाल जोशी, मांगीलाल तिवाड़ी, भंवरलाल तिवाड़ी, भंवरलाल आसपालसर, राजेश जोशी पुजारी, ओमप्रकाश गोगासर, संजय दीक्षित, राजेन्द्र मोदी, महावीर माली, शोभाकान्त स्वामी, शम्भूदयाल पाण्डिया, रावत जांगिड़, मनोज माली, अब्दुल सतार, मुकेश राजपुरोहित, कमल आसोपा, गजेन्द्र तिवाड़ी, तरुण तिवाड़ी, नाहर सिंह, प्रदीप पांडिया नैयासर, नबाब ठेकेदार, शेर मोहम्मद, सत्यनारायण पुरोहित, प्रदीप पुरोहित सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। संचालन पार्षद राजेश पारीक ने किया।

## जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं प्रभारी मंत्री ने डीडवाना-कुचामन जिले के ग्राम पंचायत जसराना में रात्रि चौपाल लगाकर सुनी ग्रामीणों की समस्याएं,



जयपुर टाइम्स

**जयपुर (कास)।**जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं जिला प्रभारी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने शनिवार को डीडवाना-कुचामन जिले के कुचामन तहसील मुख्यालय के ग्राम पंचायत जसराना में रात्रि चौपाल में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और सम्बंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए । रात्रि चौपाल में ग्रामीणों द्वारा प्रभारी मंत्री के समक्ष ग्राम पंचायत एवं ढाणियों में पेयजल आपूर्ति, विद्युत कनेक्शन,सड़क निर्माण, रास्ते पर अतिक्रमण, सामाजिक सुरक्षा पेंशन,राजकीय विद्यालय के लिए भूमि सहित अन्य परिवाद प्रस्तुत किये। जिनकी सुनवाई कर प्रभारी मंत्री चौधरी ने अधिकारियों को समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने दिव्यांगजनों को व्हील चेयर सहित अन्य सहायक उपकरण, सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लाभार्थियों को पीपीओ प्रमाण पत्र, स्वामित्व योजना के लाभार्थियों को पट्टे एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को स्वीकृति सहित अन्य लाभ प्रदान किये। इस दौरान प्रभारी मंत्री चौधरी ने ग्रामीणों से संवाद कर राज्य सरकार की दो वर्ष की उपलब्धियों एवं वीबी- जी रामजी के बारे जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जनहित से सम्बंधित समस्याओं का त्वरित समाधान राज्य सरकार की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने ग्रामीणों से सभी पात्रों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर उनका लाभ दिलवाने की अपील की।

## कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत विराटनगर, बालोतरा व सिवाना के दौरे पर रहेंगे

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** राजस्थान सरकार के पशुपालन, गोपालन, डेयरी व देवस्थान विभाग व प्रभारी मंत्री जोराराम कुमावत का 11 व 12 जनवरी को प्रस्तावित यात्रा कार्यक्रम जारी किया गया है। इस दौरान वे जयपुर, विराटनगर, बालोतरा व सिवाना विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। कार्यक्रम अनुसार सोमवार को प्रभारी मंत्री प्रातः 9 बजे जयपुर से विराटनगर के लिए प्रस्थान करेंगे। प्रातः 10.30 बजे वे विराटनगर में प्रजापति जायती सेवा समिति की ओर से आयोजित पारितोषिक वितरण व करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। इसके पश्चात दोपहर 12.15 बजे विराटनगर से जयपुर के लिए रवाना होंगे। दोपहर 2.00 बजे जयपुर पहुंचने के बाद उनका रात्रि विश्राम जयपुर में रहेगा। 12 जनवरी को प्रातः 11 बजे मंत्री जयपुर से बालोतरा के लिए प्रस्थान करेंगे। शाम 5 बजे वे बालोतरा स्थित पंचायत समिति सभागार में जनप्रतिनिधियों, महिलाओं, युवाओं व लाभार्थियों के साथ बजट पूर्व सुझाव बैठक में भाग लेंगे। इसके पश्चात शाम 6.30 बजे बालोतरा से ग्राम देवड़ा (सिवाना) के लिए प्रस्थान कर 7 बजे सिवाना विधानसभा क्षेत्र की देवड़ा ग्राम पंचायत में आयोजित रात्रि चौपाल में भाग लेंगे। रात्रि 8.00 बजे देवड़ा से सुमेरपुर के लिए प्रस्थान कर 10 बजे सुमेरपुर पहुंचेंगे, जहां उनका रात्रि विश्राम रहेगा।

## प्रतिभा सम्मान समारोह आज, मेधावी विद्यार्थियों का होगा सम्मान

जयपुर टाइम्स

**विराटनगर(निस)।** प्रजापति जागृति सेवा समिति विराटनगर के तत्वावधान में 11 जनवरी को विराट टैलेंट सर्च एग्जाम-2025 के मेधावी विद्यार्थियों का प्रतिभा सम्मान समारोह, भामाशाह सम्मान व कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। आयोजन जयपुर-अलवर रोड स्थित एक निजी गार्डन में संपन्न होगा। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे, जबकि अध्यक्षता लालाराम प्रजापति करेंगे। समिति अध्यक्ष हजारीलाल प्रजापत ने बताया कि टैलेंट सर्च परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार, प्रशस्ति पत्र व सार्वजनिक सम्मान प्रदान किया जाएगा। साथ ही समाज के उन भामाशाहों को सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने शिक्षा एवं सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों की ओर से विद्यार्थियों को कैरियर चयन एवं भविष्य निर्माण को लेकर मार्गदर्शन भी दिया जाएगा। आयोजन को लेकर समाजबंधुओं, शिक्षाविदों, अभिभावकों व विद्यार्थियों में विशेष उत्साह है।

## ट्रैन की चपेट में आने से युवक की मौत

जयपुर टाइम्स



**नवलगढ़(निस)।** कस्बे के बलवंतपुरा रेलवे स्टेशन के पास में शनिवार को रेल के इंजन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। प्रत्यक्ष दर्शी के अनुसार एक युवक रेलवे प्लेटफार्म पर घूम रहा था। फिर अचानक व रेल के इंजन के सामने आ गई। मृतक की शिनाख्त रोहिताश मीणा पुत्र विश्वनाथ निवासी नवलड़ी के रूप में हुई। घटना पर जीआरपी व नवलगढ़ पुलिस मौके पर पहुची। घटना के बार मे जानकारी ली। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों का सौंप दिया।

## डूंगरास अगुणा में लाइब्रेरी का उद्घाटन



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ(नि.सं.)।** शहर के निकटवर्ती ग्राम डूंगरास अगुणा में बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर भवन में नवनिर्मित लाइब्रेरी के उद्घाटन सुजानगढ़ विधायक मनोज मेघवाल, रतनगढ़ विधायक पूसाराम गोदारा ने किया। अम्बेडकर युवा मंच डूंगरास अगुणा की ओर से आयोजित कार्यक्रम में विधायक मनोज मेघवाल ने कहा कि बाबा साहेब ने जिस प्रकार से वंचितों को समाज में उनका हक दिलाने के लिए का काम किया, उसी प्रकार इस लाइब्रेरी के निर्माण से समाज में बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। वहीं रतनगढ़ विधायक पूसाराम गोदारा ने कहा कि बाबा साहेब के जीवन सिद्धांतों और उनके संघर्ष से देश के प्रत्येक नागरिक को प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में चुन्नीलाल खिलेरी, सुरेश मोडसरा, हेतराम खिलेरी, एडवोकेट रामकुमार मेघवाल, अजित मण्डार, नारायण खिलेरी सहित अनेक ग्रामवासी मौजूद रहे।

## हादसों को न्यौता देते बिजली के पोल



जयपुर टाइम्स

**माचेड़ा (जयपुर)।** माचेड़ा क्षेत्र स्थित बृजपाल स्कूल के सामने 80 फीट रोड पर लगे बिजली के पोल किसी बड़े हादसे को खुला न्योता दे रहे हैं। सड़क के बिल्कुल बीच में और मोड़ पर खड़े ये पोल राहगीरों व वाहन चालकों के लिए लगातार खतरा बने हुए हैं। उल्लेखनीय है कि विगत दिनों लोहा मंडी क्षेत्र में एक भीषण सड़क दुर्घटना में कई लोगों की जान जा चुकी है, इसके बावजूद प्रशासन ने अब तक कोई सबक नहीं लिया है। स्थानीय लोगों ने कई बार संबंधित विभागीय अधिकारियों को इन बिजली के पोलों को सड़क के बीच से हटाकर सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट करने की मांग की, लेकिन अधिकारियों ने इस गंभीर समस्या पर आंखें मूंद रखी हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते इन पोलों को नहीं हटाया गया तो यहां भी किसी बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता। लोगों ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई कर संभावित हादसे को रोकने की मांग की है।

## मोहब्बतपुरा से कौशल्या दास की बावड़ी तक सड़क के लिए कार्यादेश जारी



जयपुर टाइम्स

**सांगानेर(निस)।** विधायक रामावतार बैरवा की अनुशंसा व समाजसेवी जितेन्द्र शर्मा की मेहनत से ग्राम पंचायत मोहब्बतपुरा के मोहब्बतपुरा से कौशल्या दास की बावड़ी तक सड़क के लिए जयपुर विकास प्राधिकरण से कार्यादेश जारी हुआ है। इस सड़क के लिए नवंबर महीने में 177.77 लाख रूपये का निविदा जारी हुई थी जिसका कार्यादेश जारी हुआ।कार्यादेश जारी होने से मोहब्बतपुरा पंचायत क्षेत्र में खुशी की लहर छा गई। समाजसेवी जितेन्द्र शर्मा ने बताया कि सड़क बनने से सफर आसान होगा और इस सड़क को स्वीकृत करके कार्यादेश जारी करने के लिए जेडीए के सभी अधिकारियों को धन्यवाद दिया। जेडीए जोन 14 के कनिष्ठ अभियंता जगदीश शर्मा ने बताया कि इसी महीने सड़क का कार्य शुरू हो जाएगा।